CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 09°C

लखनऊ, शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 44 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई पेज 2




भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 2024 में 260 सैंपल पॉजिटिव खेल टाइम्स



दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है सम्पादकीय



भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत पेज 12

# भारी हंगामे के बीच वीबी जी-राम जी विधेयक पारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी -जी राम-जी (विकसित भारत जी राम जी) विधेयक 2025 पारित किया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का स्थान लेने वाले वीबी जी-राम जी विधेयक पर बुधवार मध्यरात्रि तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक के माध्यम से महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम कर बापू के आदर्शों को जिंदा रखने का काम किया गया है। यह गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श ग्राम की स्थापना करेगा, जिसमें लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उनकी पहुंच में होगी।



**लोकसभा में विपक्ष ने कागज फाड़े, शिवराज बोले-चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम**

**निजी क्षेत्र के लिए खुले परमाणु ऊर्जा के दरवाजे, दोनों सदनों में पारित हुआ परमाणु ऊर्जा विधेयक**

उन्होंने कहा कि हम किसी से भेदभाव नहीं करते हैं। बापू हमारी प्रेरणा और श्रद्धा हैं। पूरा देश हमारे लिए एक है। हमारे विचार संकीर्ण और संकुचित नहीं है। कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि असल मायने में मनरेगा के फंड का दुरुपयोग किया गया है। दूसरी तरफ हमारी सरकार -**शेष पृष्ठ दो पर**

## मनरेगा खत्म करने की साजिश है वीबी जी रामजी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (संशोधन) विधेयक 2025' गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है, जिसका सख्त विरोध किया जाएगा।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा में 'वीबी-जी- राम-जी (संशोधन) विधेयक 2025 के पारित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि यह बिल गरीबों के खिलाफ है। वह और

**खड़गे-प्रियंका ने कहा: बिल गरीबों के खिलाफ कांग्रेस विधेयक का करेगी विरोध**

उनकी पार्टी इस विधेयक का विरोध करेगी। इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा। जैसे ही इसका बोझ राज्यों पर पड़ेगा, यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने वाले इस विधेयक का उनका गठबंधन पूरी तरह से विरोध करेगा।

## पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में भवाली-अल्मोड़ा मोटर मार्ग में वीरवार को पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में तीन पर्यटकों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**छह लोग घायल बरेली से कैंची धाम जा रहे थे पर्यटक**

गुरुवार को करीब सुबह 9.30 बजे वाहन स्कॉर्पियो नंबर यूपी 25 डीजेड-4653 से बच्चे व चालक समेत कुल 9 पर्यटक इज्जतनगर बरेली से कैंची धाम को आ रहे थे कि भवाली पेट्रोल पंप से अल्मोड़ा मोटर मार्ग की ओर करीब 500 मीटर की दूरी पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मय एसडीआरएफ तथा फायर सर्विस मौके पर पहुंची बाद में प्राथमिक उपचार के लिए सभी को हायर सैंटर रेफर किया गया। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें गंगा देवी (55) पत्नी भूप राम, बृजेश कुमारी पत्नी राहुल पटेल (26) निवासी ग्राम चावण पोस्ट मुडिया थाना इज्जतनगर बरेली तथा नैंसी गंगवार (24) पुत्री जयपाल सिंह गंगवार निवासी पीलीभीत बरेली की मौत हो गई, जबकि ऋषि पटेल उर्फ -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में घना जहरीला स्मॉग, एक्यूआई 'बहुत खराब' से गंभीर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को ज्यादातर हिस्सों में जहरीले स्मॉग की घनी परते छाई रहने से दृश्यता तेजी से कम हो गई और लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडिया गेट, एम्स, अक्षरधाम, आईटीओ और बारापुला फ्लाईओवर जैसी खास जगहों से मिले दृश्यों में शहर भर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से दृश्यता बहुत कम हो गई। दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब से लेकर गंभीर तक बना रहा।

### दिल्ली में सख्ती, जगह-जगह गाड़ियों की चेकिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत कई सख्त नियम लगाए गए है। दिल्ली में गुरुवार से सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है।

### अभद्र टिप्पणी मामले में आजम दोष मुक्त

**रामपुर।** रामपुर जिले की एक अदालत ने पूर्व मंत्री मंत्री आजम खां को प्रशासनिक अधिकारियों से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दोष मुक्त करार दिया है। मामले में अभियोजन साक्ष्य साबित नहीं कर सका। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के मुकदमों की सुनवाई तेजी से चल रही है। ज्यादातर मुकदमे फैसले के करीब आ गए हैं। गुरुवार को फिर एक अन्य मुकदमे में फैसला आया।

### प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का निधन

**नोएडा।** प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी। श्री राम सुतार ने देर रात अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका गुरुवार दोपहर को नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। श्री सुतार के पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी।

# आवारा कुत्ते मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा। अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने कहा कि अधिकारी दिसम्बर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे। सिब्बल ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ किया जा रहा है वह बेहद अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने सिब्बल से कहा कि अगली तारीख को हम आपके हित में एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है। सिब्बल ने जवाब दिया कि वे यह दिखाने के लिए एक वीडियो भी चलाएंगे कि क्या हो रहा था। सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि आपके माननीय न्यायाधीश ने एक आदेश पारित किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि वैधानिक नियम हैं। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 7 जनवरी को विचार करेगी। बता दें कि 7 नवम्बर को, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद आवारा कुत्तों को तुरंत निर्दिष्ट आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने यह भी कहा था कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। पीठ ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा जानवरों को हटाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि खेल परिसरों सहित संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि इन परिसरों को रोके जा सकने वाले खतरों से सुरक्षित करने में प्रणालीगत विफलता को भी दर्शाती है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए दायर मामले में कई निर्देश जारी किए थे।

**कहा: अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा, मानवता आखिर है क्या**



### रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसला सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों।

# घने कोहरे से उत्तर, पूर्वी भारत में उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली, चंडीगढ़, पटना और उत्तर व पूर्वी भारत के अन्य हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन प्रभावित होने के बीच कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया है।

एयर इंडिया ने चेताया है कि अगले कुछ दिनों में घना कोहरा दिल्ली और कई अन्य हवाई अड्डों पर परिचालन सेवा को प्रभावित कर सकता है, जिसका संभावित प्रभाव इसके पूरे नेटवर्क पर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि आपकी यात्रा की बेहतर योजना में मदद करने के लिए, विशेष रूप से त्यौहारों के सीजन दौरान, हमारा अनुरोध है कि आप एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें। आपकी सुविधा के लिए एयर इंडिया ने कोहरे से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं। हालांकि, यदि घने कोहरे के कारण अचानक उड़ानें रद्द होती हैं या अधिक देरी होती है, तो हमारे ग्राउंड स्टाफ के सहयोगी आपकी सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और वैकल्पिक व्यवस्थाएं करेंगे। एयरलाइन के 'फॉगकेयर' पहल के तहत, प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले



**एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें :एयरलाइंस**

से सूचना मिलेगी और वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान बदल सकते हैं या फिर बिना किसी जुर्माने के पूरा किराया मांग सकते हैं। इंडिगो ने कहा कि उत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे का पूर्वानुमान जताया गया है, जिससे दृश्यता कम हो सकती है और शुरुआती घंटों के दौरान उड़ान परिचालन की गति धीमी हो सकती है। सुरक्षा के मद्देनजर, कुछ उड़ानों में देरी भी हो सकती है या बदलाव हो सकते हैं।

### यूपी में 30 जिलों में घना कोहरा, कई फ्लाइट्स, ट्रेनें लेट, हेमकुंड में माइनस 20 डिग्री सेल्सियस पारा

**नई दिल्ली।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फतेहपुर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और नागौर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री तापमान रहा। फतेहपुर में 3.8, लूणकरणसर में 4.3, डूंगरपुर में 4.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में गुरुवार सुबह कोहरे की मोटी परत छाई रही। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या सहित कई जिलों में विजिबिलिटी जीरो या अधिकतम 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने कुछ भी नहीं दिख रहा था। यूपी में घने कोहरे के कारण बुधवार को 7 फ्लाइट्स लेट हुईं। एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अन्य को डायवर्ट करना पड़ा। कई ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। राज्य में बीते 4 दिनों में 150 से ज्यादा सड़क हादसों में 150 वाहनों की टक्कर हुई।

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में 9वीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले महीने दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले के आसपास हुए बम धमाके के सिलसिले में एक और प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार किया गया नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) के शोपियां का निवासी है। बता दें कि इस धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई थी। कई अन्य घायल हो गए थे। एनआई की ओर से जारी बयान के मुताबित, आरोपी को मामला संख्या आरसी -21/2025/ एनआईए/डीएलआई के तहत शहरी अतिक्रमण अधिनियम 1967 और बीएनएस 2023 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। एनआईए की जांच से पता चला है कि 10 नवम्बर को राजधानी में हुए कार बम धमाके की साजिश में यासिर की सक्रिय भूमिका थी।




**प्रयागराज : कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत एमजीएनआरईजीए का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन किया।**

# हर प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार है वायुसेना: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द

**रक्षा मंत्री ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण बताया**

**अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताया**



स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्म्ड फोर्सेज ने भारत की हाई-इम्पैक्ट, कम समय की ऑपरेशनल क्षमता दिखाई। वायुसेना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह कि टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, ऑपरेशन में फुर्तीली, स्ट्रेटेजिक रूप से कॉन्फिडेंट और भविष्य को ध्यान में रखने वाली फोर्स है, जो लगातार बदलती ग्लोबल व्यवस्था के बीच देश के हितों की रक्षा कर रही है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी कैंपों को नष्ट करने और 'स्ट्राइक' के बाद पाकिस्तान की गैर-जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया को असरदार तरीके से संभालने की हिम्मत, तेजी और सटीकता के लिए वायुसेना की तारीफ की। वायु रक्षा प्रणाली क्षमता में लोगों के भरोसे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आमतौर पर, जब दुश्मन हमला करता है, तो लोग छिप जाते हैं, लेकिन जब पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तो भारत के लोग शांत रहे और अपने रोजाना के काम करते रहे।

## तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति-पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम (एचएमए), 1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, पति-पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक गलत रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा। यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए एक रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समयसीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा: पति-पत्नी को अनचाहे रिश्ते में उलझाए रखना गलत**

**संक्षिप्त समाचार**

### ईओडब्ल्यू ने फर्जी नौकरी मामले में दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आर्थिक अपराध शाखा ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 2024 में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित आरोपपत्र न्यायिक फैसले के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बडगाम की अदालत में पेश किया गया। यह मामला एक लिखित शिकायत से शुरू हुआ, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के जरिहामा की रहने वाली इशरत बानो ने शिकायतकर्ता को यह कहकर कि उसका पति सरकारी उसे नौकरी दिला देगा, 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता ने यह पैसे एक बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए। हालांकि उसे न तो कोई नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए। ईओडब्ल्यू ने शिकायत मिलने पर विस्तृत जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि रकम आरोपी गुलजार अहमद वानी उर्फ शाहिद, जरिहामा/ लिडरवान, कुपवाड़ा निवासी के बैंक खाते में जमा की गई थी।

### धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि खेल्लानी के सरसी गांव में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि डोडा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

## कश्मीर में 20 दिसम्बर से बर्फबारी का अनुमान

श्रीनगर, वार्ता

कश्मीर में मौसम विभाग ने लंबे समय से चल रहा शुष्क मौसम 20 दिसम्बर से समाप्त होने का अनुमान लगाया है। श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को जम्मू- कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का 20-21 दिसम्बर को हिमपात का अनुमान कश्मीर घाटी में सर्दियों के सबसे भीषण दौर चिल्लई कलां की शुरुआत के साथ मेल खाता है। कश्मीर में नवम्बर की शुरुआत से ही लंबे समय से शुष्क मौसम है।

मौसम विभाग ने कहा कि 20-21 दिसम्बर को सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है, कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी और जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और उत्तरी एवं मध्य कश्मीर के कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। हालांकि 20 दिसम्बर की देर रात से पश्चिमी विक्षोभ के ज्यादा सक्रिय होने का अनुमान है।

■ कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी

बारिश की तीव्रता 20 दिसम्बर की देर रात से 21 दिसम्बर के दोपहर तक चरम पर रहने की उम्मीद है। 22 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहने और छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान है, जबकि 23 से 29 दिसम्बर तक आंशिक रूप से या सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। जबकि ऊंचे इलाकों में 30 और 31 दिसम्बर को हल्की बर्फबारी होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुपवाड़ा, बांदीपाेरा और गांदरबल जिलों के कुछ ऊंचे इलाकों में, विशेष रूप से 21 दिसम्बर को, मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है। यात्रियों एवं चालकों को सलाह दी गई है कि वे मौसम अपडेट पर नजर रखें और अपनी यात्रा की योजना उसी अनुसार बनाएं तथा यातायात एवं प्रशासनिक निर्देशों का सख्ती से पालन करें। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही होने से और बर्फबारी होने से घाटी में लंबे समय से चल रहे शुष्क मौसम की स्थिति से राहत मिलने की उम्मीद है।

## वंदे मातरम पर चर्चा कर मुद्दों से भाग रही सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास



■ कहा: भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया

जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है। उन्होंने कहा कि खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी। धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है। कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। बड़े-बड़े अपराधी घूम रहे हैं। कोडीन भैया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पर्यावरण को लेकर काफी चिंता है। दिल्ली का एक्यूआई क्या है। जब सब लोग सवाल उठा रहे हैं, तो बोल रहे हैं सरकारी एप पर देखिए। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर विधायको के साथ बैठक की गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के कारण भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच रद्द करना पड़ा, लेकिन सरकार के लोग दावा कर रहे हैं कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) ठीक था। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार यह एक्यूआई के आंकड़े कहां से ला रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्वतंत्र एजेंसियों के आंकड़ों को नकार कर प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर चर्चा से बचना चाहती है।

### फॉग नहीं बल्कि स्मांग की वजह से रद्द हुआ भारत दक्षिण अफ्रीका मैच: अखिलेश

**लखनऊ।** लखनऊ में भारत दक्षिण अफ्रीका टी20 मैच रद्द होने का परोक्ष रुप से भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि क्रिकेट मैच न हो पाने की वजह कोहरा नहीं बल्कि प्रदूषण था, क्योंकि भाजपा सरकार ने शुद्ध हवा के लिए बनाए गए पार्कों को बरबाद कर दिया है। यादव ने बुधवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में आयोजित होनेवाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है।

#### खेती के साथ खिलवाड़ अब 'सामान्य अपराध' नहीं

## उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई करते हुए साफ संदेश दिया है कि खेती और किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद माफिया के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है।

योगी सरकार का मानना है कि उर्वरकों की कालाबाजारी केवल आपूर्ति या प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा, किसान की आजीविका और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर अपराध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग किसानों को संकट में डालकर मुनाफाखोरी



■ किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मुख्यमंत्री

कर रहे हैं, वे केवल कानून नहीं तोड़ रहे, बल्कि देश और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को 'सामान्य अपराधी' मानकर नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ी, तो उनके खिलाफ एनएसए जैसी कठोर धाराएं लगाई जाएंगी, ताकि वे लंबे समय तक समाज के लिए खतरा न बन सकें। योगी सरकार ने खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और ओवररेटिंग की शिकायतों पर त्वरित एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अब केवल नोटिस या चेतावनी देकर मामले को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाएगा। जिला प्रशासन को अधिकार दिया गया है कि वह मौके पर ही सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़े, यह सरकार के लिए स्वीकार्य नहीं है।

अगर कहीं भी कालाबाजारी की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे हस्तक्षेप करेंगे और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। योगी सरकार ने खाद की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरप्राइज इंस्पेक्शन का तंत्र मजबूत किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अफसर भी जवाबदेह होंगे। औचक निरीक्षण के दौरान स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, दर सूची और वितरण प्रक्रिया की गहन जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या आंख मूंदने की शिकायत सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई तय है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में डेली स्टॉक रिपोर्टिंग सिस्टम लागू किया है। इसके तहत हर खाद दुकान और गोदाम को रोजाना उपलब्ध स्टॉक, बिक्री और शेष मात्रा की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि किसी भी जिले या ब्लॉक में संभावित कमी का पहले ही आकलन किया जा सकेगा। ऐसे में तकनीक का इस्तेमाल कर खाद माफिया की हर चाल पर नजर रखी जा रही है और समय रहते कार्रवाई की जा रही है।

### सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा भातखंडे विश्वविद्यालय: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्तिथ भातखंडे विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भातखंडे विश्वविद्यालय सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र रहा है और आने वाले समय में भी देश की सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में मंगलवार को शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सदन में चर्चा करा सकती है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बैठक में मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधानभवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है।

इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। इससे पहले शीतकालीन सत्र की रूपरेखा तय करने के लिए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी बुलाई गई। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया जाएगा। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से शुरू होकर 24 दिसम्बर तक चलेगा। ,

सत्र की अवधि को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने जाते समय समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सरकार जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसी वजह से शीतकालीन सत्र को इतना छोटा रखा गया है। उन्होंने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से जुड़े सवालों पर विस्तार से चर्चा जरूरी है।



**सेंसेक्स** 85213.36
**निफ्टी** 26027.30



**सोना रु.** 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 192222
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 78 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक (0.09 प्रतिशत) टूटकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत उतरकर 25,815.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। बाजार में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह गिरावट में खुलने का बाद सेंसेक्स नीचे 84,238.43 अंक और ऊपर 84,780.19 अंक तक गया। बुधवार को यह 84,559.65 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और



स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मीडिया, ऑटो, रसायन, तेल एवं गैस और फार्मा समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही, जबकि आईटी, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक चढ़ गए। सेंसेक्स की कंपनियों में सनफार्मा का शेयर पौने तीन फीसदी के करीब टूट गया। टाटा स्टील और पावरग्रिड में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टीसीएस का शेयर लगभग दो प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा और इंफोसिस में भी डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर हरे निशान में रहे।

## बुरा समय बीच चुका है: इंडिगो सीईओ

**नई दिल्ली।** इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को कहा कि बुरा समय बीत चुका है और 19 साल पुरानी विमान सेवा कंपनी को सिर्फ संकट के 'तीन दिन' के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

एल्बर्स ने कर्मचारियों के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कठिन समय में साथ देने के लिए कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बुरा समय अब पीछे छूट चुका है। कंपनी आज 2,200 उड़ानों का परिचालन कर रही है। यह टीमवर्क का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अब एयरलाइंस तीन बातों पर फोकस कर रही है- खुद को मजबूत बनाना, मूल कारणों का विश्लेषण और पुनर्गठन। कंपनी ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में पैदा संकट की जांच के लिए विदेशी विशेषज्ञ की नियुक्ति की है। साथ ही वह खुद भी विभिन्न स्थानों का दौरा कर कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। वीडियो संदेश में एल्बर्स ने बताया है कि मूल कारणों की विश्लेषण और कर्मचारियों के इनपुट से इंडिगो पहले से कहीं मजबूत और बेहतरीन बनकर उभरेगी। हमने मिलकर 19 साल में जो बनाया है उसे सिर्फ तीन दिन (03-05 दिसम्बर) के आधाार पर नहीं आंका जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 3 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक और उसके बाद भी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कीं। सबसे बुरा हाल 05 दिसम्बर को रहा, जब 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। उसने इसके लिए पायलटों की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित नए नियमों और उसके अनुसार रोस्टरिग में कंपनी विफलता को मुख्य कारण बताया था।

## भारत में यूपीआई से लेन-देन में 33.5 प्रतिशत की वृद्धि: वर्ल्डलाइन इंडिया

कोलकाता, वार्ता

भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हो रहा है। इस बात का खुलासा वर्ल्डलाइन इंडिया ने किया है। वर्ल्डलाइन इंडिया ने गुरुवार को डेटा से भरपूर एक संक्षिप्त विवरण जारी किया, जिसमें 2025 की तीसरी तिमाही में देश के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास को दर्शाया गया।

इसमें यूपीआई के जरिए लेन-देन की संख्या सालाना 33.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59.33 अरब हो गई है। यह विवरण वर्ल्डलाइन की प्रमुख इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट का ही एक विस्तार है, जो इस तिमाही में पेमेंट कर्ताओं के बारे में समय पर जानकारी देता है। इस एनालिसिस में यूपीआई के लगातार दबदबे, क्यूआर आधारित व्यापार स्वीकृति में तेजी से बढ़ोतरी, कार्ड जारी करने में लगातार ग्रोथ और मेट्रो शहरों तथा उभरते भारत दोनों में डिजिटल अपनाने में गहराई को उजागर किया गया। क्यू3 2025 ने दुनिया की सबसे डायनामिक रियल टाइम पेमेंट अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत किया और कहा कि यहां हर स्कैन, टैप और क्लिक उपभोक्ताओं और कारोबारियों के व्यवहार को बदल रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूपीआई ने रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला जारी रखा, लेन-देन सालाना आधार पर 33.5 प्रतिशत बढ़कर 59.33 अरब हो गया और लेन-देन का मूल्य सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 74.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है। व्यक्ति से कारोबारी (पी2एम) लेन.देन व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) से आगे रहे, जो रोजमर्रा के खुदरा लेन-देन में यूपीआई के दबदबे को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार पी2एम लेन-देन 35 प्रतिशत बढ़कर 37.46 अरब हो गया और पी2पी 29 वृद्धि के साथ 21.65 अरब लेन-देन हो गया है। औसत टिकट साइज घटकर 1,262 रुपये (1,363 रुपये से) हो गया, जो रोजमर्रा के सामान, खाना, हेल्थकेयर की जरूरी चीजों और हाइपरलोकल कॉमर्स जैसे छोटे लेने-देन के लिए बढ़ते इस्तेमाल को दिखाता है। भारत में 70.90 करोड़ सक्रिय यूपीआई क्यूआर हो गए हैं, जो जुलाई 2024 से 21 प्रतिशत ज्यादा हैं।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारी हंगामे...** ने विकास कार्यों पर खर्च करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से किसानों और गरीबों का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि नरेगा को महात्मा गांधी के नाम के साथ शुरू नहीं किया गया था। उन्होंने 2009 के चुनावों से पहले वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा था। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने अपने कार्यकाल में इस पर सिर्फ 2.13 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जबकि मोदी सरकार ने 2014 से इस पर 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले इसमें भ्रष्टाचार था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है। ग्रामीण विकास मंत्री ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार अपनी मर्जी से योजनाओं के नाम बदल देती है। इस आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने नेहरू गांधी परिवार के सदस्यों के नाम पर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों की सूची गिना दी और तर्क दिया कि कांग्रेस का राजनीतिक फायदे के लिए नाम जोड़ने का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर महात्मा गांधी के आदर्शों को धोखा देने का भी आरोप लगाया और कहा कि पार्टी ने भारत के बंटवारे को स्वीकार किया और आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने की गांधी की बात को नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने खुद गांधीवादी सिद्धांतों को खत्म कर दिया। उधरसंसद ने गुरुवार को परमाणु ऊर्जा से जुड़े एक अहम विधेयक को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने सिविल परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी का रास्ता खोलने वाले श्भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा से पारित हो चुका है। अब मौजूदा कानून को बदलने के लिए लाए गए विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद केंद्र परमाणु ऊर्जा पर सरकार का एकाधिकार खत्म करने की ओर कदम बढ़ा देगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा 24गुणा 7 विश्वसनीय बिजली आपूर्ति का स्रोत है, जबकि अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में यह निरंतरता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा तंत्र से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। जितेंद्र सिंह ने विकिरण को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि अब तक आम जनता के लिए किसी भी प्रकार के विकिरण-संबंधी खतरे की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि परमाणु क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रमों की कीमत पर निजी कंपनियों को बढ़ावा देना राष्ट्रीय हित में नहीं है। उन्होंने फ्रांस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां परमाणु ऊर्जा पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में है। रमेश ने विदेशी तकनीक के बजाय भारत के स्वदेशी 700 मेगावाट के रिएक्टरों को मानक बनाने और देश के विशाल थोरियम भंडार के उपयोग पर जोर दिया। वहीं, भाजपा सांसद किरण चौधरी ने बिल का समर्थन करते हुए इसे आधुनिक परमाणु कानून बताया, जो कड़े सुरक्षा मानकों के साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करेगा।

**पर्यटकों का...** यूवी (7) पुत्र राहुल पटेल, स्वाति (20) पत्नी भूप राम, अक्षय (20) पुत्र ओमेंद्र, राहुल पटेल (35) पुत्र भूप राम निवासीगण चावण पोस्ट मुडिया थाना इज्जतनगर बरेली, करन (25) पुत्र जितेंद्र निवासी गुजरात तथा ज्योति (25) पत्नी करन निवासी गुजरात घायल हो गए। घाटना किस वजह से हुई इसका अभी स्पष्ट कारण पता नहीं चल पा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा: गडकरी

नई दिल्ली, वार्ता

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने वालों को अब पुलिस से पूछताछ या अन्य किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं, जिससे सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को चिकित्सीय सहायता देने या अस्पताल पहुंचाने वालों को अब पुलिस परेशान नहीं करेगी और वे किसी तरह के कानूनी पचड़े में भी नहीं पड़ेंगे। घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने लोगों से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने बताया कि घायलों के अस्पताल पहुंचने पर तुरंत उनका इलाज शुरू हो सके, इसके लिए अस्पतालों को तत्काल डेढ़ लाख रुपये तुरंत प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में प्रति वर्ष



पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें अधिक युवा अधिक होते हैं। उन्होंने कहा कि इन दुर्घटनाओं में घायल होने वालों को यदि तत्काल चिकित्सीय मदद पहुंचाई जाए, तो 50 हजार लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सांसदों से अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुकता अभियान चलाने की अपील की और उनसे सुझाव भी मांगे। केन्द्रीय मंत्री ने अध्यक्ष ओम बिरला से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में विचार-विमर्श करने के लिए सदन में चर्चा कराने की भी मांग की और कहा कि इससे देश भर के सांसदों के सुझाव लेकर बेहतर उपाय निकाले जा सकेंगे। बिरला ने इस पर सदस्यों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन की मदद से लोगों खासकर युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करें। उन्होंने कहा कि वह अगले सत्र में इस गंभीर समस्या पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की कोशिश करेंगे और उनका मानना है कि सबके सुझावों-विचारों से अच्छे परिणाम सामने आ सकेंगे।

### टोल टैक्स भुगतान प्रणाली का किया जा रहा है सरलीकरण: गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि नई नीति में टोल टैक्स उसी स्थान से लगेगा, जहां से कोई वाहन सड़क पर प्रवेश करेगा। गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि नई नीति में अब किसी वाहन को सड़क पर प्रवेश करने वाले स्थान से ही अगले नाके पर टोल टैक्स देना होगा। यदि कोई वाहन 15 किलोमीटर चलने के बाद ही किसी टोल नाके पर पहुंच जाता है, तो उसे इतनी ही दूरी का टोल टैक्स देना होगा।

उन्होंने बताया कि नई नीति के प्रावधानों के अनुसार 15 रुपये में भी एक टोल नाके को पार किया जा सकेगा। अब ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वाहनों को टोल नाकों पर कतार नहीं लगानी पड़े और गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से भी टोल नाके पार कर सकेंगी। उनके वाहन की नंबर प्लेट और फास्ट टैग को नाके पर रिकॉर्ड करने के बाद टैक्स स्वत: कट जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के दीपेन्द्र हुड्डा के प्रश्न के उत्तर में बताया कि हरियाणा में 12 वर्षों में सबसे ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, इसीलिए वहां सबसे ज्यादा टोल नाके हैं। हरियाणा और पंजाब में यातायात सघनता भी सबसे ज्यादा है। जहां ज्यादा नई सड़कें बनेंगी, वहां टोल नाके भी अधिक होंगे। गडकरी ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत का कार्य कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 703 प्रस्तावित है और व्यवहार्यता रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है।

# एसआईआर के नाम पर वोट काटने की साजिश, यह एनआरसी का दूसरा रूप है: अखिलेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के जरिए सत्ताधारी भाजपा समाजवादी पार्टी के मतदाताओं का वोट कटवाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जिलों में जाकर अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं और कान में कह रहे हैं कि कमी निकालो और समा. जवादियों का वोट काटो। यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र और मताधिकार पर सीधा हमला है। समाजवादी पार्टी विधानमंडल दल की बैठक के बाद लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक न तो निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़े आए हैं और न ही विपक्ष के पास कोई ठोस आंकड़े हैं, फिर भी मुख्यमंत्री को यह कैसे पता चल गया कि चार करोड़ वोट कट गए हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा के नेता और विधायक निजी कंपनियों के साथ बैठकर रातों-रात आंकड़ों की हेराफेरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि वास्तव में चार करोड़ वोट कटे हैं तो चार सौ तीन विधानसभा क्षेत्रें में औसतन चौरासी हजार वोट प्रति सीट कटे होंगे और यही भाजपा की हार का कारण बनेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एसआईआर के बहाने वोट काटने की रणनीति पर काम कर रही है और यह केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी यही कह रही हैं कि भाजपा वोट का अधिकार छीन रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सच्चाई यह है कि यह एसआईआर नहीं बल्कि एनआरसी है और आने वाले समय में सरकार इससे भी अधिक कागज मांगने की तैयारी में है। भाजपा सरकार जो काम खुद नहीं कर पा रही है, उसे चुनाव आयोग के जरिए कराने का प्रयास कर रही है। रामपुर में एक मां पर एफआईआर दर्ज होना इस साजिश का सबूत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को अपने पीडीए प्रहरियों पर गर्व है, जो जिम्मेदारी के साथ वोट बचाने का काम कर रहे हैं और भाजपा की साजिश पर नजर रखे हुए हैं। प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को एकरंगी सरकार बताते हुए कहा कि वह जनता के असली मुद्दों से डर गई है। विधानसभा में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय भाजपा वंदे मातरम जैसे विषयों पर बहस कर ध्यान भटकाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिनका आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं रहा, वे आज राष्ट्रभक्ति का ठेका लेकर बैठे हैं। समाजवादी पार्टी के सभी विधायक पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं और विधानसभा में सरकार को घेरेंगे। अखिलेश यादव ने नकली कफ सिरप घोटाले को प्रदेश का सबसे बड़ा मानवता विरोधी अपराध बताते हुए कहा कि वाराणसी से शुरू होकर यह घोटाला पूरे प्रदेश, देश और विदेश तक फैला है, जिसमें सैकड़ों कंपनियां शामिल हैं और हजारों करोड़ रुपये का खेल हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि घोटाले में शामिल लोगों को बचाया जा रहा है, अधिकारी डर के मारे भाग रहे हैं, पत्रकारों को धमकियां दी जा रही हैं और सच उजागर करने वालों को सुरक्षा नहीं मिल रही है। उन्होंने सवाल किया कि छोटी घटनाओं पर बुलडोजर चलाने वाली सरकार हजारों करोड़ के घोटाले में चुप क्यों है और पीडीए समाज के लोगों पर ही बुलडोजर क्यों चलाया जा रहा है। अखिलेश यादव ने लोक सेवा आयोग की भर्तियों में पिछड़ों के साथ धोखा, किसानों को यूरिया न मिलने, धान खरीद ठप होने, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, बिजली के निजीकरण और ध्वस्त कानून व्यवस्था का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की भयावह स्थिति के कारण लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच तक नहीं हो पा रहे हैं और नदियों व शहरों की हालत बदतर होती जा रही है। बिहार में मुख्यमंत्री द्वारा महिला डाक्टर का हिजाब खींचने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने इसे अत्यंत दुखद और निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है और किसी भी सभ्य समाज में इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं हो सकता।

## ठंड व घने कोहरे के चलते बदला स्कूलों का समय

**अमेठी।** जिले में अत्यधिक ठंड और घने कोहरे को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनज़र जिलाधिकारी अमेठी के निर्देश पर स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद अमेठी में बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड द्वारा संचालित नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालय अब तत्काल प्रभाव से प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित किए जाएंगे। हालांकि ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर समेकित शिक्षा के अंतर्गत संचालित अनावासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समयानुसार यथावत चलते रहेंगे।

# लखनऊ में कई मोर्चों पर दिखी बिहार के हिजाब प्रकरण की तपिश

**लखनऊ।** उत्तर भारत इस समय कड़ाके की ठंड की चपेट में है, लेकिन बिहार के हिजाब प्रकरण से उठी राजनीतिक और सामाजिक तपिश कम होने का नाम नहीं ले रही है। इस विवाद की गूंज शुक्रवार को लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में साफ दिखाई दी। एक ओर मशह. ूर शायर मुनव्वर राणा की बेटी और समाजवादी पार्टी की नेता सुमैया राणा को उनके आवास पर ही पुलिस ने रोककर हाउस अरेस्ट कर लिया, वहीं दूसरी ओर लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में छात्रें ने प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जाहिर किया। जानकारी के मुताबिक सुमैया राणा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद के खिलाफ विरोध दर्ज कराने और ज्ञापन सौंपने जा रही थीं।

इससे पहले ही पुलिस ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया। सुमैया राणा ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए कहा कि सरकार असहमति की आवाज से डर रही है और वह इस कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देंगी। हिजाब प्रकरण को लेकर समा. जवादी पार्टी ने तीखा रुख अपनाया है। पार्टी नेताओं ने इसे महिला सम्मान और संवैधानिक मूल्यों से जुड़ा मामला बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। सपा की ओर से कहा गया कि सत्ता के दबाव में विरोध की आवाजों को दबाने की कोशिश की जा रही है। वहीं कांग्रेस और वामपंथी दलों के नेताओं ने भी इस प्रकरण पर आपत्ति जताते हुए इसे अल्पसंख्यक महिलाओं की गरिमा से जोड़कर देखा और निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। इधर, लखनऊ विश्व. विद्यालय में छात्रें ने हिजाब प्रकरण और कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। छात्रें का कहना था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और महिला सम्मान से जुड़े मुद्दों पर सरकार का रवैया सवालों के घेरे में है। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी हुई और छात्रें ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाए जाने की बात कही। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बिहार से शुरू हुआ हिजाब विवाद अब उत्तर प्रदेश की सियासत में भी गर्माहट पैदा कर रहा है। शीतलहर के बीच बढ़ती यह राजनीतिक तपिश आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है।

# संस्कृति में होती है राष्ट्र की आत्मा: योगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में निहित होती है और यदि संस्कृति को राष्ट्र से अलग कर दिया जाए तो वह निस्तेज हो जाता है।

उन्होंने कहा कि जैसे आत्मा के बिना शरीर निष्प्राण हो जाता है, उसी तरह संस्कृति से कटकर राष्ट्र अपनी पहचान खो देता है और खंडहर में बदल जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस संस्थान ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वर, लय और संस्कार को नई पहचान दी है। पिछले सौ वर्षों में इस संस्थान ने भारतीय संगीत, नृत्य, नाटड और ललित कलाओं को न केवल संरक्षित किया, बल्कि आधुनिक शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़कर उन्हें प्रतिष्ठित भी किया है। उन्होंने इस योगदान के लिए विश्वविद्यालय से जुड़े सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने संबा. ेधन में वर्ष 1940 में गुरुदेव रबिंद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखे गए पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि उस पत्र में उन्होंने इस संस्थान को विश्वविद्यालय के रूप में संबोधित किया था।

उन्होंने कहा कि सृष्टि का पहला स्वर ओंकार है और नाद योग की पुष्टि विज्ञान, अध्यात्म और संस्कृति तीनों करते हैं। उन्होंने पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि औपनिवेशिक शासन के दौर में, जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित थी, तब उन्होंने भारतीय संगीत को वैज्ञानिक आधार दिया। राग-ताल का वर्गीकरण, शास्त्रीय अनुशासन, क्रमिक प( ति और गुरु-शिष्य परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना उनका ऐतिहासिक योगदान था, जिसने भारतीय संस्कृति को आत्मसम्मान और स्थायित्व प्रदान किया।

# पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में बड़ा बदलाव, 40.19 लाख नए वोटर जुड़े




शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के वृहद पुनरीक्षण-2025 के बाद प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में बड़ा बदलाव सामने आया है। इस पुनरीक्षण के दौरान 40.19 लाख नए मतदाताओं को सूची में शामिल किया गया है, जिससे कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 12. 69 करोड़ हो गई है। वर्ष 2021 में यह संख्या 12.29 करोड़ थी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नए जुड़े मतदाताओं में लगभग 15 लाख ऐसे युवा हैं, जिनकी आयु 18 वर्ष है, जबकि 18 से 23 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या अब 1.05 करोड़ तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 1.41 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जिनमें मृतक, स्थानांतरित अथवा दोहराव वाले नाम शामिल हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण से पहले वर्ष 2021 की मतदाता सूची में शामिल सभी 12. 29 करोड़ मतदाताओं को स्टेट वोटर नंबर आवंटित किया गया था। इसके बाद ईबीएलओ एप और गणना प्रपत्र के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कराया गया। जिन मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर पाए गए, उन्हें सूची से विलोपित कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि स्टेट वोटर नंबर एक मतदाता को केवल एक बार ही मिलेगा और जिन नामों को सूची से हटाया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा के पैर कटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के ग्राम भठापुरवा निवासी अंबिका प्रसाद की पुत्री सिद्या नैमिषारण्य स्थित मूलचंद महतिया इंटर कालेज में कक्षा 11 वीं की छात्रा है। गुरुवार सुबह वह साइकिल से स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। वह नैमिषारण्य स्थित रेलवे क्रासिंग के पास पहुंची तो फाटक बंद था। पुलिस के मुता. बिक फाटक पर साइकिल रोक कर वह उतर गई। कुछ देर इंतजार करने के बाद वह बाथरूम जाने के लिए आगे बढ़ी तभी अचानक बालामऊ - बुढ़वल ट्रेन आ गई। इससे पहले की छात्रा को समझ पाती, वह ट्रेन की चपेट में आ गई। इससे छात्रा के दोनों पैर कट गए। छात्रा को घायल देख स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने छात्रा की नाजुक हालत को देखते हुए उसको ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

# मशरूम उत्पादन में देश में अग्रणी होने के बावजूद उपेक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मशरूम उत्पादन की अपार संभावनाओं के बावजूद सरकार की उपेक्षा से प्रगतिशील किसान परेशान हैं।

बाराबंकी जनपद के दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के मशरूम किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसके बावजूद उन्हें किसी भी प्रकार का सरकारी सहयोग नहीं मिल रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मशरूम उत्पादन के लिए न तो कोई अनुदान दिया जा रहा है और न ही प्रोत्साहन की कोई ठोस योजना लागू है। किसानों का कहना था कि कम लागत और अधिक रोजगार देने वाला यह क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है, लेकिन सरकारी उपेक्षा के चलते इसका समुचित विस्तार नहीं हो पा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में बृजेंद्र कुमार वर्मा, अनिल रावत, प्रदीप यादव और अनिल सिंह शामिल रहे। इस दौरान किसानों ने समाजवादी पार्टी से अपेक्षा जताई कि भविष्य में समाजवादी सरकार बनने पर मशरूम उत्पादन को कृषि की मुख्यधारा से जोड़ते हुए मेहनत. कश किसानों को अनुदान और तकनीकी सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार सहयोग करे तो प्रदेश में बड़े पैमाने पर स्वरोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। भेंट के समय जिला पंचायत सदस्य चक्खन यादव, अवधेश चौधरी, प्रणव, सौरभ, अंकित सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि किसानों के हितों से जुड़े मुद्दे समा. जवादी पार्टी की प्राथमिकता में शामिल हैं।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहरौली निवासी 65 वर्षीय चुनका पुत्र दयाल साइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी बीच गांव के निकट ही एक तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे चुनका गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल बुजुर्गों को महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। स्वास्थ्य केंद्र जाते समय बुजुर्ग ने रास्ते में दम तोड़ दिया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर डाक्टरों ने बुजुर्गों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप व मनमानी का आरोप, चुनाव आयोग से निगरानी की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियां की जा रही हैं और स्थानीय अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के स्पष्ट दिशा-निर्देशों को दरकिनार कर मौखिक आदेशों के जरिए मनमानी कर रहे हैं।

पार्टी का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता के बजाय सत्ताधारी दल के राजनीतिक हितों को साधने का माध्यम बनती जा रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए भारत निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि कई जिलों में बीएलओ को निर्देश दिए जा रहे हैं कि विदेश में नौकरी या व्यापार कर रहे भारतीय नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं, जबकि वे भारत की नागरिकता नहीं छोड़ चुके हैं और पहले से मतदाता सूची में दर्ज हैं। रामपुर जनपद के एक मामले का हवाला देते हुए पार्टी ने कहा कि वहां एक वृ( महिला पर केवल इस आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई कि उसके पुत्र विद. ेश में रहकर काम कर रहे हैं। समा. जवादी पार्टी का कहना है कि अधिकारियों द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि विदेश में रह रहे सभी नागरिकों को फार्म छह-ए भरना अनिवार्य है, जबकि चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार फार्म छह-ए केवल उन नए मतदाताओं के लिए है, जो विदेश में रहते हुए अठारह वर्ष की आयु पूर्ण करते हैं। यदि वास्तव में मतदाता सूची को शून्य मानकर नए सिरे से तैयार किया जा रहा है, तो ऐसी स्थिति में भारत में रह रहे नागरिकों को भी फार्म छह के माध्यम से ही मतदाता बनाया जाना चाहिए, न कि गणना प्रपत्र के जरिए। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के जनपद भ्रमण के दौरान एसआईआर प्रक्रिया में लगे अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है, जबकि इस प्रक्रिया में किसी भी मंत्री की कोई भूमिका नहीं है। समाजवादी पार्टी का दावा है कि स्थानीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा मतदाताओं की श्रेणियां बदली जा रही हैं, ताकि सत्ताधारी दल के समर्थक मतदाताओं को श्रेणी 'ए' में आसानी से शामिल किया जा सके और विपक्षी दलों के समर्थकों को नाम, उपनाम या छोटे-छोटे अंतर के आधार पर श्रेणी 'सी' में डालकर जटिलताओं में उलझाया जा सके। समाजवादी पार्टी ने यह भी रेखांi. कत किया है।

## खेतों के चक मार्गो से हटेगा कब्जा

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया जाए। पूरे जनपद में चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन किया जाए। उसके बाद उन्हें मनरेगा योजना से बनवाया जाए। इससे ग्रामीण वासियों को आसानी से खेतों तक पहुंचने से उपज में भी सुधार सम्भव होगा। अधिकारियों द्वारा जिलाधकारी को बताया गया कि सभी उपजिला. धिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर जनपद के कुल 5687 चकमार्ग चिन्हित किये गये। जिनमें 4250 चक मार्गो का चिन्हांकन एवं मापन लेखपाल द्वारा किया गया। इन चकमार्गों के पटान एवं दुरूस्तीकरण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सभी खण्ड विकास अधिक. ारियों को निर्देशित किया गया था।

# चीनी के दाम गिरने से गन्ना भुगतान पर संकट की आशंका, उप्र में बढ़ी किसानों की बेचैनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार हरवीर सिंह पवार का मानना है कि बाजार में चीनी के दाम गिरकर लगभग छत्तीस रूपये प्रति किलो तक आ जाने से आने वाले समय मे गन्ना भुगतान का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

उनका कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो इसका सीधा असर उत्तर प्रदेश की चीनी मिलों की भुगतान क्षमता पर पड़ेगा और गन्ना किसानों में बेचौनी बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश में इस सत्र के लिए गन्ना मूल्य में एक साथ लगभग चालीस रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, जिससे किसानों को राहत की उम्मीद जगी थी, लेकिन अगर भुगतान समय पर नहीं हो पाया तो यह राहत असंतोष में बदल सकती है। हरवीर सिंह पवार के अनुसार, अब तक यह उम्मीद की जा रही थी कि एथेनाल उत्पादन और पेट्रोल में एथेनाल मिश्रण की दर बढ़ने से चीनी मिलों को अतिरिक्त आय का सहारा मिलेगा। पिछले सत्र में एथेनाल मिश्रण का स्तर लगभग 19.97 प्रति?ात तक पहुंच गया था और कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार इसे 24 प्रतिशत तक ले जाया जा सकता है। लेकिन मौजूदा संकेत बताते हैं कि इस सत्र में एथेनाल मिश्रण 20 प्रति?ात से अधिक होने की संभावना नहीं दिख रही है। ऐसी स्थिति में मिलों को अतिरिक्त राजस्व नहीं मिल पाएगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और दबाव में आ सकती है। वरिष्ठ पत्रकार का कहना है कि यदि चीनी के दाम नीचे ही बने रहते हैं और एथेनाल से अपेक्षित सहारा नहीं मिलता, तो गन्ना भुगतान में देरी या बकाया बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसका असर सीधे किसानों पर पड़ेगा, खासकर उत्तर प्रदेश में, जहां गन्ना बड़ी आबादी की आजीविका का आधार है। ऐसी स्थिति में किसान संगठनों के साथ-साथ राजनीतिक दल भी इस मुद्दे को लेकर आवाज उठा सकते हैं और प्रदेश की राजनीति में यह मामला बडी हलचल का कारण बन सकता है।

# अपना दल (एस) ने मंडलवार संगठनात्मक समीक्षा का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपना दल (एस) ने पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से मंडलवार समीक्षा करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश और परामर्श के बाद लिया गया है।

मंडलवार समीक्षा बैठकों में वर्तमान जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा संबंधित मंडल में निवास करने वाले सभी राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिका. रियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इन बैठकों में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सभी पदाधिकारियों से सीधा संवाद करेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंडलवार समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभाओं में पार्टी संगठन की तैयारी की समीक्षा करना है। इसमें विधानसभा अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष के कार्यों का आकलन किया जाएगा। जहां संगठन कमजोर या निष्क्रिय पाया जाएगा, वहां उसे सक्रिय कर संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस रणनीति बनाई जाएगी, ताकि 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी की प्रभावी और मजबूत भागीदारी सुनिश्चित की जा सके तथा पार्टी प्रत्याशियों की शत-प्रतिशत जीत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि मंडलवार समीक्षा के क्रम में प्रथम चरण में आठ मंडलों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संबंधित मंडलों के सभी जिलों के वर्तमान जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा मंडल में निवास करने वाले सभी राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदा. धिकारियों को भाग लेना होगा और उनकी उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण की यह बैठकें 21 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित की जाएंगी।

# मनरेगा में बदलाव के खिलाफ वामदलों का 22 दिसम्बर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की उत्तर प्रदेश राज्य कमेटियों ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में प्रस्तावित बदलावों का कड़ा विरोध किया है।

दोनों दलों ने वामपंथी दलों के केंद्रीय आवाहन पर 22 दिसम्बर 2025 को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश की जनता से पूरी ताकत के साथ शामिल होने की अपील की है। राज्य कमेटियों ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि मनरेगा एक सार्वभौमिक और मांग आधारित कानून है, जो ग्रामीण गरीबों को सीमित ही सही, लेकिन काम पाने का कानूनी अधिकार देता है। केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल 2025 के माध्यम से इस कानून को समाप्त कर उसकी जगह नया प्रावधान लाने की कोशिश की जा रही है, जिससे मजदूरों को इस अधिकार से भी वंचित कर दिया जाएगा। यह बिल कानूनी रूप से केंद्र सरकार को मांग के अनुसार फंड देने की जिम्मेदारी से मुक्त कर देता है, जो मनरेगा की मूल भावना के खिलाफ है। वाम दलों ने कहा कि सरकार का रोजगार के दिन सौ से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस करने का दावा एक और जुमला है। जाब कार्ड को 'रैशनलाइज़' करने के नाम पर बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को योजना से बाहर करने का रास्ता खोला जा रहा है। खेती के पीक सीज़न में साठ दिनों तक रोजगार रोकने का प्रावधान ग्रामीण मजदूरों को सबसे जरूरत के समय काम से वंचित कर देगा और उन्हें फिर से ज़मींदारों पर निर्भर होने को मजबूर करेगा। अनिवार्य डिजिटल अटेंडेंस जैसी व्यवस्थाएं भी मजदूरों के लिए गंभीर कठिनाइयां पैदा करेंगी, जिससे काम का नुकसान और अधिकारों का हनन होगा। वक्तव्य में कहा गया कि फंडिंग पैटर्न में बदलाव कर केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी राज्यों पर डालना चाहती है। इससे राज्य सरकारों पर असहनीय वित्तीय बोझ पड़ेगा, जबकि फैसलों में उनकी कोई भूमिका नहीं होगी। साथ ही बेरा. ेजगारी भत्ता और देरी से भुगतान पर मुआवज़े का खर्च भी राज्यों पर डालने की तैयारी है। इन सभी बदलावों का उद्देश्य योजना की पहुंच को सीमित करना और केंद्र सरकार की जवाबदेही को कम करना है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गंगा तट की मेहनत को मिला सम्मान

## मिनी कुम्भ की छवि और मजबूत, तिगरी गंगा मेला सम्मान समारोह में झलकी सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** आस्था, संस्कृति और प्रशासनिक समन्वय के अद्भुत संगम गंगा तिगरी मेला 2025 के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में गुरुवार को ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि इस वर्ष तिगरी गंगा मेला अत्यंत सुचारु, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर अनुभव वाला रहा। यह सफलता जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और उनकी पूरी टीम की दूरदर्शी योजना और अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गंगा की धारा का रुख बदलना हर वर्ष बड़ी चुनौती होता है, बावजूद इसके प्रशासन ने अंतिम समय तक डटे रहकर सभी आशंकाओं को दूर किया। तिगरी मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आंचलिक संस्कृति और परंपराओं की जीवंत पहचान है, जिसे मूल स्वरूप में संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता कार्ययोजना, समन्वय और प्रचारख्प्रसार पर निर्भर करती है। इस बार ये तीनों पहलू बेहद प्रभावी रहे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने आयोजन में लगे सभी पुलिसकर्मियों और सहयोगियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अनुशासन और टीमवर्क से ही इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया जा सकता है। समारोह के सफल आयोजन में ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल, निर्देशिका राखी अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंजलि दुबे, एडमिनिस्ट्रेटर कोऑर्डिनेटर संध्या गुप्ता एवं समस्त स्टाफ की भूमिका भी सराहनीय रही। सम्मान पाकर अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवक और पत्रकारों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था। सभी ने एक स्वर में कहा कि तिगरी गंगा मेला समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयास का सफल उदाहरण है। समारोह में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह, डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनंद सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम गरिमा सिंह, उप जिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, जिलासमाजकल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन, एसडीएम चंद्रकांता, सुनीता सिंह, हिमांशु उपाध्याय, शशिभूषण पाठक, स्कूल प्रबंधक राहुल अग्रवाल, निर्देशिका राखी अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंजलि दूबे,एडमिनिस्ट्रेटर कोऑर्डिनेटर संध्या गुप्ता, अक्षय अग्रवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ समारोह में सहभागी रहा।



गजरौला। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंडलायुक्त, डीएम, एसपी, स्कूल प्रबंधक व निर्देशिका

## महबूब अली की सास दिल्ली अस्पताल में भर्ती

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली की सास श्रीमति शकूरन बेगम को उपचार के दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीमती शकुरन बेगम बीते दिनों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। उनका इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा था, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार न होने पर मुरादाबाद भेजा गया। परन्तु वहां भी उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। जिस पर आज उनके नाती पूर्व एमएलसी परवेज अली ने अपनी नानी को बेहतर उपचार हेतु मैक्स अस्पताल दिल्ली लेकर गए हैं। उन्होंने सभी शुभचिन्तकों से अपील की कि शीघ्र स्वस्थ होने के लिए दुआ करें ताकि वह जल्द स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकें।

# गन्ने के खेत में दिखा तेंदुआ, दहशत

## ग्रामीणों ने की पिंजरा लगाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र के जंगल में एक बार फिर तेंदुए के जोड़े के दिखने का दावा किया गया है। ग्रामीणों ने जंगल में तलाश की, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव चंद्रकुटी की मंढैया के जंगल से जुड़ा है। इस गांव के आस-पास बीते एक सप्ताह से तेंदुए को देखे जा रहा है। बीते सप्ताह नलकूप की कोठरी पर बैठे तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद से आबादी में दहशत बनी हुई थी। अब फिर जंगल में तेंदुए को देखने का दावा किया गया है। दरअसल, बस्ती में हाजी असकरी का परिवार रहता है। बुधवार देर शाम गांव चंद्रकुटी की मंढैया के ही कमल व सुखवीर सिंह उनके खेत में खड़ी गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहे थे। उसी दौरान पास स्थित गन्ने के खेत से तेंदुआ का जोड़ा निकल कर सामने आ गया। जिसे देख कर दोनों के होश उड़ गए। किसी तरह वहां से भाग कर दोनों गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। बाद में गांव के लोग एकत्र होकर जंगल पहुंचे। तेंदुए के जोड़े की तलाश की, लेकिन तेंदुआ का जोड़ा कहीं नहीं दिखा। बाद में ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दे है।

# खेलों से होता है प्रतिभा का विकास

## राजेन्द्र एकेडमी में खेल प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** खेल प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

गुरुवार को राजेंद्रा एकेडमी में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय खेलों का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ लंबी कूद, रस्साकशी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ भाग लिया। छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता रखी गई थी। कार्यक्रम में योग एवं पीटी का भी प्रदर्शन किया गया। खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रबंधिका ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनुशासन की भावनाओं नेतृत्व गुणों का विकास करते है। मैदान में जीत और हार दोनों का सामना करना पड़ता है। जिससे हम धैर्य रखना और कठिन परिस्थितियों से लड़ना सीखते हैं। खेलों के माध्यम से नेतृत्व गुण सहयोग की भावना और खेल भावना का विकास होता है। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद था। इससे पहले रंग-बिरंगे झंडों से विद्यालय को सजाया गया था।

## ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन



**जोया।** ब्लाक के ग्राम पंचायत डिडौली में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान बनबाने के विरोध में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान शमशान भूमि की पड़ी जमीन पर दुकान बनाकर लाभ उठाना चाह रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस जमीन पर कोई राजकीय कॉलेज, चिकित्सालय आदि बनवाया जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ पहुंच सके। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य तौर परसुनील कुमार, लोकेश कुमार, सरदार सिंह जाटव, समरपाल सिंह ठाकुर, हरिओम ठाकुर, गुडडू, पूरनपुर सिंह, ठाकुर सतवीर सिंह, छत्रपाल सिंह,लवी गुप्ता, बंटी गुप्ता, अंकुर ठाकुर,सूरजपाल सिंह, प्रदीप ठाकुर,राहजान, श्यामलाल, श्री ओम गुप्ता, उपदेश ठाकुर,आदि सभी ग्राम वासी मौजूद रहे।

# समाजसेवा के लिए आगे आएं सक्षम लोग: करन सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** वन क्षेत्राधिकारी करन सिंह ने कहा कि जब भी संभव हो समाजसेवा करनी चाहिए, क्योंकि एक दूसरे की सेवा करना ही मानव जीवन की सबसे बड़ी विशेषता है।

गुरुवार को अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के

■ **समाजसेवी सुरेश मौर्य ने कराया लिहाफों का वितरण**

प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र मौर्य द्वारा आयोजित लिहाफ वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़मुक्तेश्वर के वनक्षेत्राधिकारी करन सिंह ने कहा कि सक्षम लोगों को समाजसेवा के लिए आगे आना चाहिए। चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार ने भी सुरेश मौर्य द्वारा किए जा रहे समाजसेवा कार्य की प्रशंसा की। सुरेश मौर्य ने कहा कि वे पिछले 20 वर्षों से लिहाफ वितरण का कार्य करते हैं। आगे भी यह सिलसिला चलता रहेगा। कहा कि समाजसेवा की यह भावना उन्हें विरासत में मिली है। इस दौरान गरीब, निराश्रित और दिव्यांगजनों को 101 लिहाफों का वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान, शिक्षाविद रविराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शेर सिंह बौद्ध, धर्मपाल, ऋषभ मौर्य, स्वरूपानंद गिरी, जबर सिंह, जितेंद्र सिंह, अंकुर नागर, लाखन सिंह, बीपी सिंह, राखी रानी, उषा देवी आदि मौजूद रहे।



# अध्यक्ष पद को जागेश व अशोक में सीधी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रामलीला कमेटी के चुनाव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं। दूसरे दिन नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होते ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई। अध्यक्ष पद के लिए दाखिल तीन नामांकन में से महेश गुप्ता के नाम वापस लेने के बाद अब मुकाबला सीधा हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए जागेश अग्रवाल और अशोक घरौटिया आमने-सामने हैं।

गढ़ी मंदिर धर्मशाला में बुधवार से शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया के तहत गुरुवार को सदस्य पदों की स्थिति भी स्पष्ट हो गई। पहले दिन 24 सदस्य पदों के लिए कुल 29 नामांकन दाखिल किए गए थे। नाम वापसी के दौरान अशोक अग्रवाल और ओमकार गर्ग ने अपने पर्चे वापस ले लिए। इसके बाद अब 27 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं, जबकि

**रामलीला कमेटी का चुनाव**



24 सदस्य पदों पर चुनाव होना है। चुनाव अधिकारी शरद गर्ग ने बताया कि सभी नामांकन पत्रों की विधिवत जांच कर ली गई है और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने जानकारी दी कि 21 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। सदस्य पद के लिए चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों में अजय गोयल, राजू बादशाह, विजय कुमार जयप्रकाश, विकास घरौटिया, पुनीत गुप्ता, अमोद सिंह, दीपक अग्रवाल, आशीष, श्याम वर्मा, प्रभाष चंद्र, रूपक, नवनीत वर्मा, सुधीर कुमार, पुनीत मांग. लिक, अनिल सागर, सोमदत्त सैनी, सुनील त्यागी, सुनील नेता, अनुज गौरव, दिनेश पंवार, विवेक अग्रवाल (स्टांप वाले), नरेंद्र, वीरेंद्र बिंदु, शंकर, पिंटू, अवनीश और धर्मेंद्र उर्फ सीनू शामिल हैं। लंबे समय से चल रही उठापटक के बाद अब चुनावी स्थिति स्पष्ट होने से रामलीला कमेटी के सदस्यों में उत्साह का माहौल है। अध्यक्ष पद की सीधी टक्कर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और 21 दिसंबर को होने वाले मतदान पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# कोहरे के चलते कम रही दृश्यता, कई ट्रेनें लेट

## हाइवे पर कम स्पीड में चले वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** कोहरे के कारण ट्रेनों का आवागमन भी प्रभावित होने लगा है। बुधवार की शाम को दिल्ली से बरेली को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस पांच घंटे की देरी से पहुंची।

ट्रेनों के देरी से पहुंचने के चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही यात्री ट्रेनों का इंतजार करते नजर आए। देरी के चलते यात्रियों में नाराजगी भी देखने को मिली। ठंड और कोहरे के कारण प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं। गौरतलब है कि घना कोहरा होने से दृश्यता काफी कम होने पर ट्रेन अपने निर्धारित समय से देर से चल रही हैं। बात अगर इंटरसिटी एक्सप्रेस की करें तो दिल्ली से बरेली जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के गजरौला पहुंचने का समय रात साढ़े सात बजे है लेकिन बुधवार रात ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब पांच घंटे की देरी से रेलवे स्टेशन पर पहुंची। वहीं काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस भी करीब आठ घंटे की देरी से चली।

# दो दिवसीय 41वीं जनपदीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** दो दिवसीय 41 वीं जनपदीय क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवासए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिलाधिकारी ने रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर रैली का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह की मौके पर स्कूली बच्चों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पहले की बीएसए रोशनी सिंहए जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा बच्चों में खेल प्रतिभाएं छिपी हुई होती है इन्हें निखारने की जरूरत है। स्कूली बच्चों में प्रतिभा देखने से लगता है कि खेलकूद उनके नियमित अभ्यास में है। हालांकि लगातार शासन बढ़ावा दे रहा है। अब खिलाड़ियों को नौकरी भी दी जा रही है। जिले भर के स्कूलों में फर्नीचर भेजा जाएगा डीएम ने कहा कि मैंने संकल्प लिया है हर स्कूल में फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगाए स्मार्ट क्लास तैयार कराए जायेंगे। स्कूलों में वाई फाई की भी व्यवस्था कराई जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मरौरी के अनुज प्रथमए पूरनपुर के रितेश द्वितीयए बरखेड़ा के मोहित तृतीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में बरखेड़ा के अनुज प्रथमए पूरनपुर के रितेशए द्वितीय ललौरी खेड़ा के अजय तृतीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बिलसंडा की नीतू प्रथमए मरौरी की सोनाक्षी द्वितीयए ललौरीखेड़ा की तमन्ना तृतीयए 400 मी प्राथमिक बालिका वर्ग की दौड़ में पूरनपुर की शिल्पी प्रथमए ललौरी खेड़ा की तमन्ना द्वितीयए मरौरी की राधिका तृतीय स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बीसलपुर के मुकेश प्रथमए मरौरी के विकास द्वितीयए पूरनपुर के उमेश तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में बरखेड़ा के पुष्पेंद्र प्रथमए मरौरी के विकास द्वितीयए पूरनपुर के हिमांशु तृतीयए 200 मी दौड़ में बरखेड़ा के पुष्पेंद्र प्रथमए पूरनपुर के हिमांशु द्वितीयए अमरिया के अर्जुन तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर स्तर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में ललौरी खेड़ा की अलशिफा प्रथमए बरखेड़ा की गीता द्वितीयए मरौरी की दिव्या तृतीय स्थान पर रही। 400 मी बालिका वर्ग की दौड़ में मरौरी की पायल प्रथमए पूरनपुर की रूबी द्वितीयए बिलसंडा की अनुराधा तृतीयए 200 मीटर दौड़ में ललौरी खेड़ा की अलसिफा प्रथमए बरखेड़ा गीता द्वितीय रही।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियां शुरू, 23 दिसम्बर को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन.2026 को सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण.2025 के अन्तर्गत दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को अन्तिम मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी ;वि0ध्रा0द्धध्निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ;पंचायतद्ध पीलीभीत प्रसून द्विवेदी ने बताया कि दिनांक 24 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तक आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निःशुल्क निरीक्षण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का कार्यालयध्जिला निर्वाचन कार्यालय ;पंचायत एवं नगरीय निकायद्ध पीलीभीत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयध्तहसील मुख्यालयए विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालयध्ग्राम सचिवालय पर किया जा सकेगा। इस अवधि ;दिनांक 24 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तकद्ध में सम्बन्धित बीएलओ द्वारा निर्वाचक नामावली में किसी नाम के सम्मलित किये जानेध्संशोधित किये जाने एवं विलोपित किये जाने हेतु दावे आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। ;दिनांक 1ध1ध2026 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावा स्वीकार किए जाएगें।

# नागरिक सुरक्षा कोर की ओर से दिया जा रहा प्रशिक्षण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र के दूसरे दिन आज प्रशिक्षण से पूर्व नीरज चक, उपनियंत्रक के साथ सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने इतनी शक्ति हमें देना दाताष सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना गायी। तत्पश्चात सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) द्वारा पहले सेशन में अग्नि त्रिकोण और दहन के सिद्धांत के बारे में बताया गया।

दूसरे सेशन में नीरज चक, उपनियंत्रक द्वारा आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों के बारे समझाया गया। दूसरे दिन के अंतिम सेशन में सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त विवेक यादव एवं अखिल अग्रवाल मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने में प्रतिभाग किया गया।

## सबलपुर में कच्चे मार्ग का फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सबलपुर खास में रामदयाल के घर से फूलचंद के घर तक जो सड़क कच्ची थी ग्राम प्रधान ब्रजपाल कश्यप और ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश चंद्र वर्मा के अथक प्रयासों के बाद कई वर्षों से पड़े कच्चे मार्ग का गुरुवार को कार्य का शुभारंभ किया गया। कई वर्षों से ग्रामीण एवं आने जानें वाले राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था कई वर्षों से चल रहे प्रयासों को आज सफलता मिली है और ग्रामीणों ने बताया अब आने जानें वाले राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना नहीं पड़ेगा। कच्चे मार्ग कार्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाबूराम पासवान विधायक एवं विशिष्ट अतिथि पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुरए प्रधान संघ अध्यक्ष नरेश पाल सिंहए कौशल वाजपेई पूर्व प्रधान, ग्राम प्रधान ब्रजपाल कश्यप, ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश चंद्र वर्मा, सुभाष वाजपेई, जगतवीर मौर्य, ठाकुर प्रसाद वर्मा रोजगार सेवकए प्रदीप वाजपेई एजितेन्द्र सिंह, एडवोकेट गौरव पाण्डेय एखण्ड विकास अधिकारी हेमंत कुमारए एपीओ आदर्श वर्मा, टी, प्रशांत भास्कर सहित ग्राम के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन कर रही पीलीभीत की बेटी नेहा पंत जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद की होनहार नेहा पंत जोशी ने हाल ही में एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालयए बरेली में आयोजित एक नेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम में मैनेजमेंट के छात्रोंए रिसर्च स्कोलर को.लीडरशिप में स्टोरीटेलिग का महत्वए विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान देकर जनपद का नाम रोशन किया। उनके विचारों और अनुभवों से विद्यार्थियों को नेतृत्वए जीवन कौशल एवं व्यावहारिक प्रबंधन की गहरी समझ मिली। इस अवसर पर व्यवसाय प्रबंधन विभाग की डीन डॉण् तुलिका सक्सेना व डॉ विकास लम्बा ने नेहा पंत जोशी को सम्मान चिन्ह प्रदान कर उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि कोच नेहा पंत जोशी वर्तमान में पुष्प इंस्टिट्यूट में गेस्ट प्रोफेसर के रूप में सेवाएँ दे रही हैं। इसके साथ ही वे मंडल के कई विद्यालयोंए कॉलेज में बच्चों के लिए थिएटर वर्कशॉप भी नियमित रूप से संचालित करती रहती हैं। बच्चों के साथ लंबे समय तक कार्य करने का उन्हें लगभग एक दशक से उपर का अनुभव प्राप्त है। लगभग 12 वर्ष दिल्ली एन सी आर में जॉब व निवास करने के बाद उन्होंने स्वच्छ माहौल कारण अपने जन्मस्थान पीलीभीत को ही स्थायी निवास के रूप में चुना। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित नेहा पंत जोशी की लिखी और कही गई कहानियाँ डिजिटल वर्ल्ड मेंश्द कोच मम्माश्के नाम से व्यापक रूप से लोकप्रिय हैं।

# जनसमस्याओं को लेकर दिया शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद में फेश.2 यानि नये पोलए वायर व बाक्स आदि बदलने का कार्य चल रहा है। लेकिन वार्ड नं.7 में काफी बार प्रार्थना पत्र के माध्यम से उपखण्ड अधिकारी तथा अधियासी अभियन्ता को भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया। थाना दिवस पर भी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र में बताया अधिशाषी अभियन्ता व उपखण्ड अधिकारी को भी नोट कराया लेकिन कोई कार्य अब तक नहीं हुआ। जनहित कार्य अति आवश्यक है लगभग 3.4 वर्ष पूर्व आधी आने से 2.3 पोल गिर गये जिसकी बजह से सप्लाई बधित हो गयी केबिल बाकी पोलों पर झूल रही है उपभोक्ताओं के 300ध400 मीटर केबिल डालकर अपनी.अपनी लाइने जोड़ ली है उससे आये दिन फाल्ट होते रहते है। कुछ जगह पर पोल लगने अति आवश्यक है जिसकी बजह से क्षेत्रवासियों को विद्युत लाभ नही मिल पा रहा है। कुछ पोलों पर वाक्स नहीं है या पुराने है तथा उपभोक्ताओं के कनेक्शन बाहर कर रखे है आये दिन बन्दर कूदकर फाल्ट कर देते हैं इसलिए बाक्स व्यवस्थित तरीके से लगाए जाये। पूरनपुर टाउन से ग्रामीण क्षेत्र लगा हुआ कुछ ग्रामीण लोगों ने बांस लगाकर अपनी लाइनें डालकर टाऊन के पोलों से जोड़ रखी है उन उपभोक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र से जोड़ा जाए या नये पोल लगाए जाए तथा ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाया जाये।

# 2026 में अमेठी को मिलेगा 550 बेड का मेडिकल कॉलेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ/अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अमेठी जिले में बनाए जा रहे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। तिलोई तहसील में करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह मेडिकल कॉलेज वर्ष 2026 में पूरी तरह कार्यरत हो जाएगा। इसके शुरू होने से जिले और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

वर्तमान में मेडिकल कॉलेज से संब( 200 बेड वाले अस्पताल में ओपीडी और इनडोर सेवाएं संचा. लित की जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार 31 जनवरी 2026 तक



300 बेड का नया अस्पताल और 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक हैंडओवर कर दिया जाएगा। इसके बाद अस्पताल में कुल 550 बेड की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी अवधि में नर्सिंग कॉलेज का निर्माण भी पूरा होने की संभावना है। राज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की 100 सीटें स्वीकृत हैं। इसके अलावा पैरामेडिकल के 11 डिप्लोमा कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें कुल 230 सीटें हैं। इन कोर्सों में एनेस्थीसिया, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर, लैब टेक्नीशियन, ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन जैसे विषय शामिल हैं। वहीं आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बीएससी नर्सिंग कोर्स में 60 सीटें शुरू करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही कुछ विभागों में डीएनबी कोर्स भी स्वीकृत किए गए हैं, जबकि अन्य कोर्सों के लिए निरीक्षण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डा. रीना शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं और शैक्षणिक सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## हरदोई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। नेशनल हैराल्ड मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के बाद आज पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। इसी क्रम में हरदोई में भी करीब तीन दर्जन कांग्रेसी जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय के नेतृत्व में एकत्र हुए और लखनऊ रोड स्थित भाजपा दफ्तर की ओर कूच करने लगे। हालांकि, लखनऊ चुंगी के पास पहले से तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोकने के लिए पहले से ही बैरिकेडिग लगा रखी थी जैसे ही कांग्रेस के मुठी भर कार्यकर्ता बैरिकेडिग के पास पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

## 24 देशों के 40 विदेशी शिक्षक शैक्षिक भ्रमण के लिए पहुंचे काशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** देश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विश्व विख्यात काशी में शैक्षिक भ्रमण के लिए 24 देशों के 40 विदेशी शिक्षकों का अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है। काशी हिदू विश्वविद्यालय के बाद यह दल बुधवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षिक भ्रमण के लिए पहुंचा।

विश्वविद्यालय के श्रमण विद्या संकाय एवं ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र में वैदिक मंत्रोच्चार तथा भस्म-तिलक के साथ श्रमण विद्या संकायाध्यक्ष तथा ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रोफेसर रमेश प्रसाद ने कंबोडिया, श्रीलंका, म्यांमार, जांबिया, मोरक्को, कजाखस्तान, केन्या, उज्बेकिस्तान, रूस, घाना, स्वीडन, जिम्बाब्वे आदि 24 देशों के 40 विदेशी शिक्षकों का स्वागत-सत्कार किया। संकाय प्रमुख प्रो- रमेश प्रसाद ने भारतीय ज्ञान परंपरा में अमूल्य धरोहर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय भारत की प्राचीनतम शैक्षिक संस्था (सन 1791 में स्थापित) है, जो आज भी अपनी विरासत और पारंपरिक ज्ञान परंपरा को अक्षुण्ण बनाए हुए है। यहां देश की सर्वाधिक एक लाख से अधिक पांडुलिपियां सुरक्षित एवं सुसज्जित हैं। खगोलीय अध्ययन के लिए वेधशाला तथा सम्राट अशोक का स्तंभ भी विश्व. विद्यालय परिसर की गरिमा बढ़ाते हैं। विद्या का यह अद्भुत केंद्र है, जहां न केवल संस्कृत साहित्य बल्कि श्रमण परंपरा में निहित ज्ञान का विभिन्न 22 विभागों में अध्ययन-अध्यापन एवं शोध होता है। संस्कृत की विभिन्न शाखाओं के साथ-साथ पालि, प्राकृत, बौ( एवं जैन साहित्य इस विश्वविद्यालय का अभिमान हैं। विदेश मंत्रालय के आईटीसी कार्यक्रम के तहत एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वाराणसी भ्रमण पर आए इन प्रतिनिधि विद्वानों का मूल उद्देश्य भारत की विरासत और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का अध्ययन करना है। डा. लेखमणि त्रिपाठी द्वारा प्रतिनिधियों को विश्वविद्यालय के समृ( पुस्तकालय, वेधशाला, मुख्य भवन आदि का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के बाद प्रतिनिधियों ने वाराणसी तथा विश्वविद्यालय की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**प्रतापगढ।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगघ जिले के कौहंडौर क्षेत्र में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक व्यक्ति को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अंतू क्षेत्र में ग्राम बहेरा निवासी मीना का विवाह कौहंडौर क्षेत्र में गंगापुर सराय शंकर निवासी कामता प्रसाद से हुआ था। आरोप है कि विवाहिता को कम दहेज के कारण पति, देवर एवं सास द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इस क्रम में आठ मई को विवाहिता के साथ मारपीट की गई तथा पति द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। उसी दिन दोपहर में मीना की हालत गंभीर होने की सूचना पर मायकेजन मौके पर पहुंचे।

## पीएम फसल बीमा योजना में घोटाले के चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में प्रधानमंत्री घ्सल बीमा योजना में हुए करोघें के घोटाले में मुख्य आरोपी इफ्को टोकियो बीमा कम्पनी के शाखा प्रबंधक समेत चार अभियुक्तों को पुलिस ने बुधवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी प्रकरण में मुक. दमा पंजीकृत होने के बाद कोई दो माह से फरार चल रहे थे।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने गुरूवार को बताया की पुलिस ने इफ्को टोकियो बीमा कम्पनी की महोबा शाखा के तत्कालीन प्रबंधक निखिल चतुर्वेदी, सी एच सी संचालक ब्रज गोपाल अरजरिया, श्याम लाल सेन और अरविन्द यादव को महोबकंठ के पास से उस समय गिरफ्तार



किया घ्ब वह सीमावर्ती मध्य प्रदेश निकल भागने की कोशिस कर रहे थे- पुलिस की घेराबंदी देख अभियुक्तों ने सरेंडर कर दिया। शाखा प्रबंधक पिछले तीन माह से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि फर्जी घ्सल बीमा मामले में जिले में अब तक छह से अधिक एफ आई आर दर्ज की जा चुकी हे जिनके तहत ढाई दर्जन से ऊपर लोगो को गिरफ्तार किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि महोबा जिले में प्रधानमंत्री घ्सल बीमा योजना में लगभग 48 करोघ के घोटाले का मामला तीन माह पहले प्रकाश में आया था। घोटालेबाजो ने बीमा कम्पनी से सांठ गांठ करके न सिर्फ किसानों की भूमि के बल्कि नदी, जंगल, पहाघ आदि के भी फर्जी बीमा करके रकम हघ्प ली। वर्ष 2024 में खरीफ फसल के दौरान हुए गए इस घोटाले का खुलाशा खराब घ्सल के पिछले दिनों मुआवजे का वितरण के दौरान हुआ तो यहां ]घ्कंप मच गया। मामले में किसानों को हुई भारी आर्थिक क्षति पर किसान संगठन सघ्को पर आ गए- किसानों के आंदोलन प्रदर्शन से प्रशासन की नींद टूटी- जिसके बाद उप निदेशक कृषि अभय कुमार यादव द्वारा 26 लोगो के खिलाफ नामजद एफ आई आर दर्ज कराई गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फर्जी बीमा घोटाले की पुलिस द्वारा की गई विस्तृत जांच में अब तक कोई 35 लोगो को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। पकघे गए लोगो में ज्यादातर इफ्को टोकियो के लिए गांव - गांव में काम करने वाले एजेंट प्रमुख है। इसके अलावा कृषि विभाग में कार्यरत दो कर्मचारियो को भी गिरफ्तार किया गया है- सम्पूर्ण घोटाले का सूत्रधार बताया जा रहा बीमा कम्पनी का शाखा प्रबंधक निखिल चतुर्वेदी की गिरफ्तारी के लिए बुंदेलखंड किसान यूनियन के बैनर तले किसानों द्वारा महोबा के तहसील परिसर में बीते दो माह से अनशन किया जा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में संगम नगरी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में संगम नगरी प्रयागराज गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गलन से ठिठुरती रही। बुधवार देर रात से पसरा घना कोहरा गुरुवार सुबह तक छटा नहीं था। शहर में सुबह और रात के समय सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड के असर से आम जनजीवन के साथ-साथ कारोबार और यातायात भी प्रभावित हो रहा है। इलाहाबाद विश्व विद्यालय के मौसम विज्ञानी प्रो- शैलेंद्र रॉय बताते हैं कि 18 से 22 दिसम्बर तक पूरे प्रदेश में घने कोहरे बने रहने की संभावना है। इसके साथ ही तापमान में और गिरावट भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर पूरे प्रदेश में दिख रहा है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण ठंड में इजाफा हुआ है। न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। आज सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता कम हो रही है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर गाडियों व रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की रफ्तार थम गई है। इससे ट्रेनें घंटों देरी से स्टेशनों तक पहुंच रही हैं। ठंड बढ़ने के साथ ही लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। मॉल व दुकानों में लोग गर्म कपड़े खरीदते दिख रहे हैं जबकि ठंड से बचने के लिए लोग हीटर व ब्लोवर भी ले रहे हैं। शहर के चौराहों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं। ठंड का असर स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ने की उम्मीद है। डॉक्टरों ने बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड में गर्म कपड़े पहनें, गर्म भोजन करे।

### राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी पर 31 दिसम्बर को मुख्य आयोजन

**अयोध्या।** राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी के पांच दिवसीय आयोजन का कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने जारी कर दिया है। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कार्यक्रमों की शुरुआत 29 दिसम्बर से होगी जबकि 31 दिसम्बर को प्रतिष्ठा द्वादशी का मुख्य कार्यक्रम है जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शिरकत करेंगे। कार्यक्रमों में नियमित मानस पाठ, कथा के अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम सायंकाल से रात नौ बजे तक होंगे। डॉ मिश्र ने बताया कि 29 दिसम्बर को प्रातघ आठ से दो बजे तक मानस पाठ,ढाई से साढ़े पांच बजे तक जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्य द्वारा कथा एवं सायंकाल साढ़े पांच से सात बजे तक गुरु घासीदास विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा रामलीला की प्रस्तुति होगी। 30 दिसम्बर को भी यही कार्यक्रम इसी समय रहेगा। 31 दिसम्बर को आठ से साढ़े बारह बजे तक मानस पाठ, दोपहर एक से तीन बजे तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का उद्घाटन सत्र कार्यक्रम तदोपरान्त कथा, शाम छह से साढ़े सात बजे तक कवि सम्मेलन और इसके बाद अंशिका सिंह वाराणसी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पहली जनवरी को प्रातघ आठ से दो बजे तक मानस पाठ, फिर ढाई से साढ़े पांच बजे तक कथा चलेगी। इसके पश्चात छह से नौ बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें अनूप जलोटा, तृप्त शाक्य के भजन के साथ ही फिरोजाबाद के मयूरी डांस ग्रुप द्वारा राम कथा पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। दो जनवरी को दिन के कार्यक्रम और उनका समय यथावत रहेगा। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुरेश वाडेकर व संजोली पांडेय के कार्यक्रम होंगे। साथ ही शालीना चतुर्वेदी ग्रुप दिल्ली की ओर से कथक नृत्य नाटिका राम की शक्ति पूजा होगी।

### आजमगढ़ में ट्रक से टकराई कार ,तीन मरे , चार गंभीर

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश मे आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर क्षेत्र में गुरुवार सुबह घने कोहरे के बीच ट्रक की चपेट में आने से कार सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मुबारकपुर थाना क्षेत्र में मेरठ से बनारस जा रही एक ईको कार ट्रक से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है । यह सभी मेरठ जिले के सरघना थाना क्षेत्र के थे, जो वाराणसी जा रहे थे। पुलिस क्षेत्रधिकारी आस्था जायसवाल ने बताया कि आज सुबह आठ बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 254 नम्बर किलोमीटर पर आजमगढ़ के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर के पास आज सुबह कोहरे में सड़क हादसे एक कार ट्रक से टकरा गई ,जिसमें पिता पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पत्नी ,बेटा, बेटी व ड्राइवर समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह सभी लोग मेरठ जिले के थाना सरधना, ग्राम अलीपुर के निवासी हैं। जो कार से वाराणसी जा रहे थे। इसी दौरान एनएच-254 पर चल रहे एक ट्रक में इको कार पीछे से तेज रफ्तार के साथ जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इको कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे मे विशेषधर और उनके पुत्र एक्स के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल डोली पत्नी विशेष, अंशिका पुत्री विशेष, कार्तिक पुत्र विशेष, सत्या को मुबारकपुर थाना पुलिस ने जिला मंडलीय चिकित्सालय, आजमगढ़ में भर्ती कराया।

### राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय की प्राचार्य निलंबित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रंजना त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। उन पर नवनियुक्त शिक्षकों से 2-2 लाख रुपये एक ट्रस्ट के खाते में डालने के निर्देश देने का आरोप है। अधिकृत जानकारी के अनुसार गवर्निंग बॉडी के 9 दिसम्बर को निलंबन के आगे की प्रक्रिया के क्रम में कुलसचिव द्वारा वित्तीय तथा प्रशासनिक अनियमितताओं के संदर्भ में प्राचार्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर भी दे दी गई है। दरअसल, महाविद्यालय में कुछ नवनियुक्त शिक्षकों ने कुलपति से पत्र लिख कर शिकायत की थी कि उनकी नियुक्ति पत्र मिलने से पूर्व उन्हें प्राचार्य प्रो रंजना त्रिपाठी द्वारा एक ट्रस्ट के बैंक अकाउंट में दो लाख रुपये जमा करने के लिए कहा गया था। इन शिक्षकों को निर्देशित किया गया था कि वे पांच लाख रुपये इसी अकाउंट में नियुक्ति और तनख्वाह मिलने के बाद जमा कर देंगे। कुलपति ने पहले निलंबित कर दी गई थी। गवर्निंग बॉडी और छात्र कल्याण अधिष्ठाता की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर दी थी।

## मंडलायुक्त ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एवं विकास कार्यक्रमों तथा निर्माण कार्यो की किया बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या राजेश कुमार ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01.01. 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान तथा शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की बैठक किया एवं निर्माणाधीन जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त के साथ अपर आयुक्त अजय कांत सैनी भी मौजूद रहे।

एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित सभी उपजिलाधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान कि अब तक की स्थिति की समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मंडलायुक्त ने जनपद में अब तक एसआईआर को लेकर की गई कार्यवाही की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए और किसी अपात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल न हो जाए।

उन्होंने एएसडी सूची यानी एब्सेंट, शिफ्टेड ओर डेथ का गहनता से सत्यापन करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बैठक में बीएलओ और बीएलए के साथ सभी बूथों पर दोबारा बैठकें आयोजित कराने के निर्देश दिए जिससे कोई मतदाता छूटने न पाए। इसके साथ ही मंडलायुक्त ने 01. 01.2026 को जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूरी कर रहे हो उनका भी फार्म-6 भरवाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने कारागार का माडल देखा, इसके उपरांत आवासीय भवनों तथा बैरक का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छोटी-मोटी कमियां पाई गई।

## जौनपुर में शातिर गो तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की खुटहन थाना पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद एक शातिर गो तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार एवं गोली बारुद बरामद किया। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने गुरुवार को बताया कि बीती देर रात पुलिस चेकिग के दौरान पुलिस को सूचना मिला कि बिना नंबर की एक कार गभिरन की तरफ से मरहट पुलिया की तरफ आ रही है।

पुलिस ने नाकाबंदी कर कार को रोकने का प्रयास किया मगर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम की आत्मरक्षा जवांबी कार्यवाही में बदमाश रोहित यादव गोली लगने से घायल हो गया जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला। घायल गो-तस्कर को ईलाज के लिएसीएचसी खुटहन भेजा गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाश रोहित यादव के विरु( गोरखपुर, गोंडा, कबीर नगर, बाराबंकी, देवरिया, कानपुर नगर और जौनपुर में कुल 16 आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजार शुकुल, अमेठी।** अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 प्रियंका मौर्या गुरुवार को स्थानीय कस्बा में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालि. का विद्यालय पहुंची।

राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 प्रियंका मौर्या ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालि. का विद्यालय पहुंचकर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।औचक निरीक्षण कर स्थलीय जायजा लेकर जमीनी हकीकत परखी और विद्यालय के आवश्यक संसाधन की जानकारी ली साथ ही विद्यालय की छात्राओं से संवाद के माध्यम से हूबहू रूबरू होकर बातचीत की साथ ही छात्राओं को समोसा भी खिलाया।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य को अपने बीच पाकर छात्राएं गदगद नजर आई।

औचक निरीक्षण के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य ने विद्यालय की शिक्षिकाओं से जानकारी लेकर व्यवस्थाओं को चाक चौबंद चुस्त दुरुस्त बनाए रखने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

औचक निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ला कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की शिक्षिकाएं व अन्य संबंधित जन मौजूद रहे। ,?एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान स्थानीय कस्बा पहुंची उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 प्रियंका मौर्या ने बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।इसके बाद स्थानीय कस्बा में समाजसेवी रमेश मौर्या,संत. राम मौर्या,मनोज मौर्या आदि द्वारा बुके स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ एवं फूल का पौधा देकर स्वागत भी किया गया।

## डीएम ने की समीक्षा समिति की बैठक, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति, जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बैंकों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि पत्रावली किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से लम्बित न रखी जाये तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने अस्वीकृत किये गये ऋण आवेदनों की जांच एक समिति गठित करते हुये कराये जाने के निर्देश भी दिये।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंक मानकों के अनुसार क्रेडिट रेशियों में सुधार करना सुनिश्चित करें। खराब क्रेडिट रेशियों वाले बैंकों को सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रोजगारपरक योजनाओं से संबंधित विभाग लक्ष्य के अनुरूप पत्रावलियां संबंधित शाखा को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें तथा उनका नियमित रूप से फालोअप भी करें, जिससे समय से ;ण आवेदन स्वीकृत हो सकें। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि लापरवाही बरतने वाले शाख प्रबंधकों के विरू( राज्य स्तरीय बैंकिंग समिति को पत्र प्रेषित करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों को सम्मानित भी कराया जाये। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत बैंकों को प्रेषित पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगार सृजन हेतु यह अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, इसलिये इसके क्रियान्वयन में कोई लापरवाही न की जाये। मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप अधिक से अधिक रोजगार सृजन में बैंक अपना योगदान करें। उन्होंने एन0आर0एल0एम0 के अन्तर्गत भी पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने वर्ष 2026-27 हेतु नावार्ड द्वारा जारी सम्भावयता युक्त ऋण योजना का विमोचन भी किया।

## अमेठी में शीत लहर के चलते स्कूल के समय में हुआ बदलाव

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में लगातार बढ़ रही ठंड एवं शीत लहर के चलते बेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया है।

जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी सूचना के अनुसार जिले में अत्यधिक ठंड एवं घना कोहरा होने के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन समस्त परिपदीय , मान्यता प्राप्त, सहायता, प्राप्त सभी बोर्डों के आठ तक के स्कूलों का संचालन तत्काल प्रभाव से प्रातघ 10:00 बजे से अपरा]न 03:00 बजे तक किया जाय।

उन्होंने बताया कि ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर समेकित शिक्षा के अन्तर्गत अनावासीय प्रशिक्षण का संचालन सुचारू रूप से निर्धारित समयान्तर्गत चलता रहेगा। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि प्रशासन के इस निर्णय से अभिभावकों और बच्चों ने राहत की सांस लिया है।

## आइआइए ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** राइस मिलर्स ने आइ. आइए के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में गुरुवार को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर से मिले। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौपा। इस मौके पर आईआईए के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार की किसानों हेतु मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की क्रय नीति दि. 29.09.2025 के प्रस्तर 231 में व्यवस्था अनुसार फोर्टीफाइड राइस की डिलीवरी हेतु लखनऊ मण्डल में मै. पूर्णिमा एग्रो इन्डस्ट्रीज एल एल पी-उन्नाव, में. दुर्गा एण्ड सन्स एम्पायर प्र.लि. जिला फतेहपुर, मे. शान्ती एफ. आर.के. इन्डस्ट्रीज हरदोई एवम् मै. गोल्ड ब्लिस फूड प्रा.लि. जिला चन्दौली को नामित किया गया है। सीतापुर जिले के कुछ राइस मिलर्स द्वारा संगठन को अवगत कराया गया है कि उक्त फोर्टिफाइड राइस कर्नेल सप्लायर्स द्वारा जिलों में समान रूप से सभी को डिलीवरी नहीं दी जा रही है।

इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले की धान खरीद काफी प्रभावित हो रही है और समय से किसानों का धान खरीद न होने से किसानों में भी असन्तोष है । वहीं मिलर्स समय से सीएमआर चावल की डिलीवरी एफआरके के अभाव में एफसीआई को डिलीवर नहीं कर पा रहे हैं । जिससे मिलर्स को भी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इस प्रकार उक्त फोर्टिफाइड राइस कर्नेल चावल सप्लायर्स जिले की सरकारी खरीद व्यवस्था अस्त व्यस्त कर रहे हैं। जिसके कारण जिला सरकार को मूल्य समर्थन योजना में अपना पूर्ण योगदान नहीं दे पा रहा है।

जिले के अधिकारियों के पत्र का भी इन लोगों पर उचित प्रभाव नहीं दिख रहा। सम्बन्धित विभागीय अधिकारी असमर्थ दिख रहे हैं। जिलाधिकारी ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल , पवन अग्रवाल, संदीप भरतीया, अमित सिंहा, टिंकू गर्ग आदि मिलर्स मौजूद रहे।

## मंदिर मठों पर गृहकर शून्य रहेगा: नगर निगम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में इन दिनों नगर निगम द्वारा मंदिरों और मठों पर कर लगाने का मामला सुर्खियों में है। गुरुवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी त्रुटि के कारण नोटिस जारी हुआ होगा, जिसको सुधारा जा रहा है। किसी भी उपासना स्थल, मंदिर और मठ पर गृहकर शून्य रहेगा। कोई भी कार्रवाई प्रस्तावित नहीं है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिरों और मठों पर लगने वाले कर को लेकर नगर आयुक्त की ओर से स्पष्टीकरण दे दिया गया है। शासन के निर्देश पर पहली बार संपत्ति कर का यूनिफाइड बिलिग जनरेट किया जा रहा है।

# कुत्तों का मासूम पर जानलेवा हमला

## राहगीरों ने बामुश्किल बचाया, हायर सेंटर किया रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र में आवारा कुत्तों का दिन प्रतिदिन आतंक बढ़ता ही जा रहा है।

नगर से सटे ग्राम झाड़पुरा निवासी छह वर्षीय बालक कार्तिक पुत्र लौकमन को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। बालक कार्तिक अपने दादा छत्रपाल सिंह के साथ खेत से अपने घर की ओर वापस आ रहा था। इसी दौरान गांव के रास्ते में खड़े आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बालक पर हमला कर दिया। अपने पोते की चीख पुकार की आवाज सुनकर दौड़े दादा छत्रपाल सिंह ने पोते को बचाने का प्रयास किया लेकिन कुत्तों के झुंड के आगे दादा हिम्मत हार गए। राहगीरों ने बालक को कुत्तों के झुंड से बचाया, तब तक कुत्तों के झुंड ने कार्तिक के ऊपर हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

परिजनों ने बालक कार्तिक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां डॉ. मोहित व फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल बालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि कुत्तों ने बालक को जख्मी कर दिया था।

गौरतलब है कि ब्लॉक अफजलगढ़ क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन कुत्तों के हमलों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। गत 16 दिसंबर को मौहल्ला बेगम सराय निवासी दिलशाद अंसारी की 6 वर्षीय पुत्री हुमेरा को कुत्तों के झुंड ने उस समय हमला कर घायल कर दिया था, जब वह घर के बाहर खेल रही थी। इससे पूर्व गत छह जून को नगर की फैजी कालोनी निवासी पांच वर्षीय मासूम बालिका यास्मीन को कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था तथा बीते 24 जुलाई को सलावत नगर (भागीजोत) निवासी एक बुजुर्ग किसान महिला को धान की कटाई करते हुए आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

सीएचसी अफजलगढ़ व पीएचसी कासमपुर गढ़ी के आंकड़ों की मानें तो सन् 2025 में ब्लॉक क्षेत्र में लगभग तीन सौ पुरुष, महिलाओं व बच्चों पर हमला कर घायल कर दिया। आवारा कुत्तों ने हमला कर तीन बालकों, एक महिला सहित चार को मौत के घाट उतार दिया। अफजलगढ़, रसूलपुर आबाद, सूआवाला, कादराबाद, रेहड़, मानियावाला, सीरवासुचन्द, कासमपुर गढ़ी आदि दर्जनों गांव में कुत्तों के हमले जारी है। उधर प्रशास. निक अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। नगर व ग्राम वासियो ने डीएम जसजीत कौर से आवारा कुत्तों के झुंड को पकड़वाकर निजात दिलाने की मांग की है।

## महिलाओं-बालिकाओं को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्थानीय मौहल्ला पाई बाग में आज पुलिस ने 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उप निरीक्षक सुभाष राणा, महिला हेड कांस्टेबल निर्वशी, महिला कांस्टेबल अनीता और कोबरा टीम मौजूद रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। पुलिस टीम ने विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन-1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 जैसे आपातकालीन नंबरों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान पैम्फलेट भी वितरित किए गए और नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबरों की जानकारी दी गई।

## एक नजर

### खो नदी किनारे बेसुध मिला नशेड़ी



**शेरकोट।** खो नदी के किनारे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक व्यक्ति को नशे की हालत में बेसुध पड़ा देख स्थानीय लोगों ने उसे मृत समझ लिया। देखते ही देखते यह खबर क्षेत्र में फैल गई और खो बैराज पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को उठाने का प्रयास किया तो व्यक्ति भाग खड़ा हुआ। उसके भागते ही कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली कि कोई अनहोनी नहीं हुई। वहीं पुलिस ने भी स्थिति को सामान्य बताया और लोगों से अपील की कि ऐसी किसी भी घटना में बिना पूरी जानकारी के अफवाह न फैलाएं। पुलिस का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह बेसुध अवस्था में मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### संदेशों का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार




**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 और शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संस्था प्रवाह एनजीओ के बीच आपसी सहयोग (अनुबंध) संपन्न हुआ है। इस अनुबंध के अंतर्गत दोनों संस्थाएं स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को मिलकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। प्रवाह एनजीओ के प्रबंध निदेशक गगन दीप उपाध्याय ने बताया कि प्रवाह एनजीओ पूर्व से ही सामाजिक क्षेत्र में अनेक गतिविधियों का संचालन करता आ रहा है। संस्था समाज के प्रति समर्पण भाव से शिक्षा जागरूकता, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्य निरंतर करती रही है। रेडियो संदेश 89.6 एफएम के साथ हुए इस अनुबंध से सामाजिक संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार मिलेगा। रेडियो के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा का महत्व, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संदेश तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 एवं प्रवाह एनजीओ के बीच हुआ आपसी अनुबंध पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रेडियो संदेश टीम से डॉ. अजय कुमार, सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी तथा डॉ. शबनम कुरैशी, संग्राम सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक



**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियानअंतर्गत ग्राम सेह में महिला आरक्षी धीरु देवी व शिवानी के द्वारा महिलाओं एवं ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। उन्हें महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़, गुड टच बैड टच व साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया। यातायात संबंधी जानकारी भी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्याएं पूछी गई।

### अज्ञात वाहन ने पोल को टक्कर मारी



**नजीबाबाद।** बुंदकी मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने देर रात सड़क किनारे खड़े एक विद्युत पोल को टक्कर मार दी। इस घटना से पोल क्षतिग्रस्त हो गया और ग्राम पंचायत जालबपुर गुदढ की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यह घटना सुभाषनगर के निकट हुई। अज्ञात वाहन ने रात के अंधेरे में पोल को नुकसान पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त विद्युत खंभे के पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सका। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने क्षतिग्रस्त पोल को हटाकर नया विद्युत पोल स्थापित किया और बिजली आपूर्ति को सुचारू रूप से बहाल कर दिया।

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा



**नजीबाबाद।** तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन प्रधान की मासिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक दोपहर 12 बजे हुई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में किसानों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। इनमें किसानों की जमीन की फरद (खतौनी) से जुड़ी समस्याएं, राशन कार्ड न बनने की शिकायतें और आवारा पशुओं द्वारा फसलों को पहुंचाए जा रहे नुकसान पर रोक लगाने की मांग प्रमुख थी। इसके अतिरिक्त, फसलों के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता और वन विभाग से संबंधित परेशानियों पर भी चर्चा की गई। बैठक का आयोजन भारतीय किसान यूनियन प्रधान के व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष रमोद कुमार के नेतृत्व में किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने इन मुद्दों पर अपने-अपने विचार रखे।

## एक नजर

### सफाईकर्मियों को गर्म कपड़े वितरित



**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई कर्मियों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े वितरित किए गए। पालिका मीटिंग हॉल में एक कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह एवं चेयरपर्सन पति जावेद विकार की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस दौरान पुरुष सफाई कर्मियों को ट्रैकसूट तथा महिला सफाई कर्मियों को गर्म कपड़े भेंट किए गए। गर्म कपड़े पाकर सफाई कर्मियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह ने कहा कि सफाई सेवक नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कर्मचारियों से और बेहतर ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही कस्बावासियों से नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि नगर में जगह-जगह कूड़ेदान लगाए जा रहे हैं। नागरिक कचरा कूड़ेदानों में ही डालें और इधर-उधर न फेंकें, जिससे स्वच्छ बना रह सके। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में सफाई कर्मियों को राहत देने के उद्देश्य से गर्म कपड़ों का वितरण किया गया है। इस मौके पर लेखाकार संजीव अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, रोहिताश पवार, अमर पवार, रंजीत, दिनेश कुमार, मनोज पवार, राजीव, कमल, जगपाल, विमला देवी, सुमन देवी, रीता, प्रीति, नीतू आदि पालिका कर्मचारी व सफाईकर्मी मौजूद रहे है।

### भाकियू प्रधान की मासिक बैठक



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की मासिक बैठक में संगठन विस्तार के साथ-साथ किसान एवं मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया। बैठक में प्रशासन की लापरवाही और किसानों की उपेक्षा को लेकर तीखी नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान मुख्य छः मुद्दों में अनैतिक रूप से संचालित तथा अनैतिक कार्य में संलिप्त राजन व अन्य होटलों पर प्रतिबंध, तहसील कर्मचारी द्वारा शिकायत करने पर फोन नहीं उठाना, दिन और रात के अंधेरे में ओवरलोडिंग, , राशन वितरण में गड़बड़ियों का निस्तारण। ग्राम अकबरपुर आमला में चक रोड मार्ग पर मनरेगा द्वारा कार्य किया जाए जिससे गन्ना ढलान की समस्या न हो। इसी क्रम में किसान नेताओं ने अवैध रूप से संचालित होटलों और अवैध धंधों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह व संचालन जिला व्यापार अध्यक्ष रामोद कुमार ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहि. हताश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष नीरज, रही. सुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) मौहम्मद सरफराज अहमद, कुलदीप, राजेंद्र सिंह, जिला मंत्री शकील, मौहम्मद कामिल, जॉनी, बृजेश पाल, जिला प्रभारी शमशाद गुज्जर आमिल तथा प्रदेश सचिव डॉ. आकिल गुड्डू, रफीक, शमीम, विशाल चौधरी, मौहम्मद सोहेल, कुलदीप, सुनील कुमार, अभिषेक, रिंकू, पंकज, वीर सिंह, सुभाष, धूम सिंह, विपिन, सद्दाम, कैलाश, आदिल, सिकंदर, आतिफ़, उबेद, सलमान, जोगेंद्र चौधरी, युवा तहसील अध्यक्ष मुकुल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बुंदकी चीनी मिल में व्यापक मॉक ड्रिल



**अफजलगढ़।** सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए द्वारिकेश नगर इकाई में आज अर्द्धवार्षिक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह ड्रिल डीएसआईएल ऑन साइट इमरजेंसी प्लान के तहत आयोजित की गई, जिसका उददेश्य कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में विशेष रूप से आग लगने की स्थिति के लिए पूर्ण रूप से योग्य बनाना है। मॉक ड्रिक का आयोजन प्रातः संस्थान की आसवनी इकाई में शुरू हुआ। इस अवसर पर यूनिट हेड सलिल स्वरूप आर्य, एल.बी. सिंह, एस.के. सिंह, रिभू मालवीय, जीवराज सिंह, पलविन्द्र सिंह, उपदेश तथा आसवनी से अमित कुमार, दीपक वर्मा, ए.के. चौबे, रविकांत एवं सुशील कुमार के साथ सुरक्षा अधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अभ्यास का मार्गदर्शन नगीना के फायर ऑफिसर दीपक चौधरी एवं संस्थान के उप प्रबन्धक-सेफ्टी चन्द्रेश्वर विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। मॉक ड्रिल का प्रदर्शन उप प्रबन्धक सुरक्षा गुरुबख्श सिंह ने किया। मॉक ड्रिल में महत्वपूर्ण अग्निशमन यंत्रों का संचालन, फायर हाइड्रेटस और फोम मॉनिटर्स का उपयोग शामिल था। उन्होंने नोजल्स, फोम ट्रॉली, फायर टेंडर, एस.सी.बी.ए. (स्वतंत्र श्वास यंत्र) और अग्निशमन सूट के उपयोग को भी समझाया। इसके अलावा इस ड्रिल में एक एम्बुलेंस का उपयोग भी शामिल था ताकि आपातकालीन प्रतिक्रिया की व्यापकता को दर्शाया जा सके। इस दौरान द्वारिकेशनगर एवं द्वारिकेशपुरम इकाई के युनिट हेड एवं वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट) सलील स्वरूप आर्य ने सुझाव दिए और प्रतिभागियों के प्रभावी समन्वय और मॉक ड्रिल के सफल निष्पादन के लिए प्रशंसा की।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर



## प्रमाण पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में छात्र-छात्राओं को नियम, प्रतिज्ञा एवं जांच की जानक. ारी, अतिथि सत्कार, गांठ बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, भाईचारा, देश सेवा भावना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कक्षा 5 से कक्षा 12 तक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा समस्त नियमों का पालन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शिविर संचालकगण विवेक भार्गव, परमजीत कौर एवं परमजीत चौधरी ने छात्र-छात्राओं को 18 टोली बनाकर स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत अनुशासन में रहकर नियमों का पालन करते हुए अपने आप को हर क्षेत्र प्रतिभाशाली बनाने का प्रशिक्षण दिया। टोली नंबर 1 ने प्रथम, टोली नंबर 8 एवं 9 ने द्वितीय तथा टोली नंबर 18 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रबंधिका श्रीमती हिना कमाल व प्रधानाचार्य मंसूर खान ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास तथा देश प्रेम की भावना को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू कुमार, पल्लवी, रोहित गुप्ता, कोपल शर्मा, लक्षी चौहान, इकरा, सबीहा, अनस व समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## विशालकाय अजगर पकड़ा



**शेरकोट।** खो बैराज के पास अजगर सांप दिखाई देने से लोग भयभीत थे। सांप को देखने के लिए लगातार लोगों की भीड़ बढ़ रही थी। किसी अनहोनी के डर से पुलिस को कई बार भीड़ को तितर बितर करना पड़ा था। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने अनहोनी के डर से वन विभाग टीम को उक्त सांप के बारे में जानकारी दी थी। वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाकर उसे दो बार पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी थी। आज वन क्षेत्र अधिकारी शशांक गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर सांप को पकड़ लिया। शशांक गुप्ता ने बताया कि पकड़ गया असगर सांप लगभग बारह फिट लंबा तथा पचास किलोग्राम से अधिक वजन का है। अजगर को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है। इस अभियान में वन रक्षक विपिन कुमार, चौकीदार तथा एनजीओ इंचार्ज भास्कर मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया। क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की टीम की सराहना की।

## किसान से मारपीट कर बदमाशों ने सात हजार छीने

### मामला रास्ते का विवाद : थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बदमाशों ने एक किसान से मारपीट कर उसे तमंचा दिखाकर सात हजार रुपए छीन लिए। इसके बाद बदमाश किसान कें ट्रैक्टर में तोड़फोड़ करते हुए उसको डरा धमका कर मौके से फरार हो गए।

नांगल थाना क्षेत्र के जालपुर निवासी किसान जोगेंद्र सिंह ने अपने खेत पर सुल्तान नामक ट्रैक्टर चालक से मिल की मैली मंगाई थी। बीती रात करीब 9 बजे किसान जोगेंद्र सिंह मैली का भुगतान करने के लिये अपने खेत पर गया था। इसी दौरान पांच-छः बदमाश हाथ में तमंचा लेकर खेत पर पहुंच गए। सभी ने मारपीट करते हुए तमंचे का भय दिखाकर किसान की जेब में रखे सात हजार रुपए लूट और फोन छीनने का प्रयास किया, जिससे वह टूट गया। फोन को छोड़कर सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। किसान ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची। पीड़ित किसान से पूछताछ कर वापस लौट आयी। इस मामले में पीड़ित किसान ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया। आज सुबह पीड़ित किसान ने नांगल पुलिस को एक बदमाश के नामजद सहित कई के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

इस मामले में थाना प्रभारी सतेंद्र मलिक नें बताया कि मामला रास्ते के विवाद का था, लूट नहीं हुई है। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# विद्यार्थियों का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहा. सिक ज्ञान को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक भव्य शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान ने हरी झण्डी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मथुरा, वृंदावन, फतेहपुर सीकरी एवं आगरा के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान मथुरा एवं वृंदावन में विद्यार्थियों ने निधिवन, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारकाधीश मंदिर, रंगनाथ जी मंदिर, बाँके बिहारी मंदिर, यमुना घाट एवं प्रेम मंदिर जैसे पवित्र एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपरा को निकट से समझा। इन स्थलों ने विद्यार्थियों को आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराया। इसके उपरांत आगरा में विद्यार्थियों ने विश्वविख्यात ताजमहल, आगरा का लाल किला एवं फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा एवं जोधा बाई का किला जैसे ऐतिहासिक धरोहर स्थलों का भ्रमण किया, जहां उन्हें मुगलकालीन स्थापत्य कला, इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत की गहन जानकारी प्राप्त हुई।

इस सफल भ्रमण में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं प्रवक्तागण डॉ. एम.ए. खान, शिव कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, मीनू कोठारी एवं खुशबू रानी का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन, सुरक्षा एवं शैक्षणिक उद्देश्यों का विशेष ध्यान रखा।

कालेज प्रबंधन एवं शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धाक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय सिद्ध हुआ। छात्रों ने इस अवसर के लिए महाविद्यालय प्रशासन एवं सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुस्लिम फंड ने गरीबों को बांटे कंबल



## गरीब बेटियों की शादी में कर रहे आर्थिक मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर की ब्रांच चांदपुर में गरीब परिवारों को सर्दी से बचाने का एक छोटा सा प्रयास करते हुए सैकड़ों कंबल बांटे गए।

इस अवसर पर मुस्लिम फंड बसी किरतपुर से पधारे मुंशी हसीनुद्दीन ने कहा कि जनपद भर में हमारी लगभग 10 ब्रांच हैं, जो समय-समय पर गरीब पारिवारों की विभिन्न प्रकार से मदद करती चली आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी ब्रांच समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से भी गरीब परिवारों का इलाज करती चली आ रही हैं। आज का कंबल वितरण भी इसी मदद का एक अंश है। गरीब बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता उपलब्ध करा कर मदद करती रही है। जनरल मैनेजर शेख अकीलउद्दीन ने कहा कि मुस्लिम फंड बसी किरतपुर हमेशा ही गरीब परिवार की मदद करता रहा है। समय-समय पर गरीब परिवारों की विभिन्न प्रकार से मदद करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे फंड की ओर से गरीब परिवारों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शिक्षण संस्थाएं खोली हुई है, जिनमें बेहतर शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही है। चांदपुर में क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नाम से शिक्षण संस्थान चल रहा है। उनका कहना है कि कुछ स्थानों पर चिकित्सकों द्वारा गरीब परिवारों का निःशुल्क इलाज भी किया जाता है। ब्रांच इंचार्ज सैयद कौसर अली ने कहा कि हमारी ब्रांच सर्दियों में गरीब परिवारों को कंबल बांटने का काम करती है। साथ ही प्रति माह सैकड़ों गरीब परिवारों की विधवा महिलाओ को पेंशन देती है और गरीब बेटियों की शादियों में भी आर्थिक मदद करती है। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि मुस्लिम फंड बसी किरतपुर ने हमेशा ही गरीब परिवारों की मदद करने का काम किया है। उन्होंने मुस्लिम फंड बसी किरतपुर से पधारे मुंशी हसीनुद्दीन, जनरल मैनेजर शेख अकीलुद्दीन, उप प्रबंधक मरगूब अहमद का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर मौहम्मद असलम पूर्व सभासद, मौहम्मद चांद, धर्मवीर सिंह, मौहम्मद कासिम, मौहम्मद जकी, मौहम्मद असलम, रामपाल सिंह, वकारुद्दीन, वसीम अहमद, अनस अहमद, अरफात, रिजवान अहमद, सैफ अहमद एवं समस्त स्टाफ मुस्लिम फंड ब्रांच चांदपुर उपस्थित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभासद वजीउल हसन रिजवी ने की जबकि संचालन नदीम बख्त ने किया।

# एसडीएम ने सेंथल में अलाव और रैन बसेरे का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** उपजिलाधिकारी नवाबगंज ने गुरुवार को अचानक से अलाव व रैन बसेरे का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमार्ग पर जलते हुए अलाव और रैन बसेरे को देखा। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू, केयर टेकर अनीसुद्दीन, सफाई नायक रईस हैदर भी उनके साथ रहे।

अध्यक्ष श्री शानू ने बताया कि वह स्वयं भी प्रतिदिन अपने शहर का निरीक्षण करते हैं, व्यवस्थाएं पूरी तरह से सुचारू हैं। उन्होंने अपने अधीनस्थों को भी हिदायत दे रखी है।कर्मचारियों को दिए गए कड़े निर्देश में उन्होंने कहा है कि यदि कोई भी परदेसी आदमी ठंड से ठिठुरता हुआ दिखे उसे फौरन रैन बसेरे में ले जाकर लिटाया जाए, साथ ही उसके लिए नाश्ते और भोजन की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी परदेसी को असुविधा हुई तो संबंधित कर्मचारी की खैर नहीं। उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी भी अपनी पूरी जिम्मेदारी से लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

# देवरनियां में तेज रफ्तार का कहर, अज्ञात वाहन ने छीनी दो जिगरी दोस्तों की जान

## निजी अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम, फरार वाहन की पहचान में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में सेमीखेड़ाख़बरौर मार्ग पर मंगलवार देर शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी उपचार के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में गुरुवार को मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।





प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पीलीभीत के गजरौला निवासी लीलाधर, जो बरेली के इज्जतनगर स्थित रेलवे में कर्मचारी हैं, उनके 22 वर्षीय पुत्र सौरभ की देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव हिस्मा निवासी रामबाबू उर्फ कड़ेराम के 18 वर्षीय पुत्र दिनेश से गहरी दोस्ती थी। सौरभ मंगलवार को दिनेश से मिलने हिस्मा आया था। देर शाम दोनों एक ही बाइक से सेमीखेड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सेमीखेड़ाख़बरौर रोड पर गांव ढकिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को उपचार के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान पहले एक और फिर दूसरे युवक ने दम तोड़ दिया। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

दिनेश फोटोग्राफी का कार्य करता था, जबकि सौरभ बेरोजगार बताया गया है। दिनेश तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी एक बहन की शादी हो चुकी है, जबकि एक भाई अविवाहित है। दोनों युवकों की दोस्ती इलाके में चर्चा का विषय थी, और सौरभ अक्सर दिनेश से मिलने आया करता था। अस्पताल से सूचना मिलने पर देवरनियां पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि अभी तक परि. जनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

## एक नजर

# शारीरिक संबंध बनाकर शादी से इंकार करने का आरोप

**पुलिस ने आरोपी युवक पर दर्ज किया मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि युवक ने प्रेमजाल में फंसाने के बाद अपने परिवार के शादी समारोह में बुला लिया, और फिर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये। इस मामले में पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सुभाष कालौनी रुद्रपुर थाना रम्पुरा जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) निवासी एक युवती का कहना है कि थाना बहेड़ी के ग्राम धिमरी निवासी मोहि. हत उम्र 30 वर्ष पुत्र नेमचन्द ने उसे अपनी बातों में लेकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। युवती का कहना है कि प्रेमजाल में फंसाने के बाद युवक ने उसे अपने परिवार के शादी समारोह में बुला लिया, और फिर उससे शादी करने की बात कहकर शारीरिक सम्बन्ध बनाये। इसके बाद युवक उससे लगातार शारी. रिक सम्बन्ध बनाने लगा। इस दौरान युवक ने उसके अश्लील फोटो खींच लिये और वीडियो भी बना ली। जब उसने युवक पर शादी करने के लिये जोर डाला तो युवक बौखला गया, और उसकी फोटो और वीडियो दिखाकर गन्दी-गन्दी गालियां देकर शादी करने से साफ इंकार कर दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक मोहित के खिलाफ धारा 69/352/351 (4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि मोहित लगभग 4 साल से रुद्रपुर में रहकर काम कर रहा है।

# कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से बचाव हेतु जनपद में 29 रैन बसेरे संचालित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह द्वारा जानकारी दी गयी है कि शीत लहर के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है, जिससे कोई भी व्यक्ति ठण्ड में खुले में सोने को मजबूर न हो। कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से बचाव हेतु 29 रैन बसेरे संचालित किये जा रहे हैं, अलाव जलवाए जा रहे हैं तथा गरीब बेसहारा लोगों को कम्बल वितरण भी किया जा रहा है।

**141 स्थानों पर जल रहे अलाव साथ ही गरीबों को कम्बल का भी हो रहा वितरण**

उन्होंने बताया कि जनपद में राजस्व आपदा विभाग की ओर से 6185 कंबलों की खरीद की जा चुकी है, जो तहसीलों को आवंटित किए जा चुके हैं, आज तक 2676 का वितरण भी किया जा चुका है। जनपद में 29 रैन बसेरा संचालित हैं और 141 स्थान अलाव हेतु चिन्हित हैं। सभी ग्रामीण क्षेत्र में तहसील के द्वारा और नगर क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी और नगर निगम द्वारा अलाव जलवाया जा रहा है। उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि लगातार निरीक्षण करते रहें और सर्दी से आम जनमानस, राहगीरों को कोई समस्या न हो। जनपद बरेली की तहसील आंवला में 05, बहेड़ी में 05, सदर में 07, फरीदपुर में 06, मीरगंज में 04 तथा नवाबगंज में 02 कुल 29 रैन बसेरे संचालित है।

# महिलाओं को शसक्त बनाने के साथ शिक्षित करने पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के सेठ दुली चन्द सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को आयोजित महिला सप्तम कार्यक्रम में महिलाओं को शिक्षित करने के साथ ही उन्हें शसक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर की अध्यक्षता में विद्यालय में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने देश की उन प्रमुख महिलाओं का जिक्र किया जिन्होंने अपना नाम देश में रोशन किया है। उन्होंने रानी लक्ष्मीवाई, रानी दुर्गावती, अहिल्याबाई, लता मंगेशकर, सुधा मूर्ति आदि ने अपने-अपने क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया। उन्होंने छात्राओं से उनसे प्रेरणा लेने का आवाहन किया। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि भाजपा की पूर्व जिला अध्यक्ष विमला शुक्ला ने महिलाओं को शसक्त बनाने के लिए जोर दिया। आयोजन में विद्यालय के अध्यक्ष दीपक सूरी, प्रधानाचार्य हरिप्रसाद गंगवार, डॉक्टर चोखेलाल, देवेश देवल सहित आदि ने भाग लिया।



# विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने निर्धनों को बांटे कम्बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने गुरुवार को क्षेत्र के निर्धन लोगों को कंबल वितरित किए।

ब्लॉक सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार के साथ ही तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने क्षेत्र के दर्जनों निर्धन और असहाय लोगों को कम्बल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। कंबल वितरित कार्यक्रम आयोजित भाजपा के युवा नेता रोहि. हत गंगवार, टी आर गंगवार, रघुवीर सिंह वीरे, नितीश उपाध्याय, ग्राम विकास अधिकारी नरेश राठौर आदि शामिल रहे। खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य ने कार्यक्रम का संचालन कर विधायक, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के साथ ही तहसीलदार का स्वागत किया।



# विधायक डॉक्टर एमपी आर्या भी पहुंचे मुकेश मौर्य के घर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** विश्व हिंदू परिषद की टीम के बाद गुरुवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्या भी मृतक मुक. ेश के घर पहुंचे और बिलखते परिवार को शीघ्र पुलिस कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**■ बिलखते परिवार को कार्रवाई का आश्वासन**

बताते चलें कि बीते पांच दिसंबर को मुकेश मेला देखने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन सबेरे उसकी लाश गेहूं के खेत में पाई गई। मुकेश मौर्य की हत्या में छह लोगों को नामजद किया गया था, इतना समय बीत जाने के बाद पुलिस मात्र दो ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर पाई, शेष चार अभियुक्त अभी भी थाना हाफिजगंज पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। मुकेश के पिता ने विधायक श्री आर्या से पुलिस की कार्यशैली की शिकायत की और शीघ्र ही शेष अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की। विधायक श्री आर्या ने परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस संबंध में आला अधिकारियों से बात कर शेष मुलजिमान को गिरफ्तार करवाएंगे।

# बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव लड़ रहे श्रीश मेहरोत्रा पहुंचे तहसील नवाबगंज

**■ अधिवक्ताओं ने सर आंखों पर बिठाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे बरेली तहसील के अधिवक्ताओं के चहेते श्रीश मेहरोत्रा उर्फ रम्मी गुरुवार को अधिवक्ता साथियों के बीच पहुंचे और उनसे वोट और सपोट मांगा।

श्री मेहरोत्रा के साथ आए लोग नारे बाजी करते हुए जैसे ही यहां पहुंचे वैसे ही सभी अधिवक्ता अपनी अपनी सीटों से उठकर उनके साथ हो लिए, और अपने अधिवक्ता साथियों की सीट सीट ले जाकर उनसे मुलाकात कराई। चुनाव लड़ रहे दर्जनों अधिवक्ता अभी तक तहसील के अधिवक्ताओं से वोट मांगने आ चुके हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में आज श्रीश मेहरोत्रा के साथ जनसमर्थन देखने को मिला किसी भी अधिवक्ता उम्मीदवार के साथ देखने को नहीं मिला।



एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल के साथ ही पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सुधाकर लाल रस्तोगी, रवीन्द्र पाल सिंह गंगवार, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, संजीव गंगवार, संतोष कुमारी, आस्था मेहरोत्रा रघुनंदन सिंह गंगवार, नूरी जैदी, मो. हारून अंसारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देने और सपोट करने का आश्वासन दिया। उनके साथ आए के के गंगवार, जेबा फातिमा, मयूरी सिंह, डॉक्टर कमल किशोर, राजेश गुप्ता के साथ ही अधिवक्ताओं प्रिया शंकर, अशर्फी लाल गंगवार, भुवनेश गंगवार, अनिल दिवाकर, नौरोज हसन अंसारी, उमेश गंगवार, विपिन पाण्डे, शैलेन्द्र शर्मा, भीमगंगवार आदि शामिल रहे।

# बरेली में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**विजेता प्रतिभागियों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पुरस्कृत**

**बरेली।** मेरा युवा भारत संगठन द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 17 और 18 दिसंबर को रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम इज्जत नगर में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल मुख्य अतिथि रहीं, जिन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

प्रतियोगिता में कबड्डी (बालक एवं बालिका वर्ग), खो-खो, लंबी कूद, 400 मीटर दौड़ (बालक वर्ग), 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग), भाला फेंक, चक्का फेंक और गोला फेंक सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इसमें पांच विकासखंडों- आलमपुर जाफराबाद, फरीदपुर, शेरगढ़ और क्यारा के विज. ता खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कबड्डी बालक वर्ग में फरीदपुर की इंडियन बॉय टीम ने खिताब जीता, जबकि आलमपुर जाफराबाद की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग कबड्डी में क्यारा की दुर्गा टीम विजेता बनी और रानी लक्ष्मीबाई टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। खो-खो में चाहरपुर की टीम विजयी रही, वहीं शेरगढ़ की लक्ष्मीबाई टीम उपविजेता बनी। लंबी कूद बालिका वर्ग में खुशबू ने प्रथम, सोनम ने द्वितीय और प्रज्ञा ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में सैंडी प्रथम, ओमेंद्र द्वितीय और शिवांश तृतीय रहे। लंबी कूद बालक वर्ग में रवि ने पहला, कृष्णा पाठक ने दूसरा और शिवांग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में नीलम प्रथम, आरती द्वितीय और शीला तृतीय रहीं। गोला फेंक में कंचन यादव ने बाजी मारी, सोनम द्वितीय और नीता तृतीय स्थान पर रहीं। भाला फेंक प्रतियोगिता में ममता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया द्वितीय और कीर्ति तृतीय रहीं। इस प्रतियोगिता का आयोजन मेरा युवा भारत की उपनिदेशक पुष्पा सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह, विशाल यादव, अनीता वर्मा, फिरोज सिद्दीकी, विमल कुमार, मानवेंद्र सिंह और विभिन्न युवा क्लबों के अध्यक्ष सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# असद जैदी सेंथल नगर के अध्यक्ष पद पर हुए आसीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर वासी असद जैदी को मिली कुर्सी कांग्रेस की नीतियों को घर घर पहुंचाने को हुए सक्रिय।

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलानी से नियुक्ति पत्र लेकर असद जैदी जैसे ही यहां पहुंचे तो पहले से ही प्रतीक्षारत उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और जोरदार नारे बाजी की। असद जैदी ने अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस सुनहरे कल की ओर बढ़ रही है और आने वाला कल कांग्रेस का होगा स्वागत करने वालों में अविस जैदी, वाहिद जैदी, फहीम सलमानी, सैफी हैदर, हुजैफा पठान, अहसन जैदी, शाने हैदर, संजले अंसारी, साईदउल हसन आदि मुख्य रहे।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र से एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना 15 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6 बजे की है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उस समय नाबालिग घर पर अकेली थी। जब परिवार के सदस्य वापस लौटे, तो लड़की घर से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। तहरीर के अनुसार, अरबाज पुत्र नसीम खां, निवासी ग्राम गोठा, थाना बहेड़ी, जिला बरेली (मूल निवासी ग्राम सिमरावा, थाना शेरगढ़) पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप है। इस मामले में बाबू पुत्र अकबर खां की भूमिका भी सामने आई है, जिसके घर अरबाज का अक्सर आना-जाना था। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने बाबू और उसके साले मुनव्वर सहित अन्य संबंधित लोगों से संपर्क किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तम्बाकू मुक्त को लेकर छात्र-छात्राओं को किया जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को तम्बाकू मुक्त परिसर अभियान के तहत छात्र-छात्राओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरिकेश सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. सिंह ने तम्बाकू सेवन से होने वाले विभिन्न गंभीर रोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से तम्बाकू का पूर्ण त्याग करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी तम्बाकू के दुष्प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने छात्र-छात्राओं को तम्बाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे स्वयं तम्बाकू का सेवन नहीं करेंगे और इस जनहितकारी संदेश को अपने घर-परिवार तथा आसपास के लोगों तक प्रसारित करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिनन्दन कुशवाहा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील प्रजापति द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी विनीत कुमार श्रीवास्तव एवं प्रेम. वती के साथ महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. रविन्द्र कुमार गंगवार, विजय कुमार शुक्ल, डॉ. योगेंद्र यादव तथा पूनम गंगवार सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण, बेघरों को बांटे कंबल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह ने देर रात शहर के रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ठंड से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, अपर जिलाधिकारी ने पुराना बस अड्डा, सैटेलाइट और रेलवे स्टेशन सहित शहर के कई स्थानों पर फुटपाथ पर सो रहे बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किए। उन्होंने इन लोगों को रैन बसेरों में आश्रय भी दिलाया।

ठंड के मद्देनजर, उन्होंने रैन बसेरों में साफ-सुथरे रजाई-गद्दे, गर्म पानी और अलाव जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर रैन बसेरों की सूची चस्पा की जाए। इसका उद्देश्य आमजन को रैन बसेरों की जानकारी देना है ताकि वे खुले आसमान के बजाय इनका लाभ उठा सकें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद और नायब तहसीलदार विदित सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उप गन्ना आयुक्त ने चीनी मिल क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**■ अवैध गन्ना खरीद रोकने के लिए टीमें गठित, व्यवस्थाएं परखीं**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उप गन्ना आयुक्त एवं उप चीनी आयुक्त परिक्षेत्र बरेली ने 17 दिसंबर 2025 को परिक्षेत्र की तीन चीनी मिलों के क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण अवैध गन्ने की खरीद-फरोख्त पर नियंत्रण के उद्देश्य से किया गया।

निरीक्षण के दौरान, निगोही चीनी मिल के क्रय केंद्र पिपरिया कनक पर गन्ना उठान की व्यवस्था सामान्य पाई गई। केंद्र पर दो खाली और एक भरा ट्रक खड़ा मिला। 17 दिसंबर 2025 तक इस केंद्र पर 10161 क्विंटल गन्ने की खरीद दर्ज की गई। इसी क्रम में, मीरग. ंज चीनी मिल के क्रय केंद्र चका 'अ' पर गन्ना उठान की व्यवस्था अच्छी मिली। यहां एक खाली और एक भरा ट्रक मौजूद था, और तौल की व्यवस्था भी सही पाई गई। इस केंद्र पर 17 दिसंबर 2025 तक 7331 क्विंटल गन्ने की खरीद हुई थी। हालांकि, पीलीभीत चीनी मिल के क्रय केंद्र भूड़ा बहादुरपुर 'अ' पर कांटा सही पाया गया, लेकिन गन्ना उठान की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी। केंद्र पर 35 ट्रॉलियां तौल के इंतजार में खड़ी मिलीं। इस पर उप गन्ना आयुक्त ने पीलीभीत चीनी मिल को तत्काल गन्ना उठान और परिवहन व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को गन्ना आपूर्ति में कोई असुविधा न हो। उप गन्ना आयुक्त के निर्देशों के तहत, गन्ने की अवैध खरीद-फरोख्त रोकने के लिए गठित टीम ने 17 दिसंबर 2025 की रात बहेड़ी (बरेली) स्थित उत्तराखंड-भिल्लौर बॉर्डर पर सिरसा पुलिस चौकी पर गश्त की। टीम को गश्त के दौरान मार्ग से किसी भी गन्ने से भरे वाहन का आवागमन नहीं मिला।



# न्यू ईयर का जश्न मनाने वाले होटलों और क्लबों को लेनी होगी प्रशासन से अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए शहर के बड़े होटलों और क्लबों ने अभी से कार्यक्रम कराने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुछ होटल संचालकों ने थर्टी फर्स्ट जश्न के कार्यक्रम की बुकिंग शुरू कर दी है, लेकिन इस बार होटल और क्लबों को जश्न का कार्यक्रम कराने के लिए प्रशासन से अनुमति लेना जरूरी है।

डीएम ने बताया कि जो भी होटल या क्लब संचालक ऐसा नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध नियमों का उल्लंघन या हादसा होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने होटल, रेस्टोरेंट और क्लबों के लिए गाइडलाइन जारी करने की तैयारी की है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह का कहना है कि थर्टी फर्स्ट और न्यू ईयर जश्न का कार्यक्रम कराने वाले होटल व क्लबों को अनुमति लेनी चाहिए। ऐसा करने पर पुलिस-प्रशासन उनके लिए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराएगा ताकि किसी भी प्रकार से कोई माहौल खराब न कर सके। होटल व क्लबों के लिए हर साल की तरह नियमों की गाइडलाइन जारी होगी। डीएम ने बताया कि जो होटल या क्लब नियमों का उल्लंघन करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, शहर के 50 से ज्यादा होटलों और क्लबों में थर्टी फर्स्ट का जश्न धूमधाम से मनाया जाएगा। देर रात तक धूमधड़ाका होता है। होटल वालों ने कमाई करने के लिए अभी से बुकिंग शुरू कर दी है।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना परिसार बहेड़ी जनपद बरेली में 207 एमबी एक्ट के वाहनों की नीलामी दिनांक 24.12.2025 को होगी। नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह को नीलाम अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**(इशिता किशोर)**
**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी बहेड़ी, बरेली**

# बाइक चोरी गैंग का भंडाफोड़

## एक आरोपी गिरफ्तार, 10 वाहन बरामद, पलक झपकते ही खोल देता था लॉक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** एनसीआर के जनपदों में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को थाना फेस-3 पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के 10 दोपहिया वाहन बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाश ने वाहन चोरी की कई वारदातें करनी स्वीकार की है। इसके अलावा थाना सेक्टर-39 पुलिस ने मोबाइल फोन के टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो बाल अपचारी हैं। इनके पास से चोरी के दो आरआरयू बरामद हुआ है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि थाना फेस तीन पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर मामूरा गांव के पास से अजय नामक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से चोरी की हुई 10 मोटरसाइकिलें व 2 चाबी बरामद की है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने चोरी के बरामद माल के बारे में बताया कि वह देर रात्रि में सुनसान जगह पर खडे वाहनों से वाहनों के उपकरण चोरी करता है तथा दुपहिया वाहनों को चोरी करके राहगीरों को बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करता है।

इसके अलावा थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि आज एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने निशांत पुत्र आदिल निवासी दिल्ली उम्र 18 वर्ष, मोहम्मद कैफ उर्फ नेपाली उम्र 21 वर्ष तथा दो बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से चोरी के दो आरआरयू बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि ये बदमाश विभिन्न जगहों पर लगे मोबाइल फोन के टावरों से कीमती उपकरण चोरी करते हैं।

## देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा नोएडा

**नोएडा।** नोएडा गुरुवार को देश का सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई 397 दर्ज किया गया। बुधवार के मुकाबले गौतमबुद्ध नगर में प्रदूषण बढ़ गया। हल्के कोहरे के कारण शाम को हवा और जहरीली हो गई। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 344 दर्ज किया गया। एक दिन पहले के मुकाबले नोएडा का एक्यूआई 66 अंक बढ़ा। वहीं, ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई में 34 अंक की बढ़ोतरी हुई। शाम छह बजे के बाद नोएडा के तीन स्थानों सेक्टर-125, सेक्टर-1 और सेक्टर-116 का एक्यूआई 400 से अधिक हो गया था। सबसे अधिक प्रदूषित सेक्टर-1 रहा। यहां का एक्यूआई 455 दर्ज किया गया।

वहीं, ग्रेटर नोएडा के दोनों स्थानों का एक्यूआई 400 से कम रहा। रात सात बजे बजे नोएडा का एक्यूआई 415 और ग्रेटर नोएडा का 364 तक पहुंच गया। सेक्टर-1 में पीएम 10 का स्तर सुबह चार बजे 574 रहा। जिले के सभी छह स्थानों में पीएम 2.5 का स्तर पीएम 10 के स्तर से अधिक रहा।

## युवती का अपहरण करना चाहता था कैब चालक, 100 की स्पीड में चलती कार से कूदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा से युवती के साथ हुई एक हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। ऑफिस से घर लौटते समय कैब बुक करना युवती के लिए उसके जीवन का इतना डरावना सपना बन जाएगा, उसने सोचा नहीं था। घर जाते समय उसका सामना एक ऐसे ड्राइवर से हुआ, जिसका इरादा कुछ और ही था। ऑफिस से निकलने के कुछ देर बाद ही युवती को महसूस हो गया था कि वह गलत रास्ते पर जा रही है। इस बात के लिए जब उसने ड्राइवर को टोका तो उसने युवती की बात को अनसुना कर दिया। हालात तो तब बिगड़ गए जब ड्राइवर ने उससे फोन छीनने की कोशिश की। बाद में बात इतनी बढ़ गई कि युवती को चलती गाड़ी में कूदना पड़ा।

30 नवंबर को रात के 11:40 बजे के आस-पास युवती ने ऑफिस से घर जाने के लिए कैब बुक की। कैब बुक करने के कुछ ही देर में एक यूपी के नंबर वाली गाड़ी ऑफिस के बाहर आ पहुंची। युवती के कैब में बैठने के कुछ देर तक सब सही था, लेकिन अचानक युवती ने महसूस किया कि ड्राइवर ने गलत रास्ते पर गाड़ी घुमा ली है। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर ने सेक्टर-62 के अंडरपास के बदले दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते की तरफ गाड़ी मोड़ी थी। ऐसा होने पर युवती को ड्राइवर के इरादों पर थोड़ा शक हुआ। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए ड्राइवर से रास्ता बदलने का कारण पूछा लेकिन ड्राइवर ने उसकी बात को बिल्कुल अनसुना कर दिया और उसी दिशा में गाड़ी चलाता रहा। युवती बार-बार गाड़ी रो. कने के लिए ड्राइवर से बोलती रही लेकिन उसने नहीं रोक और गाड़ी की स्पीड और बढ़ा दी। इसी बीच उन दोनों के बीच कहा सुनी हो गई। साथ ही युवती ने जब शोर मचाने का प्रयास किया, तो इस पर भी युवती को ड्राइवर ने धमकी देकर डराने का प्रयास किया।

इतना ही नहीं जब युवती ने फोन निकालकर पुलिस से संपर्क करने का प्रयास की, तब ड्राइवर उसका फोन छीनने लगा। इतना सब होने के बाद युवती का ड्राइवर की नीयत को लेकर शक यकीन में बदल चुका था। युवती ने बहुत हिम्मत के साथ खुद को बचाने के लिए योजना बनाई। जैसे ही गाड़ी की स्पीड थोड़ा धीरे हुई, वह गाड़ी से कूद गई और जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। चलती गाड़ी से कूदने की वजह से युवती को चोट तो आई है, लेकिन फिर भी वह अपनी जान बचाने में सफल रही। गाड़ी से कूदने के बाद लड़की को सड़क किनारे एक आदमी से मदद लेनी पड़ी। उसके बाद ड्राइवर ने वापस अपनी कैब मोड़ी और उसे घूरता हुआ चला गया।

## बिसाहड़ा कांड में 23 दिसंबर को अगली सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा के बिसाहड़ा कांड मामले में सरकार की ओर से मुकदमा वापस लेने की अर्जी पर अब 23 दिसंबर को सुनवाई होगी। शासन और संयुक्त निदेशक अभियोजन के आदेश के बाद सहायक जिला शासकीय वकील (फौजदारी) ने अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया है, जिसमें सामाजिक सद्भाव की बहाली को देखते हुए मुकदमा वापस लेने का आदेश पारित करने की अनुम. ति मांगी गई है। इससे पहले 12 दिसंबर को हुई सुनवाई में अभियोजन पक्ष ने समय मांगा था। जिसके बाद आज की तारीख दी गई थी। ऐसे में कोर्ट में दोपहर बाद सुनवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन के न्याय अनुभाग-5 (फौजदारी) लखनऊ द्वारा 26 अगस्त 2025 को जारी शासनादेश के अनुसार इस मुकदमे को वापस लेने का निर्णय लिया गया था।संयुक्त निदेशक अभियोजन गौतमबुद्धनगर ने 12 सितंबर 2025 को पत्र जारी करते हुए जिला शासकीय वकील (फौजदारी) गौतमबुद्धनगर को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि राज्यपाल महोदया द्वारा अभियोजन वापसी की अनुमति प्रदान कर दी गई है। यह कार्रवाई दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-321 के तहत की गई है। इसके बाद 15 अक्टूबर को अर्जी दाखिल की गई थी।

**क्या था मामला?:** 28 सितंबर 2015 की रात थाना जारचा क्षेत्र के गांव बिसाहड़ा में गोमांस सेवन की अफवाह फैलते ही भीड़ ने एक घर पर हमला कर दिया था। इस दौरान गांव निवासी अखलाक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

## पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-59 के वेंडिंग जोन में वेंडर्स ने सीटू कार्यकर्ताओं के सहयोग से गुरुवार को प्रदर्शन किया। वेंडर्स ने पुलिस के खिलाफ उत्पीड़न करने समेत कई अन्य आरोप लगाए। पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री और सीटू के जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने आरोप लगाया कि पुलिस कर्मी पिछले कुछ दिनों से अनुचित लाभ के लिए वेंडर्स पर दबाव बनाने के लिए रात नौ बजे से पहले ही जबरन दुकानें बंद करवा देते हैं, जिसके कारण वेंडर्स का आर्थिक नुकसान हो रहा है।

उक्त वेंडिंग जोन औद्योगिक क्षेत्र के बीच में है, यहां पर ग्राहक रात नौ बजे उद्योगों से छुट्टी होने के बाद आते हैं।

## 12 करोड़ के फ्रॉड में एक गिरफ्तार



■ **गिरोह देश में 35 करोड़ से ज्यादा कर चुके फ्राड, खाते से संबंधित मिली 37 शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** देश में लगभग 35 करोड़ रुपए से ज्यादा और नोएडा में निवेश के नाम पर 12 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में चाइनीज साइबर ठगों से जुड़े एक ठग को साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। इसका नाम सुधाकर गर्ग पुत्र ईश्वर सिंह गर्ग है। इसकी गिरफ्तारी रो. हतक हरियाणा से की गई।

दरअसल 3 दिसंबर को आईटी एक्ट में शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 12 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। इस धोखाधड़ी में संदिग्ध बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया था। 5 दिसंबर को इस मामले से जुड़े चार ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसमें दो लोग मुंबई पुलिस व दो को हैदराबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

सुधाकर गर्ग ने पूछताछ में बताया गया कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए संदिग्ध व्यक्ति राशिद खान उर्फ लकी से हुई थी। राशिद खान उर्फ लकी द्वारा उसे जीएसटी फर्म एवं करंट बैंक खाते खुलवाने के लिए बताया। खाता खोलने के बाद उसे मुंबई बुलाया गया। राशिद खान उर्फ लकी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर खुलवाए गए विभिन्न बैंक खातों में साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि ट्रांसफर कराता था।

**यूएसडीटी को कंवर्ट करते:** धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खातों में आई धनराशि के एवज में ठग को 07 से 10 प्रतिशत राशि नकद प्राप्त की जाती थी। जबकि खाताधारक को 01 से 03 प्रतिशत के अनुपात में यूएसडीटी दिया जाता था। इसके बाद ठग यूएसडीटी को ठप्छ।छब्ब् एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बेचकर, मिली धनराशि को यूपीआई के माध्यम से अपने अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित कर लेते है।

**एक साल से लिप्त है:** राशिद खान उर्फ लकी एवं उसके अन्य 02 साथियों को इसी प्रकार के अपराधों में पूर्व में मुंबई पुलिस एवं हैदराबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि ठग लगभग एक वर्ष से साइबर अपराधों में संलिप्त है। उसके कुल 05 बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी में किया गया।

**खाते से संबंधित मिली 37 शिकायत:** एनसीआरपी पोर्टल पर अब तक इन बैंक खातों के विरुद्ध देश के विभिन्न राज्यों से कुल 37 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश (03), दिल्ली (03), हरियाणा (02), जम्मू-कश्मीर (02), कर्नाटक (08), महाराष्ट्र (07), तमिलनाडु (07), उत्तर प्रदेश (03) एवं पश्चिम बंगाल (02) शामिल हैं। घटना में संलिप्त अन्य लोगों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### एक नजर

## ग्रैप-4 के नियमों का उल्लंघन करने पर ग्रेनो प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** एनसीआर में प्रदूषण को देखते हुए एनजीटी की तरफ से ग्रैप-4 लागू है। ग्रेटर नोएडा एनजीटी के आदेशों का पालन कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से भी अभियान चलाया जा रहा है। इसका उल्लंघन करने वालों पर भारी पेनल्टी भी लगाई जा रही है। प्राधिकरण के परियोजना विभाग की तरफ से अब तक कपंनियों और व्यक्तियों पर मिलाकर करीब 49.45 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई गई है।

दरअसल, एनसीआर में ग्रैप-4 लागू करने के साथ ही निर्माण कार्यों पर भी रोक लग गई है। निर्माण सामग्रियों को भी ढककर रखने के निर्देश हैं। ग्रेटर नोएडा एरिया में ग्रैप-4 के नियमों का पालन कराने के लिए प्राधिकरण प्रतिबद्ध है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रैप-4 के नियमों का पूरा पालन करने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ सुमित यादव के नेतृत्व में प्राधिकरण की परियोजना विभाग की पूरी टीम अपने एरिया में नजर रख रही है और जहां भी उल्लंघन मिल रहा है, टीम उन पर पेनल्टी भी लगा रही है, फिर चाहे वह कंपनी हो या फिर निवासी, सभी पर यह कार्रवाई की जा रही है। प्राधिकरण की टीम विगत दो दिनों में 46 जगहों पर उल्लंघन मिलने पर 49.45 लाख रुपये की पेनल्टी लगा चुकी है। प्राधिकरण की तरफ से जुर्माने की रकम 1 सप्ताह में प्राधिकरण के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्माण सामग्री को ढककर रखने और पानी का नियमित छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन पर पेनल्टी लगाई गई है उनमें बिल्डर, औद्योगिक इकाइयां और निवासी भी शामिल हैं। ईटा वन के जिन 22 लोगों पर पेनल्टी लगाई गई है, उनमें यहां के निवासी शामिल हैं, जो कि ग्रैप-4 के नियमों की अवहेलना करते हुए निर्माण कर रहे थे। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा है कि प्रदूषण को रोकने के लिए तय नियमों का पालन न करने वालों पर प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी रहेगी।

## पिकअप गाड़ी ने बच्चे को कुचला

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा में बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर चाई-3 में एक पिकअप गाड़ी ने एक बच्चे को कुचल दिया। बच्चे की चीख सुनकर ड्राइवर तुरंत रुका और उसे अस्पताल ले गया। इलाज के बाद बच्चे को छुट्टी दे दी गई है और वह अब पूरी तरह स्वस्थ है।

जानकारी के मुताबिक, यह वीडियो लगभग एक महीने पुराना बताया जा रहा है। घटना के समय पिकअप ड्राइवर फोन पर बात कर रहा था और उसने सड़क पर खेल रहे बच्चे को नहीं देखा। इसी कारण गाड़ी बच्चे के ऊपर चढ़ गई। ड्राइवर की इस लापरवाही को घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

यह घटना वाहन चालकों के लिए एक चेतावनी है कि गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे अपनी और दूसरों की जान खतरे में पड़ सकती है। साथ ही यह अभिभावकों के लिए भी जरूरी है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और उन्हें सड़क पर अकेले खेलने न दें।

इस मामले में बच्चे के परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने भी बताया कि उन्हें इस घटना की कोई शिकायत नहीं मिली थी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस मामले की जानकारी जुटा रही है।

## सेवानिवृत्त रेलवे इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 12 लाख रुपये ठगे

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** साइबर अपराधियों ने रेलवे से सेवानिवृत्त इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 12 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने उनको मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने का भय दिखाकर फंसाया। पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी है। सेक्टर-78 स्थित द हाइड पार्क सोसाइटी में रहने वाले रामसेवक तोमर ने पुलिस को बताया कि वह रेलवे में इंजीनियर थे। उनकी पत्नी का कुछ समय पूर्व देहांत हो गया था। बच्चे दिल्ली-एनसीआर से बाहर नौकरी करते हैं। उनके व्हाट्सऐप नंबर पर 29 नवंबर की सुबह करीब 10:30 बजे वीडियो कॉल आई। कॉलर ने खुद का नाम प्रदीप सावंत बताया। उसने कहा कि वह दिल्ली स्थित क्राइम ब्रांच के मुख्यालय में जांच अधिकारी के पद पर है। उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर दिल्ली स्थित केनरा बैंक की शाखा में खाता खोला गया है। खाते पर डेबिट कार्ड भी जारी है। खाते का इस्तेमाल नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग केस में किया गया है। उसने इस अपराध में रामसेवक तोमर की भूमिका भी संदिग्ध होने का दावा किया। कथित अधिकारी ने रामसेवक तोमर की अपने वरिष्ठ अधिकारी से बात कराई। उसने अपना नाम विजय कुमार खन्ना बताया। उसने वीडियो कॉल की। उसमें वह पुलिस की वर्दी में था। आरोपी ने कुछ दस्तावेज भी व्हाट्सऐप पर भेजे। इसके बाद एक दिसंबर को सीबीआई कोर्ट में बयान दर्ज के नाम पर वीडियो कॉल की।

## नोएडा में मूर्तिकार राम सुतार का निधन

### दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को बनाया था, कई दिनों से बीमार थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-19 में बुधवार रात मूर्तिकार राम वंजी सुतार का निधन हो गया। उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को बनाया था। वह पद्मभूषण समेत कई बड़े अवार्ड से सम्मानित थे। कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। आज उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी ने उनके निधन पर शोक जताया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा-राम सुतार जी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने देश के महान मूर्तिकार थे। उन्होंने केवडिया में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को बनाया था। उन्होंने मूर्तिकला से देश की सेवा की है। इसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। वे देश का गौरव हैं। वह अपने काम से हमेशा दूसरों को प्रेरणा देते रहेंगे। ॐ शांति। वहीं सीएम योगी ने लिखा- महान मूर्तिकार, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के शिल्पकार, 'पद्म भूषण' श्री राम. वी. सुतार जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शांति!

**महाराष्ट्र सीएम ने घर आकर महाराष्ट्र भूषण अवार्ड से सम्मानित किया था:** मुंबई में राम वंजी सुतार के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया था। स्वास्थ्य कारणों से वह मुंबई नहीं जा सके थे। जिसके बाद शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार नोएडा में राम वंजी सुतार के आवास पहुंचे थे। उन्होंने राम सुतार को 'महाराष्ट्र भूषण 2024' से सम्मानित किया था।

**20 मार्च को विधानसभा में अवार्ड की घोषणा की थी:** देवेंद्र फडणवीस ने 20 मार्च को विधानसभा में मूर्तिकार राम सुतार को राज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'महाराष्ट्र भूषण' देने की घोषणा की थी। इसके तहत 25 लाख रुपए और एक स्मृति चिह्न दिया गया। ब्ड फडणवीस ने कहा, अपनी कला के बूते राम सुतार ने पूरी दुनिया में अलग पहचान बनाई। इस दौरान गौतमबुद्धनगर के भाजपा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा भी साथ थे।

**महाराष्ट्र के धुले के रहने वाले थे राम सुतार:** राम सुतार के बेटे और मूर्तिकार अनिल सुतार ने कहा, पिता को घर आकर सम्मानित करने के लिए वह महाराष्ट्र सरकार के आभारी हैं। पिता राम सुतार ने इसी साल फरवरी में 100 साल की आयु पूरी की है।

## भागवत कथा में श्री शालिग्राम जी की महिमा का वर्णन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में सेक्टर-19, शनि बाजार मैदान, नोएडा में विशाल श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज कथा के दूसरे दिन श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने श्री शालिग्राम जी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिस घर में श्री शालिग्राम जी का विग्रह विद्यमान होता है, वह घर एक किलोमीटर की परिधि में तीर्थस्थल बन जाता है। अत: हमें श्री शालिग्राम जी की सेवा अवश्य करनी चाहिए।

माता-पिता का भी यह कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को देशप्रेम और देशभक्ति की शिक्षा दें। जिस मातृभूमि में हमने जन्म लिया है, उसके प्रति भी हमारे कुछ कर्तव्य हैं, जिनका पालन हमें अवश्य करना चाहिए।

श्रीमद्भागवत महापुराण का महत्व बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि यह कलिकाल के समस्त पापों का समूल नाश करती है। श्रीमद्भागवत में जीवन से संबंधित सभी प्रश्नों और शंकाओं का समाधान विद्यमान है। कथा के श्रवण से भक्ति, शक्ति और मुक्ति की प्राप्ति होती है।

श्रीमद्भागवत में कहा गया है कि सदैव सत्य का ध्यान करें और सत्य का पालन करें। महाराज श्री ने कहा कि सनातन धर्म भी सदा सत्य है। सनातन धर्म के अंतर्गत सत्य आचरण, अहिंसा, प्रभु सेवा एवं अच्छे आचरण पर विशेष बल दिया गया है।

महाराज श्री के श्रीमुख से कथा-रस और मधुर भजनों को सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो उठे तथा मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करने लगे।

## ओटीएस में ग्राम प्रधानों की मदद ली जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विद्युत निगम बिल बकायेदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) चला रहा है। इसे सफल बनाने के लिए अधिकारी ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों की भी मदद लेंगे। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता वाणिज्यिक रितेश आंदन ने बताया कि जिले में 80 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ता हैं। इन पर विद्युत निगम का 90 करोड़ रुपये का बिल बकाया है। बकायेदारों के लिए एक दिसंबर से ओटीएस योजना चलाई जा रही है। इसमें उपभोक्ता अधिक रूचि नहीं ले रहे। इस वजह से विद्युत निगम अब ग्राम प्रधानों और प्रति. निधियों मदद लेगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण के तहत 31 दिसंबर तक अभियान जारी रहेगा। इसी तरह क्रम से दूसरे और तीसरे चरण में फरवरी 2026 तक योजना लागू रहेगी। पहले चरण में पंजीकरण कराने के 30 दिनों में पूर्ण भुगतान कराने वाले उपभोक्ताओं का सरचार्ज के साथ बकाया बिल पर 25 फीसदी की छूट मिलेगी। दूसरा चरण 31 जनवरी से शुरू होगा अधीक्षण अभियंता ने बताया कि दूसरा चरण एक जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। इसमें पंजीकरण कराने के बाद 30 दिनों में बकाया राशि का भुगतान कराने पर 20 प्रतिशत तक की मूलधन पर छूट मिलेगी। तीसरा और अंतिम चरण एक फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। इसमें पंजीकरण कराने के 30 दिनों में पूर्ण भुगतान करने पर 15 प्रतिशत तक की बकाया बिल पर छूट मिलेगी। इस योजना का लाभ घरेलू और वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ता लाभ उठा सकेंगे। वहीं बिजली चोरी के प्रकरण में पहले चरण में छूट का लाभ उठाने के लिए 50 प्रतिशत तक जुर्माना माफ हो जाएगा।

## पशु चिकित्सक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख क्षेत्र स्थित सोसाइटी में रहने वाली महिला पशु प्रेमी ने पशु चिकित्सक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, धोखा देने और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह करीब दो वर्ष पूर्व सेक्टर-122 स्थित पशु चिकित्सक के क्लीनिक पर कुत्ते का इलाज कराने गई थी। वहां उसकी मुलाकात पशु चिकित्सक से हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और दोस्ती हो गई। आरोपी चिकित्सक ने शादी का झांसा दिया। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व दोनों लिवइन में रहने लगे।

कुछ समय बाद पता चला कि चिकित्सक शादीशुदा है। उसका एक बच्चा भी और परिवार नोएडा के सेक्टर-119 स्थित एक सोसाइटी में रहता है। पीड़िता ने पशु चिकित्सक से शादी करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। उसने शहर छोड़ने की धमकी दी। आरोपी ने मारपीट भी की। पीड़िता ने इसकी शिकायत सेक्टर-113 थाना पुलिस से की तो मामला शांत करा दिया गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जबरन गोली खिलाकर गर्भपात भी करा दिया। इसके साक्ष्य उनके पास हैं। अब आरोपी और उसके परिजन गोरखपुर भाग गए।

आरोपी उसे अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। एसीपी ट्विंकल जैन का कहना है कि बिसरख थाना पुलिस को जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मनी ट्रांसफर दुकान में चोरी: छत काटकर घुसे चोर, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के गुलिस्तानपुर गांव में चोरों ने एक मनी ट्रांसफर की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने रात के समय दुकान की छत काटकर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान में रखे मोबाइल फोन और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा, तो उसने छत कटी हुई और सामान बिखरा पड़ा देखा।

दुकानदार ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सूरजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

इस घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों में डर का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि इलाके में रात के समय गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और चोरी गए सामान की सही जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

## स्टार्टअप्स के लिए को-वर्किंग स्पेस का उद्घाटन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के नोएडा कैंपस में आज एमयूआईटी इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन के द्वारा एक आधुनिक को-वर्किंग स्पेस की स्थापना की गई। इस को-वर्किंग स्पेस का उद्घाटन महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और नवाचार आधारित प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपने विचारों को व्यवसायिक रूप दे सकें और देश के आर्थिक विकास में सक्रीय भूमिका निभा सकें।

निदेशक राहुल भारद्वाज ने कहा कि एमयूआईटी इंक्यूबेशन एंड इना. ेवेशन फाउंडेशन द्वारा स्थापित यह को-वर्किंग स्पेस इनोवेशन और इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त कदम है। सीईओ वरुण श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी यह कोशिश है कि किसी भी नए स्टार्टअप को फंड या संसाधनों के अभाव में अपने कदम पीछे न खींचने पड़ें।

सीनियर एक्जीक्यूटिव डॉ. तृप्ति अग्रवाल ने बताया कि यह पहल केवल एक को-वर्किंग स्पेस तक सीमित नहीं है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बीजेपी दफ्तर का घेराव करने जाते कांग्रेसियों को रोका

## लोकतंत्र व संविधान के साथ खिलवाड़ करना बंद करे भाजपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीजेपी द्वारा गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में झूठे मुकदमो में कोर्ट द्वारा बरी किये जाने पर कांग्रेसियों द्वारा बीजेपी कार्यालय का घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित था। सुबह से ही जट बाजार अमरोहा स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ता जमा हो रहे थे मगर पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बलपूर्वक बीजेपी कार्यालय तक मार्च करते हुए रोक लिया। शहर कांग्रेस कमेटी घोर निंदा करती है।

गुरुवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमरोहा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्रेश कुमार शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेशनल हेराल्ड केस को पूरी तरह से खारिज करके बीजेपी की नापाक साजिश को नाकाम कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार इस मामले में भाजपा कार्यालय के घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित था। अमरोहा पुलिस द्वारा दमनकारी नीति अपनाते हुए कार्यकर्ताओं को जट बाजार में ही बलपूर्वक मार्च निकालने से रोक दिया गया। कहा कि वह घोर निंदा करते हुए बीजेपी सरकार को आगाह करना चाहते हैं कि वे भारतीय लोकतन्त्र और संविधान के साथ खिलवाड़ करना बंद करे। शांतिपूर्वक तरीके से विरोध प्रदर्शन करना जनता का संवैधानिक हक है। और भाजपा लोकतंत्र की आवाज दबा नहीं सकती। इस अवसर पर इंद्रेश कुमार शर्मा, चौधरी खुशतर मिर्जा, परवेज आरिफ टीटू, सरदार इंद्र सिंह, अकरम अली, चौधरी नरेंद्र सिंह, बालकृष्ण त्रिवेदी, शोएब मौलाना, राजेंद्र सिंह छाबड़ा, सईद खां, जावेद अली अब्बासी, संजू रस्तौगी, कैलाश चंद सैनी, इमरान अली अंसारी, अब्दुल सत्तार सैफी, आसिम जाफरी, फैज आलम अंसारी मौजूद थे।

# कार से वीडियो बनाने पर भाकियू नेता पर कार्रवाई

## अज्ञात चालक पर रिपोर्ट, 29 हजार का काटा चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाकियू बीआर आंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी के काफिले की एक कार से हाईवे पर चलती गाड़ी की खिड़की से वीडियो शूट कराने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एसपी के निर्देश पर जांच कराई गई, जिसके बाद जोया चौकी प्रभारी ने संबंधित कार नंबर के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई और 29 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान किया गया। पुलिस अब काफिले में शामिल अन्य वाहनों की पहचान में जुटी है।

गौरतलब है कि बुधवार को भाकियू बीआर आंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी समर्थकों के साथ कलक्ट्रेट और पुलिस कार्यालय से धरना प्रदर्शन कर वापस लौट रहे थे। हाईवे से गुजरते समय रास्ते में उन्होंने चलती कार की खिड़की से निकल कर फोटोग्राफी व वीडियो शूट कराई थी जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। मामला संज्ञान में आने पर एसपी अमित कुमार आनंद ने वीडियो की जांच कराई थी। जिसके बाद जोया चौकी प्रभारी संजीव कुमार ने इस मामले में कार नंबर के अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही उस कार का ऑनलाइन चालान भी कर दिया गया है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि काफिले में शामिल अन्य कारों की भी पहचान की जा रही है, जिस कार से स्टंट किया गया था, उसका 29 हजार रुपये का चालान किया गया है। मामले में अज्ञात चालक पर लापरवाही बरतने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। जल्द ही काफिले में शामिल अन्य कारों की भी पहचान कर ली जाएगी।

# रुड़की ने रवि ब्रादर्स को छह विकेट से हराया

## हर्ष कुमार बने मैन आफ दि मैच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मास्टर भूरे खान एंड शेरू परवेज मेमोरियल सद्भावना कप ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवां मुकाबला गुरुवार को रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब दिल्ली और रुड़की क्रिकेट क्लब रुड़की के बीच खेला गया। मुकाबले में रुड़की क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम 26.4 ओवर में 127 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से आदित्य मल्होत्रा ने 33 रन और नमन परे ने 25 रन का योगदान दिया। रुड़की क्रिकेट क्लब की ओर से हर्ष कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि बिलाल को 2 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुड़की क्रिकेट क्लब ने महज 14.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 128 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से पुवांश ने 49 रन और शिवम ने 25 रन की अहम पारी खेली। रवि ब्रदर्स की ओर से हर्षित ने 2 विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी के लिए हर्ष कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्हें भरत यादव, मोनू गोला और सिकंदर अली ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रिजवान पाशा, इमरान पाशा, नज्म अली, परवेज पाशा, शहजाद फारूक, सिकंदर अली, नदीम बादशाह, अकरम अंसारी, मोज्जाम अली, सैंडी गुप्ता, अनिल चौहान आदि मौजूद रहे।

# खुद को अविवाहिता बता किया प्रेम विवाह

## भेद खुलने पर पीटकर निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** देहात थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि मुरादाबाद निवासी युवक ने खुद को अविवाहित बताकर उससे शादी की और देहरादून ले गया, जहां उसे पति की दूसरी शादी की जानकारी हुई। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, बच्चों से अलग कर घर से निकाल दिया गया और समझौते के नाम पर तीन लाख रुपये की मांग की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली महिला की पहली शादी मुरादाबाद के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। इसके बाद घरेलू विवाद के चलते दोनों के बीच तलाक हो गया था। लिहाजा महिला ने एक स्कूल में आया की नौकरी शुरू कर दी। यहां पर उसकी मुलाकात मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी दीपक से हुई। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। आरोप है कि दीपक ने खुद को अविवाहित बता कर महिला से शादी कर ली तथा उसे देहरादून ले गया। इस दौरान दोनों के परिवार में एक बेटा व बेटी ने जन्म लिया। विवाहिता का आरोप है कि देहरादून जाकर उसे दीपक की दूसरी शादी का पता चला, उसने पूछताछ की तो विवाहिता के साथ मारपीट की गई। विरोध करने पर ससुराल वालों ने बेटे को छीनने के बाद धक्के देकर विवाहिता को घर से निकाल दिया। बाद में समझौता करने के एवज में तीन लाख रुपये की मांग की। अब पति व अन्य ससुराल वालों को मोबाइल नंबर बंद हैं तथा देहरादून में मकान पर ताला लगा है। पीडिता ने देहात थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# जहरखुरानी के दो दोषियों को सात-सात साल की सजा

## कोर्ट ने दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जहरखुरानी के मामले में कोर्ट ने मेरठ और गौतम बुद्ध नगर के दो दोषियों को सात-सात साल जेल की सजा सुनाई है। दोनों पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। दोनों जमानत पर थे, कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

दस साल पुरानी घटना सैदनगली थाना क्षेत्र से जुड़ी थी। संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अजीमाबाद निवासी किसान ऋषिपाल सिंह 5 मार्च 2015 को सैदनगली क्षेत्र जहरखुरानी के शिकार हुए थे। घटना के बाद ऋषिपाल सिंह ने मामले की जानकारी संभल के तत्कालीन एसपी को दी थी। संभल एसपी के निर्देश पर सैदनगली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने मेरठ में किठौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला जलालदीपुरा के रहने वाले साजिद अली और गौतम बुद्ध नगर जिले के दनकौर थाना क्षेत्र के गांव दौलारजपुरा के रहने वाले हसन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिलहाल, दोनों जमानत थे। मुकदमे की सुनवाई एडीजे तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को कोर्ट में मुकदमे में आखिरी सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर साजिद अली व हसन को दोषी करार दिया। दोनों को सात-सात साल जेल की सजा सुनाई तथा पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# फर्जी वसीयत मामले में पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** फर्जी हस्ताक्षर के बल पर कुटरचित वसीयत कर मकान को हड़पने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी काविंद्र रस्तोगी पुत्र सत्य प्रकाश रस्तोगी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा था कि उनका एक पैतृक मकान वार्ड नंबर 14 में उनकी दादी के नाम नगर पालिका में दर्ज था। सभी कानूनी वारिसो के नाम दर्ज है। उनका कहना था कि उनके भतीजो ने साजिश कर कई लोगों को अपने साथ मिलाकर अवैध रूप से साजिश कर उनके पिता की कुटरचित वसीयत बनवा ली। उनका कहना है कि उनके पिता के उर्दू में फर्जी हस्ताक्षर वसीयत में कराये गये है। जबके उनके पिता हिंदी में हस्ताक्षर करते थे। उनका कहना है कि मकान को हड़पने के लिए उनके पिता की एक कुटरचित हस्ताक्षर करके फर्जी वसीयत बनाई गई है। पुलिस ने अभिनव रस्तोगी नितिन रस्तोगी पुत्रगण सुनील रस्तोगी, राजपाल सिंह पुत्र ठाकुर सिंह निवासी गजरौला, जितेंद्र सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम लुहारी भूड़, श्रीमती समर कली पत्नी धर्म सिंह निवासी ग्राम लुहारी भूड़ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस इस मामले की जांच करने में जुट गई है।

# ट्रक चालक की पत्नी नकदी व जेवर लेकर फरार

## दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रेम प्रसंग के चलते महिला घर से नकदी व जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पति की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला का है। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक यहां किराए के मकान में रहता है। पेशे से वह ट्रक चालक है। छह दिसंबर को युवक ट्रक लेकर दिल्ली गया था। घर पर पत्नी थी। आरोप है कि सात दिसंबर को उसकी पत्नी घर से 50 हजार रुपये व जेवरात लेकर कहीं चली गई। वापस आकर युवक ने देखा तो पत्नी घर से गायब थी। वहीं, घर में रखी नकदी व जेवरात भी गायब थे। जानकारी करने पर पता चला उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग मेरठ जिले के किला थानाक्षेत्र के गांव मिर्जापुर के रहने वाले आशक अली से चल रहा था। वह आशक अली के साथ ही चली गई है। दोनों को जाने में मंडी धनौरा के गांव शेरपुर निवासी मौसम ने सहयोग किया है। काफी तलाश करने के बाद भी दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। सीओ अभिषेक यादव ने मामले में आशक अली व मौसम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# चर्चित दरोगा के खिलाफ गरजे ग्रामीण

## भ्रष्टाचार व मनमानी का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक क्षेत्र के ग्राम शेखुपुर झकड़ी में जाहरवीर मंदिर के समीप आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने रहरा थाने में तैनात दरोगा परशुराम पर भ्रष्टाचार करने एवं मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा के रूखालू मंडल महामंत्री निवासी दौरारा मुकुल शर्मा कुछ दिन पहले एसआईआर के कार्य से अपनी बाइक पर सवार होकर रहरा बूथ पर जा रहे थे। रहरा थाने के सामने दरोगा परशुराम चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भाजपा के मंडल महामंत्री हैं और एसआईआर के जरूरी कार्य से जा रहे हैं। यह सुनकर दरोगा भड़क गये और दरोगा ने उनका छह हजार रूपये का चालान काट दिया। आरोप है कि इस दौरान मुकुल शर्मा ने पांच सौ रूपये की भी मांगे गये थे। रूपये नहीं देने पर चालान काट दिया। ऐसे भ्रष्ट दरोगा के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिये। दि किसान सहकारी चीनी मिल कालाखेड़ा में किसान गेहूं की फसल की बुवाई समय से नहीं कर पा रहे हैं। गेट पर पचास किलो प्रति टिपलर की घटतौली हो रही है। इन सभी समस्याओं का समाधान 25 दिसंबर तक नहीं कराया गया तो 26 दिसंबर को चीनी मिल पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर यशपाल सैनी, पिंटू सैनी, सुरेंद्र पाल, राजेंद्र सिंह, गोकल सिंह पाल, सतवीर सिंह, उमेश. चंद, महावीर सिंह, राजवीर सिंह, चंद्र सिंह, उमराव सिंह, अतुल सिंह, चंद्रभान सिंह, रघुवीर सिंह, सीताराम सिंह, राजवीर सिंह, जगत सिंह, गौमती देवी, रजनी देवी, सावित्री देवी आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय परिसर में चलाया चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** न्यायालय परिसर में गुरुवार को पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया। एएस चेक टीम, डॉग स्क्वॉड और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से अभियान में हिस्सा लिया। टीमों ने न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की जांच की। सभी से आने का कारण पूछा गया। सुरक्षा उपकरणों की जांच में मेटल डिटेक्टर, स्कैनर मशीन और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। डीएफएमडी, एचएचएमडी और हैंड सेट की कार्यप्रणाली भी परखी गई। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभियान में न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक, अग्निशमन दल, एएस चेक टीम सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## दबंगों ने गर्भवती को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** हसनपुर। जमीनी विवाद में दबंगों ने गर्भवती महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रझोहा निवासी हितेश, जयवती, पूजा व काजल ने कोतवाल को पत्र देकर कहा है कि उसकी जमीन पर गांव के दबंगो की बुरी नजर है। वह उस पर कब्जा करना चाहते हैं। उनका कहना है कि कब्जा करने वाले लोग बहुत ही शातिर प्रवृत्ति के हैं। उनकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से दबंग उनके घर में घुसकर उनके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में 6 माह की गर्भवती पूजा भी घायल हो गई। अब दबंग उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ितों ने कोतवाल से पूरे मामले की जांच कर न्याय करने की गुहार लगाई है।

# भाजपा नेता के बेटे पर हमला, बाइक तोड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के आजाद मार्ग स्थित आंबेडकर पार्क चौराहे पर सोमवार रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब बाइक से जा रहे एक भाजपा नेता के बेटे व युवती को दो बाइक सवार युवकों ने घेर लिया। आरोप है कि युवकों ने युवती से छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और उसकी बाइक भी तोड़ दी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

घटना शहर के आजाद मार्ग पर आंबेडकर पार्क चौराहे की है। शहर के एक मोहल्ले में रहने वाले भाजपा नेता पेशे से अधिवक्ता भी हैं। उनका बेटा अपनी रिश्तेदार युवती को बाइक पर बैठा कर उसे छोड़ने के लिए घर जा रहा था। रात में लगभग नौ बजे जब दोनों आंबेडकर पार्क चौराहे पर पहुंचे दो बाइक पर सवार युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरो. पियों ने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। भाजपा नेता के बेटे ने जब इस हरकत का विरोध किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बेरहमी के साथ पीटा तथा बाइक तोड़ दी। भीड़ जुटती देख आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर आ गए थे। घायल युवक का उपचार चल रहा है। घटना के बाद से वह डरा सहमा है। मामले में भाजपा नेता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में बाइक नंबर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज से उनकी शिनाख्त की जा रही है। कुछ आरोपियों को चिह्नित भी कर लिया है। उन्हें जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# रासायनिक खाद दे रहे गंभीर बीमारियों को बढ़ावा

## वैंक्टेश्वरा में आर्गेनिक कृषि शोध यात्रा कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के कृषि शोध संस्थान में आर्गेनिक कृषि शोध यात्राकार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिना रासायनिक खाद व कीटनाशक के की जा रही आर्गेनिक खेती को प्रदर्शित किया गया।

कृषि शोध संस्थान में पौने छह फीट लंबी आर्गेनिक लौकी सहित 30 से अधिक सब्जियों, एक दर्जन से ज्यादा मोटे अनाज व खाद्यान्नों की उन्नत खेती की जा रही है। विशेष रूप से काले गेहूं सहित गेहूं की 112 किस्मों की एक साथ खेती आकर्षण का केंद्र रही। वैज्ञानिकों ने बताया कि अगले वर्ष से किसान यहां से उन्नत किस्मों के बीज भी प्राप्त कर सकेंगे। संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि रासायनिक खाद और पेस्टीसाइड गंभीर बीमारियों को बढ़ावा दे रहे हैं, इसलिए आर्गेनिक खेती समय की जरूरत है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने किसानों से वैज्ञानिक तरीके से आर्गेनिक खेती अपनाकर "स्वस्थ भारतख्रआयुष्मान भारत" मिशन में योगदान देने की अपील की। वहीं डीन एग्रीकल्चर प्रो. (डॉ.) थॉमस एब्राहम ने कहा कि आर्गेनिक खेती से सेहत के साथ किसानों की आय भी बढ़ती है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, शोधार्थी और किसान मौजूद रहे।

# फाजलपुर फाटक पर हाईटगेज में फंसा रोटावेटर लदा ट्रक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के फाजलपुर रेलवे फाटक पर रोटावेटर लदा ट्रक ऊंचाई अधिक होने के कारण रेलवे की हाईट गेज के नीचे फंस गया। चालक ने टायरों की हवा निकालकर भी ट्रक निकालने की कोशिश की, मगर सफलता नहीं मिली। जिसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रक को निकलवाया गया।

### ■ जेसीबी की मदद से निकलवाया गया

इस कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन गई और वाहनों की कतार लग गई।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को दुपहर के समय धनौरा दिशा जा रहा रोटावेटर लदा ट्रक फाजलपुर रेलवे फाटक पर पहले हाईटगेज के नीचे से तो ट्रक आसानी से निकल गया, मगर दूसरे हाईटगेज से निकलते समय ट्रक फंस गया। चालक ने ट्रक के टायरों की हवा निकालकर ट्रक निकालने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक न निकल सका। ट्रक फंसने के कारण जाम के हालात बन गए। जिसके बाद जेसीबी को बुलाया गया, जेसीबी ने पीछे से दबाव डालकर ट्रक को निकलवाया, जिसके बाद ही जाम खुल सका। जिसके बाद चालक ट्रक लेकर चला गया। आरपीएफ इंचार्ज ने बताया कि जानकारी नहीं मिली है। बता दें कि कुछ दिनों पहले भी एक वाहन ने हाईटगेज को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था।

# स्टेशन पर दो युवकों के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दिल्ली काम करने जा रहे दो युवकों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर आये छह युवकों ने बेल्ट और लोहे की रॉड से हमला करके घायल कर दिया। जीआरपी ने दोनों घायलों को अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया और तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू की। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र गांव कसेरवा निवासी राहिद व आजम दिल्ली में रहकर सीलिंग का काम करते हैं। बुधवार की

### ■ सिर में लोहे की रॉड मारकर किया घायल

शाम को दोनों युवक ट्रेन के माध्यम से दिल्ली जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे और टिकट खरीदने के लिए खिड़की की ओर जाने लगे। आरोप है कि इसी दौरान दो बाइकों पर सवार होकर छह युवक पहुंचे और बेल्ट, लोहे की रॉड और लात घूंसों से मारपीट करते हुए राहिद और आजम को घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपित वहां से फरार हो गए। सूचना मिलते ही जीआरपी के जवान मौके पर पहुंच गए और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत

## अमदाबाद में बुमराह की होगी वापसी, संजू का खेलना तय, सीरीज का आखिरी मैच आज

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा।

भारतीय टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। भारत के पास वनडे के बाद टी-20 सीरीज जीतने का भी अच्छा अवसर है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द हो गया था। यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फार्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी-20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए। दूसरी तरफ, उपकप्तान शुभमन गिल पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों आलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं, जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह की वापसी के बाद हर्षित को प्लेइंग-11 में मौका मिलता है या नहीं। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के लिए चुनौती पेश करेगी। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है।

भारत- अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

दक्षिण अफ्रीका- रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डिकाक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, मिलर, डोनोवान फरेरा, जार्ज लिंडे, यानसेन, कार्बिन बाश, लुंगी एनगिडी, ओटेनिल बार्टमैन।

## शुभमन गिल चोटिल हुए या दिया गया आराम

**टीम के उपकप्तान गिल के बाहर होने पर फैंस ने दी प्रतिक्रिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मैच से बाहर रहने पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। गिल इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। गिल पैर की अंगुली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के शेष दो मैचों से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि गिल को ये चोट ट्रेनिंग सत्र के दौरान लगी थी। हालांकि, गिल के बाहर होने पर फैंस सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इन्होंने सवाल उठाए हैं कि क्या वाकई गिल चोटिल हुए हैं या उन्हें ड्रॉप किया गया है। गिल को इससे पहले टेस्ट सीरीज के दौरान गर्दन में चोट लगी थी और उन्होंने टी-20 सीरीज से मैदान पर वापसी की थी। गिल को कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गिल इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी नहीं खेले थे। टी-20 सीरीज के लिए गिल को टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था।

# भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 260 सैंपल पॉजिटिव

**● जिन देशों में 5000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे पॉजिविटी रेट है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2024 में लगातार तीसरी बार डोपिंग मामलों में दुनिया में पहले नंबर पर रहा। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के 260 सैंपल डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए, जो किसी भी देश से सबसे ज्यादा हैं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है, जब भारत 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए भी दावेदारी पेश कर चुका है। इसी साल जुलाई में जब भारतीय प्रतिनिधिमंडल लाजेन गया था, तब इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (ओआईसी) ने भारत में डोपिंग की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई थी। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने 2024 में कुल 7,113 डोपिंग टेस्ट किए। इनमें 6,576 यूरिन और 537 ब्लड सैंपल शामिल थे। इन टेस्ट में 260 मामले पाजिटिव निकले, यानी डोपिंग की दर 3.6प्रतिशत रही। जिन देशों में 5,000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी रेट है। नाडा नाडा का कहना है कि डोपिंग के ज्यादा मामले सामने आना खिलाड़ियों में डोपिंग बढ़ने की वजह से नहीं, बल्कि सख्त जांच और बेहतर टेस्टिंग सिस्टम के कारण है। नाडा के मुताबिक, पहली नजर में ये आंकड़े चिंताजनक लग सकते हैं, लेकिन असल में ये भारत के मजबूत एंटी-डोपिंग प्रयासों और ज्यादा टेस्टिंग का नतीजा हैं। नाडा ने बताया कि 2023 में कुल 5,606 सैंपल की जांच की गई थी, जिनमें 213 केस पौंजिटिव पाए गए। वहीं 2025 में अब तक 7,068 टेस्ट किए जा चुके हैं, लेकिन पॉजिटिविटी रेट घटकर सिर्फ 1.5प्रतिशत रह गया है और 110 मामले ही सामने आए हैं। इससे साफ है कि टेस्टिंग बढ़ने के साथ डोपिंग पर नियंत्रण भी हुआ है। डोपिंग रोकने के प्रयास जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खेलों में कुछ गहरी समस्याएं हैं। इनमें वैज्ञानिक रिसर्च की कमी और कोच, डाक्टर व फिजियोथेरेपिस्ट को दवाओं और सप्लीमेंट्स की सही जानकारी न होना शामिल है। इससे डोपिंग के मामले सामने आते हैं। डोपिंग रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने नया एंटी-डोपिंग पैनल बनाया है और सरकार ने नेशनल एंटी-डोपिंग बिल पास किया है। नाडा ने 2024 में 280 जागरूकता वर्कशाप कराईं, जिनमें करीब 37 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 'नो योर मेडिसिन' ऐप पर अब तक 2.4 लाख बार सर्च किए जा चुके हैं।

**खेल विशेष**

## मैच रद्द होने पर शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा

**नई दिल्ली।** भारत-साउथ अफ्रीका मैच कोहरे के कारण रद्द होने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा है। मुकाबला 17 दिसम्बर को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टास भी नहीं हो सका। वहीं, थरूर के अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार को घेरा है। थरूर ने लखनऊ में वायु गुणवत्ता की आलोचना की है और ऐसी परिस्थिति में इंटरनेशनल मुकाबले की मेजबानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट फैन लखनऊ में इंडिया और साउथ अफ्रीका मैच शुरू होने का व्यर्थ ही इंतजार कर रहे हैं। उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में घने कोहरे और 411 एक्यूआई के कारण विजिबिलिटी इतनी खराब है कि क्रिकेट मैच संभव नहीं है। उन्हें बीसीसीआई यह मैच तिरुवनंतपुरम में आयोजित करना चाहिए था, जहां एक्यूआई लगभग 68 है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में होने वाला इंटरनेशनल क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है। दरअसल इसकी वजह कोहरा या फाग नहीं, स्माग है। हमने जो पार्क लखनऊ की शुद्ध हवा के लिए बनवाए थे, भाजपा सरकार वहां भी इंवेटबाजी करवाकर उन्हें बर्बाद करना चाहती है। भाजपाई न इंसान के सगे हैं, न पर्यावरण के। मुंह ढक लीजिए कि आप लखनऊ में हैं। दर्शक बोला कि तीन बोरा गेहूं बेचकर मैच देखने आए मैच के रद्द होने से दर्शकों में काफी नाराजगी और आक्रोश है। उन्होंने पैसा वापस करने की मांग की। एक दर्शक ने बताया कि हम तीन बोरे गेहूं बेचकर मैच देखने आए हैं, हमार टिकट का पैसा वापस करो। कई अन्य दर्शकों ने भी इसी प्रकार की मांग रखी।

## विश्वनाथ आनंद बने द हॉस्टल कंपनी के ब्रांड एंबेसडर



**विश्वनाथन आनदं को देश के सबसे बड़े बैकपैपर हॉस्टल बुकिंग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पहले शतरंज ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व के नंबर वन खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को देश के सबसे बड़े बैकपैकर हॉस्टल बुकिग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

इस अवसर पर द हॉस्टल कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी पलाश गोयल ने कहा कि विशी सर शायद हमारे मुख्य कस्टमर न हों, लेकिन वह आधुनिक भारतीय मिलेनियल का प्रतिनिधित्व करते हैं - फोकस्ड, टैलेंटेड, और फिर भी बाहर निकलने, मजे करने और घूमने से नहीं डरते। इस साझेदारी के जरिए, हमारा मकसद भारत के बैकपैकर हॉस्टल्स में विश्वास और जागरूकता लाना है, एक ऐसा क्षेत्र जिस पर पारंपरिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा है। वहीं विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यात्रा ने शतरंज के बोर्ड पर और उससे बाहर भी मेरे नजरिए को व्यापक बनाया है। मैं द हॉस्टल कंपनी के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हूं, एक ऐसा ब्रांड जो पूरे भारत में यात्रा को सुरक्षित, किफायती और अनुभवों से भरपूर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोवा, ऋषिकेश, कसोल और वर्कला जैसे जगहों पर 200 से अधिक वेरिफाइड बैकपैकर हॉस्टल्स के साथ, द हॉस्टल कंपनी 250 रुपये से शुरू की थी।

# अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

**● फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लेम खिताब व 22 टूर्नामेंट जीते**



**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नए साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नए कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया कि हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की।

### पाक ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने अगले वर्ष 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्वकप और जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए उन्नीस साल के मध्यमक्रम के बल्लेबाज फरहान यूसुफ की अगुवाई में 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की है। आईसीसी के अनुसार, पाकिस्तान अंडर-19 टीम अभी दुबई में एसीसी अंडर19 एशिया कप में खेल रही है, जहां ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने के बाद शुक्रवार को सेमीफाइनल में बंगलादेश से भिडेंगी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट का फाइनल 21 दिसम्बर को होगा।

## वेस्टइंडीज ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम की घोषणा की

**एंटीगुआ, वार्ता।** विंडीज ने सलामी बल्लेबाज जोशुआ की अगुवाई में अगले वर्ष जिम्बाब्वे व नामीबिया में होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाबवे और नामीबिया में खेला जाएगा। डोर्न ने पिछले वर्ष ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पर्दापण किया था। जोनाथन को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं। आईसीसी के अनुसार, 15 सदस्ईय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 2025 के क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं और अंतर्राष्ट्रीय तैयारी सीरीज के दौरान प्रभावित किया।

# पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में फ्लेमेंगो को हराकर जीता फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब



**दोहा, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने फ्लेमेंगो को शूटआउट में हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब अपने नाम किया। यह पीएसजी की इस वर्ष की छठी ट्रॉफी है। अल रेयान में अहमद बिन अली स्टेडियम में बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन ने फ्लेमेंगो के साथ हुए मुकाबले में अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद शुरु हुए पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी ने फ्लेमेंगो को 2-1 से हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीत लिया। यह इस साल उनकी छठी बड़ी ट्रॉफी जीती। इससे पहले उन्होंने लीग 1, कूप डी फांस, ट्रॉफी डेस चैंपियंस, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप के खिताब जीते है। पीएसजी के लिए पहला गोल ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने 38वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ब्रेक के बाद फ्लेमेंगो ने जवाबी हमला करते हुए जोर्जिन्हो ने 62वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियंस को बराबरी पर ला दिया। इस दौरान दोनों ने मौके बनाए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। पीएसजी सामान्य समय के आखिर में गोल के करीब पहुंचा, लेकिन फ्लेमेंगो के गोलकीपर ऑगस्टिन रॉसी ने उन्हें रोक दिया।

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मैच में पकड़ बनाई

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (54) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 14) की जुझारू पारी के दम पर तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को 371 को स्कोर बनाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के 213 के स्कोर पर आठ विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इंग्लैंड अभी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 158 रन पीछे है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 30) संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए क्रीज पर टिके हुए है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ विकेट पर 326 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट 348 के स्कोर पर मिचेल स्टार्क (54) के रूप में गिरा।

92वें ओवर की पहली गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने नेथन लायन (नौ) को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 371 के स्कोर पर अंत कर दिया। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने पांच विकेट लिए। ब्राइडन कार्स और विल जैक्स को दो-दो विकेट मिले। जॉश टंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 71 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। जैक क्रॉली (नौ), ऑली पोप (तीन), बेन डकेट (29) और जो रूट (19) रन बनाकर आउट हुए। हैरी ब्रूक और कप्तान बेन स्टोक्स ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 37वें ओवर में कैमरून ग्रीन ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे हैरी ब्रूक का शिकार कर लिया। हैरी ब्रूक ने 63 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। जेमी स्मिथ (22), विल जैक्स (छह) और ब्राइडन कार्स बिना खाता खेले ही पेवलियन लौट गए। 168 पर आठ विकेट गिरने के संकट के समय बल्लेबाजी करने आए जोफ्रा आर्चर ने स्टोक्स के साथ मोर्चा संभाला। बेन स्टोक्स ने बहादुरी से मुकाबला किया, 151 गेंदों का सामना किया और चार घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए, लेकिन कप्तान को मैदान पर ज्यादा साथ नहीं मिला। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 213 रन बना लिए है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिस ने तीन विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड और नेथन लॉयन को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। मैच के दौरान स्निको को लेकर भी काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी को लेकर अपनी निराशा साफ कर दी। इंग्लैंड क्रिस गैफेनी, तीसरे अंपायर, से नाराज थे, जिन्होंने पहले दिन एलेक्स कैरी के आउट न होने के विवाद के बाद, रियल-टाइम स्निकोमीटर के सबूत के आधार पर जेमी स्मिथ को कमिस की गेंद पर कैच आउट दिया था। स्मिथ कुछ देर पहले ही अजीब हालात में आउट होने से बचे थे, गैफेनी ने फैसला किया था कि गेंद उनके हेलमेट से लगी थी, जबकि टीवी तस्वीरों से लग रहा था कि गेंद ग्लव्स से लगी थी, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया ने तर्क दिया था (हालांकि गेंद स्लिप पर उस्मान ख्वाजा तक पहुंची थी या नहीं, यह एक अलग मामला था)।



**● मैच के दौरान स्निको को लेकर काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी लेकर अपनी निराशा साफ कर दी**

# टॉम लेथम और कॉन्वे के शतक, न्यूजीलैंड 334/1

**● कप्तान टॉम लेथम ने 137 और कॉन्वे ने नाबाद 178 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (137) और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय एक विकेट पर 334 का स्कोर खड़ाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं।

यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने सावधानी से शुरुआत की और पहले आठ ओवर में सिर्फ 11 रन बनाए। हवा और पिच दोनों से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। लंच ब्रेक के बाद दोनों ने अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे किए। लगभग 20 मिनट तक बारिश की वजह से खेल रुका रहा, लेकिन इससे न्यूजीलैंड की लय नहीं टूटी। कॉनवे ने कुछ शानदार बाउंड्री लगाकर अपना छठा टेस्ट शतक बनाया। वेस्टइंडीज पहले दो सत्र में एक भी मौका नहीं बना पाई और लंच के बाद वाले सेशन में एक भी मेडन ओवर नहीं हुआ। इसी दौरान लैथम ने सीरीज का अपना दूसरा शतक बनाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह बिना विकेट वाला दिन रहेगा। रोच ने दूसरी नई गेंद से 87वें ओवर में लैथम को आउट करके सफलता दिलाई, जिसमें रॉस्टन चेज ने फर्स्ट स्लिप पर शानदार कैच पकड़ा। टॉम लेथम ने 246 गेंदों में एक छक्का और 15 चौके लगाते हुए 137 रनों की शतकीय पारी खेली।

# 8.40 करोड़ में बिके आकिब की दिलचस्प दास्तां



**● बारामूला जिले के तेज गेंदबाज को पिता डाक्टर बनाना चाहते थे, परीक्षा भी दी, दिल्ली के लिए खेलेंगे**

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को आईपीएल आक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपए में खरीदा। इस सफलता के पीछे आकिब की मेहनत के साथ उनके परिवार का भी अहम योगदान रहा। आकिब के पिता गुलाब नबी डार ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि उनका सपना था कि बेटा डाक्टर बने। इसी वजह से आकिब ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए परीक्षा भी दी, लेकिन कुछ अंकों से चूक गए। इसके बाद उन्होंने दोबारा परीक्षा देने से इन्कार कर दिया और क्रिकेट को ही अपना करियर बनाने का फैसला किया, जो आज उन्हें आईपीएल तक ले आया। नबी ने बताया कि आकिब पढ़ाई में भी अव्वल था। उसने आठवीं और दसवीं कक्षा में जोनल लेवल पर टॉप किया था और 12वीं में साइंस स्ट्रीम चुनी। पढ़ाई के साथ-साथ वह बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेलता रहता था। 12वीं के बाद जब वह गांव से कॉलेज की पढ़ाई के लिए बारामूला गया, तो उसका फोकस क्रिकेट पर और बढ़ गया। गुलाब नबी ने कहा कि उन्होंने बेटे से बस इतना कहा था कि अगर क्रिकेट ही खेलना है, तो पूरी मेहनत और ईमानदारी से खेलो। आकिब की एक बहन भी है, जिसने साइंस से पोस्ट-ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की है। गुलाब नबी ने कहा कि आक्शन के वक्त घर में जश्न का माहौल था। पिछले दो-तीन सालों से आकिब डोमेस्टिक क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, इसलिए उन्हें भरोसा था कि कोई न कोई टीम उसे जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे ज्यादा रकम की उम्मीद थी, लेकिन जो भी मिला, अल्लाह की मेहरबानी है और वही उनके लिए बेहतर है। इस रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे बालर आकिब अपनी सटीक यार्कर और बेहतरीन लेंथ के लिए पहचाने जाते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 में आकिब ने 7 मैचों में 15 विकेट झटके थे। वहीं 29 साल के आकिब रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन के पहले फेज में 29 विकेट के साथ दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ सिद्धार्थ देसाई हैं, जिनके नाम 35 विकेट हैं। दिलीप ट्रॉफी के इस सीजन में आकिब ने इतिहास रच दिया। वे टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इसके साथ ही उन्होंने 1979 के फाइनल में कपिल देव द्वारा बनाए गए तीन गेंदों पर तीन विकेट (हैट्रिक) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। नार्थ जोन की ओर से ईस्ट जोन के खिलाफ खेलते हुए आकिब ने 28 रन देकर 5 विकेट झटके। इस प्रदर्शन के साथ वे दिलीप ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले गेंदबाजों कपिल देव और साईराज बहुतुले की सूची में शामिल हुए और चार लगातार विकेट लेकर उनसे भी आगे निकल गए। दो आईपीएल टीमों के नेट बालर रहे आकिब इससे पहले दो आईपीएल टीमों के साथ नेट बालर की भूमिका निभा चुके हैं। वे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और एसआरएच के लिए नेट बालर रहे हैं।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया: यूपी फ्रेंचाइजी की यूपी प्रोमेथियंस शामिल

**● अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फ्रेंचाइजी की घोषणा हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** शूटिग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) ने गुरुवार को अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले अपने पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस को लीग में शामिल करने की घोषणा की। यहां इस अवसर पर लीग में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए, एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि हमें शूटिग लीग ऑफ इंडिया परिवार में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उत्तर प्रदेश में खेल की अपार क्षमता है और एक मजबूत शैक्षिक और विकासात्मक दर्शन वाली फ्रेंचाइजी के आने से लीग को बहुत फायदा होगा। बुनियादी ढांचे और शिक्षा के माध्यम से अवसर पैदा करने की मुकेश शर्मा की प्रतिबद्धता एसएलआई के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। एक स्थाई इकोसिस्टम बनाना जो प्रतिभा को पोषित करे, युवाओं को प्रेरित करे, और भारतीय शूटिग को अगले स्तर पर ले जाए। लीग में प्रवेश को लेकर फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस के मालिक मुकेश शर्मा ने कहा कि शूटिग भारत के सबसे मजबूत ओलंपिक खेलों में से एक है और उत्तर प्रदेश में इस सफर में बहुत बड़ी भूमिका निभाने की प्रतिभा और क्षमता है।

यूपी प्रोमेथियंस के जरिए, हमारा मकसद एक स्ट्रक्चर्ड, प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म बनाना है जहां एथलीटों को सही इंफास्ट्रक्चर, कोचिग और कॉम्पिटिटिव एक्सपोजर के साथ सपोर्ट मिले। शूटिग लीग ऑफ इंडिया इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और मुझे इस पहले सीजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है।

# जी राम जी बिल पारित

हालिया विरोध के बावजूद आखिर सरकार लोकसभा में भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी विधेयक 2025 लोकसभा में पारित करने में सफल हो गई। इस विधेयक को मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिव. राज सिंह चौहान ने इस बिल के पक्ष में संसद में उम्मीद जताई है कि यह विधेयक महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम करेगा। यह विधेयक गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श समाज की स्थापना करेगा। शिवराज सिंह चौहान के अनुसार कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। इस विधेयक पर लोकसभा में मध्य रात्रि तक बहस चली। जहां सत्ता पक्ष इस विधेयक के फायदे गिना रहा है, वहीं कांग्रेस व अन्य उसके सहयोगी विपक्षी दल उसका जमकर विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी ने जमकर इस बिल का विरोध किया और कहा कि यह संशोधन विधेयक 2025 गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा, क्योंकि उनकी नजर में इसका बोझ राज्यों पर पड़ने वाला है। इसलिए यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि मनरेगा में जहां एक वर्ष में सौ दिनों की काम की गारंटी दी गई थी, इस विधेयक में 125 दिनों की गारंटी दी गई है, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं मानती। प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सौ दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है और इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा खत्म हो जाएगी। कांग्रेस के अनुसार योजना देश के गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालात में साथ देती थी। भले ही मनरेगा को खत्म कर दिया गया हो, लेकिन कांग्रेस के रूप से लगता है कि वह इस मुद्दे को ऐसे नहीं छोड़ने वाली और इसे लेकर दूर तक जाने वाली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा भी कि यह मनरेगा का केवल नाम बदलने का मामला नहीं है बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार योजना की योजनाबद्ध हत्या है और नए विधेयक के जरिये भाजपा सरकार उस अधिकार को छीन रही है जो कांग्रेस ने दिया था। यह काम के अधिकार को छीनने की जरूरत है। यह बड़ा मुद्दा है और पिछड़े वर्ग, दलित वर्ग व गरीबों के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस मनरेगा को लेकर हर राज्य और जिले में लड़ेगी, सरकार की भले ही इसके पीछे कुछ भी मंशा रही हो और मनरेगा में सरकार को खामियां ही खामियां नजर आ रही हों, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि इस योजना के चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूरों को लाभ पहुंचा है। खामियां हर योजना में होती हैं, अच्छा होता कि सरकार सबको साथ लेकर आगे बढ़ती।

## मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है योगी सरकार



योगी सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है, भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है, एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है, सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है, खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी, धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है, कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बॉन्डी बीच हमले पर दिखी एक साधारण इंसान की वीरता



रजनीश कपूर



हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुआ आतंकी हमला पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। 14 दिसंबर 2025 को हनुक्का उत्सव के दौरान यह दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए। आतंकवादी साजिद अक्रम और उनके बेटे नवेद अक्रम थे, जो इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित थे। यह हमला न केवल यहूदियों पर लक्षित था, बल्कि मानवता पर एक बड़ा आघात था। ऐसे में जब चारों तरफ अफरा-तफरी और डर का माहौल था, एक साधारण इंसान ने जो साहस दिखाया, वह न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि हमें यह सिखाता है कि संकट की घड़ी में आम आदमी भी असाधारण बहादुरी दिखा सकता है। एक साधारण नागरिक, अहमद अल-अहमद ने जो साहस दिखाया, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। जब चारों तरफ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे, उस वक्त अहमद ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने एक हमलावर की ओर दौड़ लगाई, उससे बंदूक छीनी और उसे निरस्त्र कर दिया। इस संघर्ष में अहमद खुद घायल हो गए, लेकिन उनकी इस बहादुरी से अनगिनत जानें बच गईं। वीडियो फुटेज में साफ दिखता है कि कैसे एक आम इंसान ने मौत को आंखों में झांककर आतंकवादी का मुकाबला किया। अहमद अल-अहमद कोई प्रशिक्षित सैनिक नहीं हैं और न ही कोई पुलिस अधिकारी हैं। 43 वर्षीय अहमद एक सीरिया मूल के मुस्लिम हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में फल बेचने का साधारण काम करते हैं। लेकिन, जब संकट आया तो उन्होंने सोचा नहीं, बस आगे बढ़ गए। यह वीरता हमें याद दिलाती है कि साहस दिल में होता है, पद या हथियार में नहीं। आज की दुनिया में जहां आतंकवाद जैसे खतरे बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे उदाहरण दुर्लभ लेकिन बेहद जरूरी हैं। अहमद की यह बहादुरी न केवल बॉन्डी बीच के पीड़ितों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा बन गई है। अहमद की यह वीरता इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था और अहमद खुद एक मुस्लिम हैं।

उन्होंने साबित कर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह घृणा और हिंसा की विच. ारधारा है, जो किसी भी समुदाय को निशाना बना सकती है, लेकिन साहस और मानवता की भावना हर धर्म और समुदाय में मौजूद है। अहमद ने न केवल यहूदियों की जान बचाई, बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय को एक संदेश दिया कि सच्चा धर्म सेवा और सुरक्षा में है, न कि हिंसा में। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री और पुलिस ने उन्हें श्हीरोश करार दिया है।

अस्पताल में भर्ती अहमद ने कहा कि वे फिर से वही करेंगे, क्योंकि उन्होंने निर्दोषों को मरते देखा और चुप नहीं रह सके। दुनिया भर के नेताओं ने उनकी प्रशंसा की और 'गोफंडमी' जैसे प्लेटफॉर्म पर उनके लिए सहायता राशि जुटाई जा रही है। यह सम्मान उन्हें इसलिए मिला क्योंकि उन्होंने साबित किया कि एक साधारण व्यक्ति भी बड़ा बदलाव ला सकता है। आतंकवाद आज वैश्विक समस्या है। भारत हो या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस हो या अमेरिका . कहीं न कहीं नफरत की यह आग भड़कती रहती है। ऐसे में सरकारें, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अपना काम करती हैं, लेकिन कभी-कभी स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ती है कि आम नागरिक को ही आगे आना पड़ता है। बॉन्डी बीच की घटना हमें यही सिखाती है। अगर हम डरकर चुप रहें, भागें या नजर फेर लें, तो आतंकवादी अपने मकसद में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन अगर एक व्यक्ति भी खड़ा हो जाए, तो पूरी स्थिति बदल सकती है।

अहमद ने यही किया। उनकी वीरता ने न केवल हमलावर को रोका बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित किया कि संकट में एकजुट होकर मुकाबला करें। भारत जैसे देश में, जहां हम आए दिन आतंकी खतरों का सामना करते हैं, अहमद की यह कहानी विशेष रूप से प्रासंगिक है। याद कीजिए 26/11 के मुंबई हमलों में ताज होटल के कर्मचारियों ने कैसे जान जोखिम में डालकर मेहमानों को बचाया था। यानी आम नागरिकों की बहादुरी भी कम नहीं। बॉन्डी बीच की घटना हमें बताती है कि साहस कोई जन्मजात गुण नहीं, बल्कि परिस्थिति में लिया गया निर्णय है। हमें अपने बच्चों को यही सिखाना चाहिए . कि गलत के खिलाफ खड़ा होना जरूरी है, चाहे परिणाम कुछ भी हो। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और आराम की जिंदगी में डूबी है। ऐसे में अहमद जैसे उदाहरण उन्हें जगाते हैं। वे दिखाते हैं कि हीरो फिल्मों में नहीं, असल जिंदगी में पैदा होते हैं। एक साधारण इंसान, जब फैसला लेता है कि अब बस बहुत हुआ, तो वह असाधारण बन जाता है। अहमद की कहानी हमें यह भी सिखाती है कि विविधता में एकता ही हमारी ताकत है। ऑस्ट्रेलिया एक बहुसांस्कृतिक देश है, ठीक भारत की तरह। वहां मुस्लिम नागरिक ने यहूदी समुदाय को बचाया . यह संदेश दुनिया भर में फैलना चाहिए कि नफरत की विचारधारा को हराने के लिए हमें सीमाओं से ऊपर उठना होगा। सरकारों को भी इस घटना से सबक लेना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में बंदूक कानूनों को और सख्त करने की बात हो रही है। भारत में भी आतंकवाद विरोधी नीतियों को मजबूत करना जरूरी है। लेकिन साथ ही, नागरिकों में जागरूकता और साहस का संचार भी आवश्यक है।

स्कूलों में, सामुदायिक कार्यक्रमों में ऐसी कहानियां सुनाई जानी चाहिए जो लोगों को प्रेरित करें। अहमद अल-अहमद की वीरता को दुनिया भर में सम्मानित किया जाना चाहिए, जैसे कि कोई पुरस्कार या कोई स्मारक। क्योंकि ऐसे लोग समाज के असली रक्षक होते हैं। बॉन्डी बीच हमला दर्दनाक है, लेकिन अहमद की बहादुरी इसे उम्मीद की कहानी बना देती है। यह हमें याद दिलाती है कि अंधेरे में भी प्रकाश होता है, बशर्ते हम दिया जलाने की पहल करें। हर आम इंसान में एक हीरो छिपा है। जब कभी संकट आए, तो डरें नहीं, आगे बढ़ें। अहमद की तरह साहस दिखाएं। यही हमारी जीत होगी, केवल आतंकवाद पर नहीं, बल्कि मानवता की जीत।

# प्राचीन सौर तूफान से तबाही के चिन्ह

**सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवे. शित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।**



लगभग 14,300 साल पहले फ्रांस स्थित चीड़ के जंगल में एक असाधारण घटना घटी थी, जिसके निशान हाल ही में उजागर हुए हैं। मियाके इवेंट नामक इस घटना में सौर कणों की इतनी शक्तिशाली बमबारी हुई थी कि ऐसी घटना यदि आज हुई होती तो इससे संचार उपग्रह तो नष्ट होते ही, साथ में दुनिया भर की बिजली ग्रिड को भी गंभीर नुकसान हुआ होता। यह दिलचस्प जानकारी पेरिस स्थित कॉलेज डी फ्रांस के जलवायु विज्ञानी एडुआर्ड बार्ड के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन से मिली है। उन्होंने फ्रांस के आल्प्स जंगलों में नदी के किनारे दबे पेड़ों के वलयों की जांच करके यह जानकारी दी है। ऐसा माना जाता है कि मियाके घटनाएं सूर्य द्वारा उत्सर्जित उच्च-ऊर्जा प्रोटॉन्स के परिणामस्वरूप होती हैं, क्योंकि आधुनिक समय में अभी तक ऐसी कोई भी घटना नहीं देखी गई है इसलिए वैज्ञानिक इस रहस्य को जानने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवेशित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।

विशेषज्ञों के अनुसार आखिरी ग्लेशियल मैक्सिमम के अंत में बर्फ की चादरों के पिघलने से नदियों का बहाव तेज हो गया। बहाव के साथ आने वाली तलछट के नीचे ऑक्सीजन विहीन पर्यावरण में पेड़ों के तने संरक्षित रहे। ये पेड़ आज भी सीधे खड़े हैं। 172 पेड़ों से लिए गए कार्बन-14 नमूनों का अध्ययन करने पर 14,300 साल पहले कार्बन-14 की अतिरिक्त मात्रा का पता चला। समय की सही गणना के लिए शोधकर्ताओं ने सौर गतिविधि के एक अन्य संकेतक-बर्फीली कोर में बेरीलियम-10 - अध्ययन किया और पाया कि कार्बन-14 और बेरीलियम-10 दोनों में वृद्धि एक ही समय दर्ज हुई हैं, जो अभूतपूर्व सौर गतिविधि का संकेत है।

फिलॉसॉफिकल ट्रांजेक्शन्स ऑफ रॉयल सोसायटी-ए में प्रकाशित यह खोज इसलिए दिलचस्प मानी जा रही है कि यह घटना अपेक्षाकृत शांत सौर हलचल के दौरान हुई। अनुमान है कि सूर्य की सतह के नीचे चुंबकीय क्षेत्र बनकर सौर तूफान के रूप में फूट गया होगा। वैज्ञानिक सौर तूफानों की आवृत्ति और उसके नतीजों को बेहतर समझने का प्रयास कर रहे हैं। आज प्रौद्योगिकी पर हमारी अत्यधिक निर्भरता के कारण इनके परिणाम घातक हो सकते हैं। संचार, पॉवर ग्रिड और जीपीएस पर निर्भर वित्तीय बाजार अधिक प्रभावित होंगे।

**स्रोत फीचर्स**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विचारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**



प्रयागराज। वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता।

## चीन ने हैनान के मुख्य बंदरगाह द्वीप पर शुरू किए विशेष कस्टम अभियान

**बीजिंग।** चीन ने हैनान के मुक्त व्यापार बंदरगाह (एफटीपी) पर विशेष सीमा शुल्क अभियान शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य विदेशी सामानों का आसान प्रवेश, बिना शुल्क दिए व्यापार और उसके अधिक अनुकूल उपायों लागू करना है। इस कदम को दुनियाभर में बढ़ते संरक्षणवाद के समय में मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और खुलेपन का विस्तार करने के चीन के चल रहे प्रयासों के तहत एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत 30000 वर्ग किमी से अधिक के इस द्वीप को एक विशेष कस्टम निगरानी क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले पर हमें बेवजह बदनाम किया: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि आस्ट्रेलिया में आतंकी हमले को लेकर उन्हें बेवजह बदनाम किया गया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इसे भारत-इजरायल जैसे दुश्मन देशों की साजिश बताया। मीडिया ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि हमलावर को पाकिस्तान से जोड़ने का मकसद देश की छवि को खराब करना था। उन्होंने कहा कि बिना किसी सबूत और दस्तावेज के पाकिस्तान पर आरा. प लगाए गए। तरार ने आरोप लगाया कि इस झूठी खबर को खासतौर पर भारत और इजरायल में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए फैलाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि झूठी खबरों से पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ।

# लंदन में मिले भारत के दो भगोड़े

## देश से फरार कारोबारी ललित मोदी ने ऐसे मनाया विजय माल्या का 70वां जन्मदिन

**लंदन।** देश से फरार कारोबारी ललित मोदी और विजय माल्या एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह है लंदन में हुई एक भव्य पार्टी, जिसमें ललित मोदी ने अपने दोस्त माल्या के 70वें जन्मदिन से पहले खास आयोजन किया।

भारत में जिन दोनों पर करोड़ों रुपये के घोटाले और कर्ज न चुकाने के आरोप हैं, वे विदेश में खुलकर जश्न मनाते नजर आए। पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी ने यह प्री-बर्थडे पार्टी अपने लंदन स्थित आल. ीशान घर में रखी। विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था। 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी। पार्टी की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर



विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था, 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी

जिम राइडेल ने सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने ललित मोदी और विजय माल्या की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि ललित ने अपने सुंदर घर में विजय माल्या के लिए शानदार प्री-70वां बर्थडे पार्टी रखी। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए ललित मोदी ने लिखा कि सभी मेहमानों का धन्यवाद, जिन्होंने उनके घर आकर उनके दोस्त विजय माल्या का जन्मदिन मनाया। इसके बाद विजय माल्या ने भी इस पोस्ट को रीट्वीट किया। इस पार्टी में मशहूर बिजने. सवुमन और बायोकान की संस्थापक किरण मजूमदार-शा भी मौजूद रहीं। इसके अलावा हालीवुड अभिनेता इद्रिस एल्बा और फेमस फैशन डिजाइनर मनोवीराज खोसला भी पार्टी में नजर आए। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में किरण मजूमदार-शा को कभी मनोव. ीराज खोसला के साथ खड़े देखा गया तो कभी वह इद्रिस एल्बा से बातचीत करती दिखीं। जिम राइडेल ने इंस्टाग्राम पर पार्टी का इनविटेशन कार्ड भी साझा किया। इस कार्ड में लिखा था कि रीमा और ललित अपने प्रिय मित्र विजय माल्या के सम्मान में एक ग्लैमरस शाम का आयोजन कर रहे हैं। कार्ड में विजय माल्या को 'किंग आफ गुड टाइम्स' कहा गया था। यह पहली बार नहीं है जब ललित मोदी और विजय माल्या साथ दिखे हों। इससे पहले 29 नवम्बर को ललित मोदी ने लंदन में अपना 63वां जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया था। यह पार्टी लंदन के मैफेयर इलाके के मशहूर मैडाक्स क्लब में आयोजित की गई थी। उस पार्टी में भी विजय माल्या शामिल हुए थे।

# भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता

## आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत, खाड़ी क्षेत्र में भारतीय उत्पादों के लिए खुला रास्ता

### मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान ने आज अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है।

व्यापारिक नजरिये से देखें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डालर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डालर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यह समझौता इन संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा। ओमान का सेवाओं का कुल आयात लगभग 12.52 अरब डालर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्रा 5.31 प्रतिशत है। यह समझौता इस गैप को भरने का काम करेगा। मोड 4 यानी पेश. ेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। 'इंट्रा-कारपोरेट ट्रांसफरीज' का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। इसे दो साल और विस्तार दिया जा सकता है। भारतीय कंपनियों के लिए 100 फीसदी एफडीआई का रास्ता साफ: आईटी, बिजनेस सर्विसेज, आडियो-विजुअल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) कर सकेंगी। शुल्क कटौती से एफटीए में कई क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। डेयरी, चाय, काफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी की ईंटें (इनस. सपवद) और स्क्रैप धातु जैसे संवे. दनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है। ओमान के निर्यात हितों वाले कुछ उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा (टीआरआईक्यू) उदारीकरण का रास्ताअपनाया है, ताकि घरेलू उद्योग प्रभावित न हों। ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण गेटवे (प्रवेश द्वार) है। ओमान में 6000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान काम कर रहे हैं। ब्रिटेन के बाद पिछले 6 महीनों में यह भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक समझौता है, जो भारत की आक्रामक वैश्विक व्यापार रणनीति का उदाहरण है। दोनों देशों ने भविष्य में ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने पर 'सामाजिक सुरक्षा समन्वय' पर चर्चा करने पर भी सहमति जताई है।

## पीएम मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान

**मस्कट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। ओमान ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें 'आर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया है। राजधानी मस्कट में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। पीएम मोदी अभी ओमान के दौरे पर है, जो उनके तीन देशों के दौरे का अंतिम पड़ाव है, वे आज ही ओमान से वापस स्वदेश लौटेंगे। वे 15 से 18 दिसम्बर के बीच जार्डन, इथियोपिया और ओमान के दौरे पर गए थे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया ने भी 'ग्रेट आनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया था। यह सम्मान इथियोपिया के प्रधानमंत्री डा. अबी अहमद अली ने उन्हें दिया था। बता दें कि पीएम मोदी इस सम्मान को पाने



द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मिला 'आर्डर ऑफ ओमान'

वाले दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है।

## भारत और नीदरलैंड रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और सहयोग बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्योगिकी तथा उद्योग के क्षेत्रा में सहयोग बढाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्राों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद थे। सिंह ने यहां वैन के साथ वार्ता की और दोनों देशों के बीच मजबूत तथा बढ़ती रक्षा साझेदारी की पुष्टि की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्राों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रणनी. तिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैन्य-से-सैन्य सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बातचीत के दौरान भारत और नीदरलैंड ने स्वतंत्रा, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्रा के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मंत्रियों ने घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को खासकर विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड की राजदूत सुमारिसा गेराड्र्स ने रक्षा सहयोग पर आशय पत्रा का आदान-प्रदान किया।

## दिल्ली से मुंबई तक भारत हार नहीं भूलेगा: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी सेना ने भारत को कभी न भूलने वाला सबक दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई तक भारत इस हार का दर्द कभी नहीं भूलेगा। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने देश की जनता की दुआओं से यह जीत हासिल की। उन्होंने यह बयान खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हरिपुर यूनिवर्सिटी में दिया।

शहबाज ने दावा किया कि 87 घंटे तक चले इस संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। साथ ही कई ड्रोन भी मार गिराए। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले का पाकिस्तान पर गलत इल्जाम लगाया है। इसके बाद उन्होंने हम पर सैन्य कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को टूरिस्टों पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। ये आतंकी पाकिस्तान से जुड़े थे। 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने टूरिस्ट्स पर गोली चलाई थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। शहबाज इससे पहले भी ऐसी बयानबाजी कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने सितम्बर में भारत के 7 विमान



पाकिस्तानी पीएम ने कहा: मोदी सरकार को सबक सिखाया, 6 लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया

गिराने का दावा किया था। उन्होंने यूएन में दिए गए भाषण में भारत पर पाकिस्तान की जीत का दावा किया था। शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत का कटरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही यूएन के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी सच साबित हुई। इस साल मई में बिना उकसावे के पाकिस्तान पर हमला हुआ।

## वेनेजुएला के साथ जंग की घोषणा कर सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ब्राडकास्टर टकर कार्लसन ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वेनेजुएला के साथ युद्ध की घोषणा कर सकते हैं। टकर कार्लसन ने यह बात अपने आनलाइन शो 'जजिंग फ्रीडम' में कही। उनके मुता. बिक, एक अमेरिकी सांसद ने उन्हें बताया कि सांसदों को ट्रम्प के संबोधन से पहले एक बंद कमरे में ब्रीफिंग दी गई थी।

इस ब्रीफिंग में कहा गया कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सैन्य टकराव की स्थिति बन सकती है और राष्ट्रपति इसे भाषण में सार्वजनिक कर सकते हैं। यह दावा ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से

- अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: वेनेजुएला ने हमारी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था, चुराई संपति वापस करे
- वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था

छीन लिया गया था। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला ने 1976 में अमेरिकी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था और उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली थी। ट्रम्प ने वेनेजुएला पर दबाव बढ़ाते हुए प्रतिबंधित तेल टैंकरों के वेनेजुएला आने-जाने पर पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया है। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर लिखा कि वेनेजुएला दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ी नौसेना घेराबंदी से घिरा हुआ है। यह घेराबंदी और बढ़ेगी, जब तक कि वेनेजुएला अमेरिका से चुराए गए तेल, जमीन और दूसरी संपत्तियों को वापस नहीं लौटाता। ट्रम्प का दावा है कि वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। दरअसल, 1976 में वेनेजुएला की सरकार ने (राष्ट्रपति कार्लोस आंद्रेस पेरेज के समय) पूरे तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसका मतलब था कि विदेशी तेल कंपनियां (ज्यादातर अमेरिकी, जैसे एक्सान, गल्फ आयल, मो. बिल आदि) जो दशकों से वहां तेल निकाल रही थीं, उनके सभी आपरेशंस और संपत्तियां वेनेजुएला की नई सरकारी कंपनी पेट्रोलियोस डे वेनेजुएला (पीडीवीएसए) के पास चली गईं।

## इजरायल, मिस्र के बीच ऐतिहासिक गैस निर्यात समझौता

**काहिरा।** इजरायल ने मिस्र के साथ देश के इतिहास का सबसे बड़ा गैस निर्यात समझौता किया है, जिसकी कीमत 112 बिलियन शेकेल (34.6 बिलियन डॉलर) है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल के प्रिय नागरिकों, आज मैंने इजरायल के इतिहास के सबसे बड़े गैस सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदे 112 बिलियन शेकेल का है। इसमें से 58 बिलियन शेकेल (17.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर) सरकारी खजाने में जाएंगे। अमे. रिकी कंपनी शेवरॉन के साथ हुए इस सौदे में इजरायली भागीदार भी शामिल हैं और वे मिस्र को गैस की आपूर्ति करेंगे।

# हिजाब विवाद पर पाकिस्तान का आया बयान

## इस्लामाबाद ने भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया

**इस्लामाबाद।** भारतीय राज्य बिहार में मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार से जुड़े एक विवादित वीडियो को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब कथित तौर पर जबरन हटाने की घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान ने इसे भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने गुरुवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि एक वरिष्ठ राजनी. तिक नेता द्वारा सार्वजनिक मंच पर एक मुस्लिम महिला का हिजाब जबरन हटाना और फिर उसका मज़ाक उड़ाया जाना बेहद चिंता. जनक है और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पत्राकारों से बात करते हुए कहा: इस तरह की घटनाएं भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुस्लिम समुदाय के साथ हो रहे



यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ

दुर्व्यवहार को दर्शाती हैं। पाकिस्तान ने भारत सरकार से अपील की कि वह इस घटना की गंभीरता को समझे, अल्पसंख्यकों के अधिक. ारों की रक्षा करे, धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करे और मानवीय गरिमा को सुरक्षित रखे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब हटाते नजर आ रहे हैं। यह घटना 15 दिसम्बर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक नियुक्ति पत्रा वितरण समारोह के दौरान हुई, जहां डाक्टरों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे थे। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम की तस्वीरें अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं, लेकिन जिस महिला डाक्टर का हिजाब हटाने का आरोप है, उसकी तस्वीरें पोस्ट में शामिल नहीं हैं। वीडियो सामने आने के बाद देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। घटना के बाद विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों ने मुख्यमंत्री के व्यवहार को असंवेदनशील और अपमानजनक बताया। कई लोगों का कहना है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे नेता से इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती, खासकर जब मामला धार्मिक आस्था और व्यक्तिगत सम्मान से जुड़ा हो।







# 'टैरिफ' मेरा फेवरेट अंग्रेजी शब्द: ट्रम्प

## कहा: इससे 8 जंग रुकवाई, अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि टैरिफ अंग्रेजी का उनका फेवरेट शब्द है। ट्रम्प ने दावा किया कि इसकी मदद से उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 महीनों में दुनिया भर में 8 युद्धों को रोका। ट्रम्प ने अपने कार्यकाल के 11 महीने पूरे होने पर व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित किया। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता छोड़ते समय उन्हें एक बड़ा संकट सौंपा था।

ट्रम्प ने अमेरिका में महंगाई के मुद्दे को नजर. अंदाज करते हुए जोर दिया कि कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि टैरिफ की वजह से अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया है। वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने ट्रम्प के भाषण की आलोचना की है। सांसद



विपक्ष बोला: राष्ट्रपति सिर्फ 'मैं' 'मैं' करते हैं

क्रिस वैन होलेन ने कहा कि आज रात ट्रम्प ने कितने झूठ बोले, इसका हिसाब रखना तो मुश्किल है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रम्प पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राष्ट्रपति के भाषण में सिर्फ एक शब्द सुनाई दिया, मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अब दुनिया अमेरिका का मजाक नहीं उड़ाती, बल्कि उसका सम्मान करती है। ट्रम्प ने आगे कहा कि हमारा राष्ट्र मजबूत है। अमेरिका का सम्मान है, और हमारा देश पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा है। हम एक ऐसे आर्थिक उछाल के लिए तैयार हैं जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। ट्रम्प ने अपने भाषण में महंगाई और जीवन यापन पर ज्यादा बात नहीं की। हालांकि उन्होंने कहा कि किराने का सामान, कारें और अन्य वस्तुओं की कीमतें नीचे आ रही हैं। अपनी खास नीतियों से बढ़ी महंगाई को वे ठीक कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ऊर्जा और भोजन की कीमतें अब नियंत्राण में आ रही हैं। हालांकि, आधिका. रिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भोजन और ऊर्जा की कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं। ट्रम्प की टैरिफ नीतियों को भी कीमतें बढ़ाने का एक कारण बताया जा रहा है, हालांकि वे इन्हें देश के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत बताते हैं।

## कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष में अब तक 18 नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर जारी झड़पों के बीच कंबोडिया में नागरिकों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 18 हो गया है। कंबोडिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता टच सोखक ने गुरुवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार शाम 6 बजे तक संघर्ष में मारे गए कंबोडियाई नागरिकों की कुल संख्या 18 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। सोखक ने कहा कि विस्थापित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 144066 परिवारों तक पहुंच गई है, जिसमें 476179 व्यक्ति शामिल हैं। इनमें 240000 से अधिक महिलाएं और लगभग 130000 बच्चे शामिल हैं।